



# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, गुरुवार 28 मई 2026


# सराफा कारोबारी के हत्यारों को दबोचने सीमाएं सील, गुस्से में बंद रहा पेंड्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा


**हरिभूमि फॉलोअप**

सर्राफा व्यापारी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की वारदात के बाद पूरे जिले के लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। भरे बाजार में हुई इस जघन्य वारदात के विरोध में व्यापारियों और आम लोगों का ▶▶| शेष पेज 8 पर

## दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या के बाद पूरे जिले में आक्रोश

### मौजूद रहा पुलिस बल

पोस्टमार्टम के बाद एक बार फिर शव को दुर्गा चौक में रखकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भारी भीड़ और पुलिस बल मौजूद रहा। प्रदर्शन में बिलासपुर के पूर्व विधायक शैलेश पांडेय भी शामिल हुए। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। उन्होंने मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग भी की।



### सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे घटनास्थल

घटना की जानकारी मिलते ही सराफा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष कमल सोनी आईजी के साथ घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। प्रदेश अध्यक्ष श्री सोनी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ▶▶| शेष पेज 8 पर

### हत्यारों का कोई सुराग नहीं, बाहरी गिरोह पर संदेह

आईजी रामगोपाल गर्ग ने सराफा व्यापरी की हत्याकांड की जांच के लिए प्रभारी एसपी अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में अलग अलग 9 टीम गठित की हैं। सभी टीमों को अलग अलग जांच का जिम्मा सौंपा गया है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस को हत्यारों के भागने का सीसीटीवी फुटेज नहीं मिला लेकिन घटना स्थल के आसपास और बैरियर के पास फुटेज मिले हैं, जिसमें हेलमेट लगाए बाइक सवार दिखाई दे रहे हैं।पुलिस अभी इसकी बारीकी से जांच कर रही है। हत्यारों के मरवाही होते हुए भागने की बात सामने आ रही है। उसी आधार पर पुलिस की एक टीम मध्य प्रदेश व दूसरी टीम कोरबा पसान क्षेत्र में हत्यारों का सुराग लगा रही है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस पल्सर सवार हत्यारों का सुराग नहीं लगा पाई है।

### आरोपियों की तलाश जारी

बताया जा रहा है कि बिलासपुर आईजी के नेतृत्व में आरोपियों की तलाश जारी है। आईजी ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर कहा है कि हमारी पुलिस की पूरी टीम इस पर कार्य कर रही है, जल्द ही हमें सफलता मिलेगी। वहीं इस घटना को लेकर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राज्य सरकार पर हमला बोला है।

### पीड़ित परिवार से मिले कांग्रेस अध्यक्ष बैज

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पेंड्रा पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर मृतक को श्रद्धांजलि दी। दीपक बैज ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जैसे शांत जिले में इस तरह की वारदात होना पूरे प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। इस घटना से हम लोगों को भी बहुत तकलीफ हुई है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है। सरकार पूरी तरह फेल हो चुकी है।

### चक्काजाम समाप्त

करीब एक घंटे तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद पुलिस के आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त किया गया। इसके बाद मृतक प्रदीप सोनी के शव को घर ले जाया गया, जहां स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

---

## वैकल्पिक खाद पर किसानों का भरोसा कम, पैदावार घटने की शिकायत

# खाड़ी के युद्ध से खेती-बाड़ी में आग



धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ राज्य में इस बार मानसूनी बादलों की दस्तक के पहले ही खाद संकट को लेकर चिंताजनक हालात निर्मित हो गए हैं। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे माल का आयात नहीं होने से निर्मित यूरिया, डीएपी खाद के संकट के बीच नई खाद नीति और सोसाइटियों के नए नियमों से अन्नदाता हलाकान हैं।



**हरिभूमि लाइव**

**राजनांदगांव से सचिन अग्रहरि के साथ कवर्धा से महेश मिश्रा और दुर्ग-भिलाई से संदीप उपाध्याय, देवीलाल साहू की रिपोर्ट**

मैदानी स्तर पर किसान खाद की किल्लत, कोटे में कटौती और सोसायटियों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। दुर्ग संभाग के सात जिलों के आंकड़ों की माने तो निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले अभी तक सिर्फ 42 फीसदी खाद का भंडारण हुआ है। वहीं सोसाईटियो से किसानों तक महज ढाई फीसदी खाद का वितरण हो पाया है। नौतपा का आगाज होने के साथ ही किसान अब खरीफ फसल की तैयारियों को लेकर जुट गए हैं। खेतों में साफ सफाई के साथ साथ खाद और बीज के लिए सोसाइटियों में किसानों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। ▶▶| शेष पेज 8 पर

## खाद की कमी, तरसी जमीं

### खाद संकट और बढ़ती लागत से खेती पर गहराता संकट

**कवर्धा।** दुर्ग संभाग के सातों जिलों में खेती लगातार महंगी होती जा रही है। खाद, बीज और कीटनाशकों की बढ़ती कीमतों के साथ मजदूरों की कमी और समय पर खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। आगामी खरीफ सीजन को लेकर किसानों में चिंता है कि यदि खाद संकट गहराया तो कृषि उत्पादन प्रभावित होगा। किसानों का कहना है कि खेती की लागत लगातार बढ़ रही है, जबकि उत्पादन और लाभ उस अनुपात में नहीं बढ़ पा रहे हैं। पारंपरिक अधिया व्यवस्था भी कमजोर पड़ रही है क्योंकि मजदूर और अधियादार मिलना मुश्किल हो गया है। कबीरधाम जिले में धान के साथ गन्ने का रकबा बढ़ने से खाद और पानी की मांग भी बढ़ी है। कृषि विभाग का कहना है कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को बढ़ावा देने तथा खाद ▶▶| शेष पेज 8 पर



| खाद का नाम | लक्ष्य | भंडारण |
|---|---|---|
| यूरिया | 185850 | 74756 |
| डीएपी | 87300 | 21930 |
| एएसपी | 67100 | 28774 |
| एमओपी | 30700 | 16391 |
| एनपीके | 76800 | 43409 |
| कुल | 447750 | 185261 |

(यह आंकड़े दुर्ग संभाग के सात जिलों के मीट्रिक टन में है)

### नैनो पर भरोसा नहीं

सरकार रासायनिक खादों की कमी को पूरा करने के लिए नैनो यूरिया और जैविक विकल्पों पर जोर दे रही है। हालांकि संभाग के अंदरूनी इलाकों में किसानों के पास इसके छिड़काव के लिए आधुनिक संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। कवर्धा के किसान संतोष चंद्रवंशी का साफ कहना है कि ▶▶| शेष पेज 8 पर

### 30 फीसदी तक उत्पादन में कमी

**दुर्ग-भिलाई।** छत्तीसगढ़ में डीएपी और यूरिया की कमी के बीच किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एनपीके और एसएसपी जैसे वैकल्पिक खादों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि किसानों का कहना है कि इन खादों के इस्तेमाल से धान की पैदावार प्रभावित हो रही है। किसानों के अनुसार पारंपरिक सॉलिड खाद की तुलना में वैकल्पिक खाद पर्याप्त पोषण नहीं दे पा रहे हैं, जिससे उत्पादन में करीब 30 प्रतिशत तक कमी आ रही है। किसानों का कहना है कि धान की बुवाई के समय फास्फोरस और नाइट्रोजन की पर्याप्त जरूरत होती है, जिसे नैनो खाद पूरी तरह पूरा नहीं कर पा रहे हैं। उनका दावा है कि नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से पौधों की बढ़वार और ▶▶| शेष पेज 8पर






# भारी गर्मी और ड्यूटी के तनाव से जूनियर डाक्टरों को राहत दे रहा 'बोरे बासी', पीजी मेस में विशेष इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारी गर्मी के बीच उपचार करने की ड्यूटी और पढ़ाई के तनाव से जूनियर डाक्टरों को 'बोरे बासी' राहत दे रहा है। गर्मी के मौसम का विशेष ध्यान रखते हुए जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की पहल पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के पीजी हास्टल मेस में इसका विशेष इंतजाम किया जा रहा है। बोरे बासी के साथ तड़का लगा दही इसका स्वाद स्थानीय के साथ दूसरे राज्यों से पढ़ाई के लिए आने जूनियर डाक्टरों को भी भा रहा है।

जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की विशेष डिमांड पर संभवतः मेडिकल कालेज के इतिहास में पहली बार पीजी डाक्टरों के खाने के मेनू में छत्तीसगढ़ी खानपान को शामिल किया गया है। पीजी डाक्टरों के मुताबिक मेस में सामान्यतः रोटी, चावल, दाल के साथ अलग-अलग सब्जी परोसी जाती है। गर्मी के दौरान मसालेदार खाना थोड़ा जोखिम भरा हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. रेशम सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों ने खाने के मेनू में बोरे बासी को शामिल करने की पहल की। इसे तैयार करने में कोई विशेष मेहनत की जरूरत नहीं थी, इसलिए मेस का संचालन करने वाले ने तुरंत सहमति दे दी। काफी दिनों से खाने के अन्य व्यंजनों के साथ छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खाना बोरे-बासी को तड़का लगे दही के साथ परोसा जा रहा है जो जूनियर डाक्टरों की विशेष पसंद बना हुआ है। यह डाक्टरों को डिहाईड्रेशन से बचा रहा है, साथ ही भारी-भरकम आईली और मसालेदार खाने का बेहतर विकल्प दे रहा है।

### शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के हास्टल में जूडा एसोसिएशन की डिमांड पर अनूठी पहल

#### कटोरा नहीं इसलिए प्लेट से चला रहे काम

जूडा सूत्रों के मुताबिक मेस में प्रतिदिन सौ से ज्यादा पीजी डाक्टरों के खाने का इंतजाम किया जाता है। इतनी बड़ी संख्या में बोरे-बासी खाने के लिए कटोरे की व्यवस्था करना मुश्किल था, इसलिए जूनियर डाक्टर खाने की थाली और प्लेट में ही इस छत्तीसगढ़ी खानपान का मजा ले रहे हैं। जूनियर डाक्टरों को परोसा जाने वाला बोरे-बासी सोशल मीडिया में भी खूब पसंद किया जा रहा है।




#### छत्तीसगढ़ की संस्कृति और स्वास्थ्य का प्रतीक

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और खान-पान में "बोर-बासी" का विशेष महत्व रहा है। यह केवल एक पारंपरिक भोजन नहीं, बल्कि प्रदेश की मेहनतकश संस्कृति, प्रकृति से जुड़ाव और स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली का प्रतीक है। बोरे-बासी हमारे पूर्वजों की वैज्ञानिक सोच और संतुलित आहार व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है। चावल को रातभर पानी में भिगोकर तैयार किया जाने वाला बोर-बासी प्राकृतिक प्रोबायोटिक गुणों से भरपूर होता है, जो शरीर के लिए लाभकारी बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए मेस के मेनू में इसे शामिल करने की पहल की गई थी। जिसे सभी जूनियर डाक्टर पसंद कर रहे हैं।

- डॉ. रेशम सिंह
अध्यक्ष, जूनियर डाक्टर एसोसिएशन

### पड़ोसी राज्यों से आने वाली शराब पर रोक लगाने के दिए निर्देश

# मंत्री ने अफसरों से पूछा- आबकारी एसआई एवं नीचे का अमला अवैध शराब बेचने वालों से मिला तो नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

*प्रदेश के वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री लखन लाल देवांगन ने आबकारी आयुक्त कार्यालय में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और आगामी महीनों के लिए जिलेवार विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आबकारी मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति के लिए ठोस रणनीति अपनाने, दुकानवार समीक्षा करने और अनुशासन के साथ कार्य संपादन के निर्देश दिए।*

आबकारी मंत्री ने राज्य की अंतरराज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी जांच चौकियों को अन्य राज्यों की मदिरा के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने और सीसीटीवी कैमरों के सुचारू संचालन की निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला अधिकारियों से कहा, मदिरा के अवैध परिवहन एवं बिक्री पर कोचियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें। सभी जिला अधिकारी यह सुनिश्चित करें आबकारी उपनिरीक्षक एवं नीचे का अमला अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरूद्ध समझौता न करें। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के दौरान कई जगहों पर अवैध शराब की बिक्री की शिकायतें आने के बाद विभाग ने इसकी समीक्षा की।




#### मांग के अनुरूप स्टॉक पर दें ध्यान

इसके अलावा विभाग में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा, मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार मदिरा स्टाक का संधारण सुनिश्चित करें। मदिरा दुकानों में उपभोक्ताओं के मांग के अनुरूप मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर बिक्री न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा, मदिरा दुकानों में नियम और अनुशासन का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। दुकानों में उपलब्ध मदिरा को नियमानुसार दरों सहित रैकों में प्रदर्शित करने कहा गया, ताकि उपभोक्ताओं को पारदर्शिता और सुविधा मिल सके।

#### बार, क्लबों, होटलों और ढाबों की करें जांच

आबकारी सचिव श्रीमती कंगाले ने प्रदेश में संचालित बारों, क्लबों, होटलों और ढाबों की आकस्मिक जांच करने तथा समय पश्चात संचालन अथवा अवैध मदिरा विक्रय करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध मदिरा एवं अन्य मादक पदार्थों के निर्माण, परिवहन, तस्करी और विक्रय पर सख्त नियंत्रण रखने हेतु आवश्यकता पड़ने पर पुलिस विभाग से सहयोग लेने के निर्देश दिए गए।

#### लक्ष्य से पीछे चल रहे जिलों पर दें ध्यान

मंत्री ने बैठक में राजस्व लक्ष्य की जिलेवार समीक्षा करते हुए जिन जिलों ने अब तक लक्ष्य की प्राप्ति की है, उन्हें सतत कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए। वहीं लक्ष्य से पीछे चल रहे जिलों को इसके कारणों की दुकानवार समीक्षा कर कमी की पूर्ति हेतु विस्तृत कार्य-योजना बनाकर तत्परता से अमल में लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों को इस बात की स्पष्ट हिदायत दी कि मदिरा में किसी प्रकार की मिलावट न होने पाए। इसके लिए सभी जिला अधिकारियों को समय-समय पर आकस्मिक निरीक्षण करने और वहां पाई गई अनियमितताओं पर तत्काल कार्रवाई और दोषी कर्मचारियों को तत्काल कार्यमुक्त कर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, दुकानों में पेटीएम या अन्य कैशलेस भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पृथक काउंटर की व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए।

# रिटायरमेंट के बाद भी नहीं बच पाएंगे भ्रष्टाचारी, रुकेगी पेंशन, होगी वसूली

- लोक आयोग ने क्यों कहा- भ्रष्टाचार-कुप्रशासन का अवसर प्राप्त होता है
- सरकार ने कहा लोक आयोग के निर्देश का सभी विभाग करें पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब रिटायरमेंट के बाद भी भी गंभीर वित्तीय अनियमितता करने वाले शासकीय राशि का गबन, सरकारी धन का दुरपयोग करने वाले भ्रष्टाचारी अधिकारी कर्मचारी अब बच नहीं पाएंगे। दरअसल छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सरकार को इस बात से अवगत कराया है कि भ्रष्टाचार करने वाले अफसर कर्मी यदि रिटायर हो जाते हैं, तो उनके खिलाफ छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के तहत विभागीय जांच नहीं की जा सकती। प्रकरण समाप्त कर दिया जाता है, लेकिन नियम में ये भी प्रावधान है कि राज्यपाल को ऐसे अफसर कर्मियों की पेंशन रोकने और बकाया राशि वसूलने का अधिकार है। विभागों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है।

इस मामले को लेकर छ्तीसगढ़ सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य के समस्त विभागों, सभी विभागाध्यक्ष, सभी संभागायुक्त, सभी कलेक्टेर, और सभी पुलिस अधीक्षकों को आदेश जारी किया है कि वे लोक आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।ये है मामलायह निर्देश छत्तीसगढ़ लोक आयोग की ओर से दिए गए सुझाव के आधार पर जारी किए गए हैं। लोक आयोग ने कहा है कि कई मामलों में विभागीय जांच लंबित रहने के दौरान आरोपी अधिकारी या कर्मचारी सेवानिवृत्त हो जाते हैं और बाद में तकनीकी आधार पर प्रकरण बंद कर दिए जाते हैं। इससे भ्रष्टाचार और कुप्रशासन को बढ़ावा मिलता है।



#### पेंशन रोकने और वसूली के नियमों पर जोर

लोक आयोग ने स्पष्ट किया है छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के नियम 8 और नियम 9 के तहत गंभीर मामलों में पेंशन रोकने या वापस लेने का अधिकार राज्यपाल को है। वहीं नियम 65 में शासकीय बकाया की वसूली और समायोजन का प्रावधान भी मौजूद है। आयोग का कहना है कि विभाग इन प्रावधानों का प्रभावी उपयोग नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण भ्रष्टाचार और कुप्रशासन को बढ़ावा मिल रहा है।

#### लोक आयोग ने जताई चिंता

लोक आयोग ने अपने सुझाव में कहा है कि आयोग में आने वाली जांचें विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन और शिकायतों पर आधारित होती हैं। लेकिन कई बार विभाग गंभीर शिकायतों की जांच को लंबित रखते हैं, जिसके कारण आरोपी अधिकारी रिटायर हो जाते हैं। इसके बाद विभाग अक्सर यह कहते हुए कार्रवाई समाप्त कर देते हैं कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के तहत सेवानिवृत्ति से चार वर्ष पहले की घटनाओं पर विभागीय जांच शुरू नहीं की जा सकती। आयोग ने कहा है कि इस वजह से सरकारी धन की वसूली नहीं हो पाती और दोषी कर्मचारियों पर प्रभावी कार्रवाई भी नहीं होती।

#### रिटायर अफसरों पर भी कार्रवाई की सिफारिश

लोक आयोग ने सुझाव दिया है कि जिन अधिकारियों या कर्मचारियों पर गंभीर वित्तीय अनियमितता या सरकारी धन के दुरुपयोग के आरोप हैं और वे सेवानिवृत्त हो चुके हैं या होने वाले हैं, उनके मामलों में राज्यपाल से अनुमति लेकर पेंशन रोकने अथवा वापस लेने की कार्रवाई की जाए। इसके अलावा सरकारी धन की क्षति की वसूली के लिए पेंशन नियम 65 के तहत कार्रवाई करने की भी अनुशंसा की गई है। आयोग ने कहा है कि इससे आर्थिक नुकसान पहुंचाने वाले अधिकारियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई संभव होगी।

# स्कूलों में अब हाई स्पीड इंटरनेट ड्रॉपआउट रोकने छात्रों की होगी ट्रैकिंग



रायपुर। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत इस बार स्कूलों में विकास कार्य के अतिरिक्त लर्निंग आउटकम तथा ड्रॉपआउट छात्रों पर भी विशेष फोकस किया जाएगा। इसके लिए बजट में प्रावधान भी किए जाएंगे। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रालय में छत्तीसगढ़ समग्र शिक्षा कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वार्षिक कार्य योजना और बजट वर्ष 2026-27 का प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी तरह से समग्र शिक्षा अंतर्गत स्वीकृत नवीन कार्यों का युक्तियुक्तकरण उपरांत स्थल परिवर्तन एवं विविध बिन्दुओं के प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत अनुमोदित किए गए। स्कूल शिक्षा विभाग अंतर्गत विविध निर्माण कार्यों को शाला प्रबंधन समिति के माध्यम से कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्तावों पर चर्चा हुई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट प्लान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। शिक्षा की गुणवत्ता, पहुंच और समावेशी विकास पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि बजट प्लान में केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि लर्निंग आउटकम सुधारने वाले नवाचारों को प्राथमिकता दी जाए। हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, इसके लिए स्कूलों में संसाधन, शिक्षक और तकनीक तीनों मजबूत करने की कोशिश की जाएगी।

#### स्मार्ट क्लासरूम का विस्तार

स्कूलों में छात्रों के ड्राप आउट की स्थिति पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। माध्यमिक-उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और आईसीटी लैब स्थापित होंगी। वर्तमान में स्मार्ट क्लासरूम कुछ ही स्कूलों तक सीमित है। लेकिन अब इसे अधिकतर स्कूलों तक ले जाने का प्रयत्न किया जाएगा। सभी स्कूलों में हाई-स्पीड इंटरनेट की व्यवस्था होगी। ड्रॉपआउट रोकथाम कक्षा 1, 8 और 10 में ड्रॉपआउट दर शून्य करने के लिए विशेष ट्रैकिंग सिस्टम बनेगा। शाला त्यागी बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए ब्रिज कोर्स चलेंगे।

#### गणित-विज्ञान-अंग्रेजी के लिए मास्टर ट्रेनर पूल

राष्ट्रीय शिक्षा नीति अनुसार सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गणित-विज्ञान-अंग्रेजी के लिए विशेष मास्टर ट्रेनर पूल तैयार होगा। बुनियादी सुविधा जरूरत वाले स्कूलों में अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, बालिका शौचालय, पेयजल, बिजली और बाउंड्रीवॉल के काम प्राथमिकता से होंगे। समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए संसाधन कक्ष, थेरेपी यूनिट और विशेष टीएलएम का प्रावधान बजट में रखा जाएगा। कौशल विकासरू कक्षा 9 से 12 तक वोकेशनल एजुकेशन को मजबूत किया जाएगा। कृषि, आईटी, हेल्थकेयर और टूरिज्म जैसे ट्रेड में स्थानीय जरूरत के अनुसार कोर्स चलेंगे।

### कोर्ट ने शासन को कानून अनुसार कार्रवाई करने दी छूट

# हाईकोर्ट ने बेजा कब्जा करने वालों को अंतरिम राहत देने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट की अवकाशकालीन बेंच ने सरगुजा के महामाया पहाड़ और डबरीपानी संरक्षित वन भूमि पर बेजा कब्जा करने वालों की अंतरिम राहत आवेदन को खारिज कर दिया है। आवेदन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई निर्धारित की है।

सरगुजा के महामाया पहाड़ और डबरीपानी रिजर्व फारेस्ट इलाके में रशीदा खातून व अन्य कई सालों से बेजा कब्जा कर मकान बनाकर रह रहे हैं। राजस्व विभाग व वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में एक सप्ताह का समय दिया गया था। याचिकाकर्ता के वकील ने हाईकोर्ट में कार्रवाई पर रोक लगाने अर्जेंट हिरिंग आवेदन दिया था। याचिका में कहा गया कि पिटीशनर्स को 17 मार्च 2026 को नोटिस



जारी होने की तारीख से 7 दिनों के अंदर उस जमीन से अपना कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर रेस्पोंडेंट अथॉरिटीज पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन की मदद से पिटीशनर्स का कब्जा हटवा देंगी। पिटीशनर्स के वकील का कहना है कि पिटीशनर्स का उस जमीन पर 15-20 साल से कब्जा है। लेकिन डिवीजन फारेस्ट आफिसर ने 25 जनवरी 2025 को पिटीनशर्स के फाइल किए गए जरूरी डाक्यूमेंटस की ठीक से जांच किए बिना एक आर्डर पास किया है जिसमें कहा गया है कि पिटीशनर्स अपने जमा किए गए डाक्यूमेंटस के आधार पर उस फारेस्ट जमीन पर अपना अधिकार और मालिकाना हक साबित करने में नाकाम रहे हैं। शासन के वकील का कहना था कि उस फारेस्ट जमीन के संबंध में पिटीशनर्स के पक्ष में कोई अलाटमेंट नहीं हुआ है। पिटीशनर्स ने जंगल की जमीन पर कब्जा कर लिया है और उन्हें बेदखल करने का आर्डर सही तरीके से पास किया गया है। जस्टिस एनके व्यास के वेकेशन बेंच ने कहा कि हमने मामले के फैक्टस और हालात देखे पिटीशनर भी रेस्पोंडेंट अथारिटीज के सामने कोई भी ऐसा डाक्यूमेंटस पेश करने में नाकाम रहे हैं जिससे यह साबित हो सकें कि उस जंगल की जमीन पर उनका हक और मालिकाना हक है। इन सभी मामलों में पिटीशनर्स के पक्ष में कोई अंतरिम राहत देने के लिए कोर्ट तैयार नहीं है इसलिए अंतरिम राहत देने की एप्लीकेशन खारिज की जाती है।

# फुंडहर में करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जा, प्रशासन ने कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर कब्जा करने के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। इन मामलों में शिकायत आने के बाद ही नगर निगम और प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में जोन-9 अंतर्गत फुंडहर में करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन पर किए गए कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे मुक्त कराया।

- 5 हजार वर्गफीट से अधिक शासकीय जमीन पर बना दी थी बाउंड्रीवॉल

नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने बताया कि फुंडहर इलाके में खसरा नंबर 192 के रकबा 0.3840 हेक्टेयर के भाग 0.1890 हेक्टेयर तथा खसरा नंबर 193 के रकबा 0.2310 हेक्टेयर के भाग 0.0290 हेक्टेयर में कब्जा वालफोर्ट सिटी भाठागांव निवासी अतुल डागा ने कब्जा कर बाउंड्रीवाल किया था। इसकी शिकायत पर जमीन का सीमांकन किया। सीमांकन में पता चला कि कुल 0.0479 हेक्टेयर (5155 वर्गफुट) पर अतुल ने कब्जा कर रखा है। अतुल की सरकारी जमीन से लगी हुई जमीन है। सीमांकन का प्रतिवेदन न्यायालय में पेश किया, जिसकी सुनवाई के बाद अब इस मामले में सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

### मालखाना में रखे जब्त सामान के रिकार्ड की जानकारी बारकोड से मिलेगी

# मालखाना की अब होगी ई-ट्रैकिंग, कोतवाली में राज्य का पहला ई-मालखाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस के मालखाना में रखे धूल खा रहे सामान की तलाश करने पुलिस को मशक्कत करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मालखाना में रखे समान की जानकारी पुलिस को अब एक क्लिक पर मिलेगी। इसके लिए नारायणपुर के एसपी रॉबिन्सन गुरिया द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर से राज्य पुलिस के साथ पुलिस कमिश्नरेट के कोतवाली थाना का मालखाना ऐसा पहला मालखाना बना है, जिसे पुलिस ने ई-मालखाना में कन्वर्ट किया है। ई-मालखाना का उद्घाटन एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले ने बुधघवार को किया। उद्घाटन के बाद ई-मालखाना की कार्यप्रणाली का विस्तृत डेमो प्रस्तुत किया गया, जिसमें जप्त सामग्री के डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवाइज संधारण तथा रिकॉर्ड ट्रैकिंग प्रणाली की जानकारी दी गई। डेमो के दौरान डीसीपी सेंट्रल जोन उमेश प्रसाद गुप्ता , डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर, एडिशनल डीसीपी तारकेश्वर पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने उपस्थित रहकर प्रणाली का अवलोकन एवं समीक्षा की। ई-मालखाना प्रणाली लागू करने से पूर्व थाना में उपलब्ध समस्त जप्त माल का विस्तृत भौतिक सत्यापन कराया गया। इसके बाद मालखाने का रैकवाइज वैज्ञानिक संधारण करते हुए ए-1, ए-2, बी-1, बी-2 आदि श्रेणियों में व्यवस्थित वर्गीकरण किया गया, ताकि प्रत्येक सामग्री का रिकॉर्ड एवं उसकी लोकेशन आसानी से चिन्हित की जा सके।

- पुलिस कमिश्नरेट के सभी थानों के मालखानों को धीरे-धीरे अपडेट किया जाएगा



#### पूरे पुलिस कमिश्नरेट में लागू किया जाएगा

एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के सभी तीनों जोन के थानों के मालखाना को ई-मालखाना में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए सभी जोन के एक-एक थाने का चयन कर ई-मालखाना में तब्दील किया जाएगा।

#### जब्त सामान की पहचान के साथ ट्रैकिंग बारकोड से

माल खाना में जब्त सामान की पहचान के साथ ट्रैकिंग बारकोड से होगी। जैसे पुलिस ने कोई माल जब्त किया है, उस माल की जब्ती तारीख से लेकर किस पुलिस अधिकारी या कर्मी ने जब्त किया है, उस पुलिस अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर सहित दर्ज होगा। इसके साथ ही जब्त माल की फोटो अपलोड की जाएगी। अगर कोई माल फोरेंसिक जांच के लिए या कोर्ट में पेश किया जाएगा, उसमें माल ले जाने वाले पुलिसकर्मी का नाम और कब ले गया है, इन सबका डिजिटल विवरण रहेगा। इससे मालखाना में रखे सामान की मिसिंग नहीं होगी।

#### ई-मालखाना का ऐसा आया विचार

ई-मालखाना का सॉफ्टवेयर तैयार करने वाले आईपीएस अधिकारी रॉबिन्सन गुरिया के अनुसार जब वे अंबिकापुर, लखनपुर थाना के प्रभारी थे, एक हत्या के प्रकरण में कोर्ट में चाकू पेश करना था। मालखाना में रखे चाकू को ढूंढने में मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद पुलिस अफसर को लगा कि मालखाना में रखे सामान की आसानी से पहचान हो सके, इसके लिए उन्होंने एक साफ्टवेयर तैयार किया। पुलिस अफसर के साफ्टवेयर को उनके कई बैचमेंट जो अब महाराष्ट्र, बिहार में पदस्थ हैं, प्रभावित होकर अपने यहां भी ले गए हैं।

बिलासपुर, गुरुवार 28 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी | वर्ष : 26, अंक : 67 | पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5 .00*** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




कमिंस के ओवर में मारी सिक्स की हैट्रिक

# वैभव बने 'सिक्सर किंग'

एजेंसी ▶▶ न्यू चंडीगढ़

वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में इतिहास रच दिया है। उन्होंने 15वें मैच में ही 60 छक्के पूरे करते हुए क्रिस गेल का महारिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने 14 साल पुराना यूनिवर्स बॉस का रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के एक आईपीएल सीजन में लगाते हुए इतिहास रचा था। अब 15 वर्षीय वैभव ने यह रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। साथ ही आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास में सबसे तेज पचासे का रिकॉर्ड भी उन्होंने अपने नाम किया।

मैच में विस्फोटक शुरुआत करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने महज 16 गेंदों में अपना ▶▶शेष पेज 8 पर

### गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

अपनी इस पारी के दौरान वैभव ने एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का क्रिस गेल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। गेल ने साल 2012 में 59 छक्के जड़े थे लेकिन वैभव ने इस सीजन में अब तक 61 छक्के उड़ाकर इस महारिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है। इस सूची में आंद्रे रसेल (52 छक्के) और जोस बटलर (45 छक्के) जैसे नामचीन पावर-हिटर्स अब इस 15 साल के लड़के से काफी पीछे छूट गए हैं।




## खबर संक्षेप

### आईटी पेशेवर, बैंक अफसर समेत आठ पर शिकंजा

**इंदौर।** इंदौर में पुलिस ने आईपीएल के मुकाबलों पर ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए आईटी पेशेवर और बैंक अधिकारी समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान कुणाल दास (28), राजेन्द्र दास (23), रामास्वामी (31), चिन्मय कुमार साहू (24) आनंद प्रधान के रूप में हुई है।



### पति को जिंदा जलाया पत्नी सहित दो गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में पति को जिंदा जलाने के मामले में पुलिस ने पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस घटना के पीछे का कारण कथित तौर पर अवैध संबंध है। पीड़ित का बस्ती मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में उपचार जारी है। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के रेहरा गांव निवासी 28 वर्षीय लालजी गौतम की शादी करीब आठ साल पहले बस्ती के रुधौली क्षेत्र के सुगिया गांव की पूजा गौतम से हुई थी।

### स्कॉर्पियो के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई, तीन की मौत

**रायबरेली।** गंगा एक्सप्रेस-वे पर रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र के मिरजहांपुर गांव के पास मंगलवार देर रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान जौनपुर जिले के भीलमपुर गांव की निवासी सरोज सिंह (55), समृद्धि (सात) और संगीता सिंह (22) के रूप में हुई है।



### ट्रक के पीछे से टकराई जीप, तीन की गई जान

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर जिले के चौमूं क्षेत्र में बुधवार सुबह जयपुर–सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक जीप ट्रक से टकरा गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार चौमूं में स्टेडियम क्षेत्र के पास जीप अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी तथा टक्कर के बाद सड़क किनारे एक ढाबे में जा घुसी। ढाबे के बाहर खड़ी एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कहा कि जीप में सवार दो महिलाएं और एक पुरुष की मौके पर ही मौत हो गई।

शीर्ष न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को दी बड़ी राहत, कोर्ट ने एसआईआर को बताया एक वैध और संवैधानिक प्रक्रिया

◆ 'मत चोरी' और शक्तियों के उल्लंघन का आरोप खारिज

# एसआईआर पर मुहर, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- चुनाव आयोग का ये अधिकार

सुप्रीम कोर्ट ने भारत निर्वाचन आयोग के उस फैसले को सही ठहराया है, जिसके तहत बिहार में वोटर लिस्ट का एसआईआर शुरू किया गया था। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह फैसला दिया है कि एसआईआर प्रक्रिया को सिर्फ इसलिए गैर-कानूनी कहकर रद्द नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह वोटर लिस्ट के आम रिवीजन की प्रक्रिया से अलग है। कोर्ट ने एसआईआर को एक वैध और संवैधानिक प्रक्रिया बताया है। कोर्ट ने आगे कहा, यह प्रक्रिया कानूनी तौर पर सही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को निर्वाचन आयोग को बड़ी राहत देते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराने के उसके अधिकार को बरकरार रखते हुए कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष चुनावों के संवैधानिक दायित्व में 'जान फूंकती है।' इस बेहद चर्चित मुद्दे पर अपने फैसले में भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि एसआईआर प्रक्रिया 'स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की संवैधानिक अनिवार्यता को आगे बढ़ाती है।' पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची भी शामिल थे। पीठ ने कहा कि चुनाव ▶▶शेष पेज 8 पर

### क्या थी आपत्ति

याचिकाकार्ताओं की एक प्रमुख आपत्ति यह थी कि एसआईआर राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) जैसी प्रक्रिया के रूप में काम कर रहा है, जिसमें निर्वाचन आयोग कथित तौर पर नागरिकता की जांच कर रहा है, जबकि उनका तर्क था कि यह अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है। याचिकाकार्ताओं में गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) भी शामिल था।



### निर्वाचन आयोग को दिए निर्देश

मताधिकार से वंचित होने की स्थिति रोकने के लिए न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि नागरिकता के आधार पर हटाए गए सभी नामों के मामलों को चार सप्ताह के भीतर नागरिकता अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी के पास भेजा जाए। सीजेआई ने कहा कि सक्षम प्राधिकारी को अगली विधानसभा या स्थानीय निकाय चुनावों से पहले नागरिकता संबंधी निर्णय देना होगा।

### कोर्ट ने क्या कहा

शीर्ष न्यायालय के अनुसार, एसआईआर समानुपातिकता की कसौटी पर खरा उतरता है और अपनाए गए उपायों का उद्देश्यों से तार्किक संबंध है। उसने कहा कि ये उपाय स्पष्ट रूप से अत्यधिक नहीं हैं। मनमाने तरीके से नाम हटाए जाने से रोकने के लिए पर्याप्त प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय भी मौजूद हैं। पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को केवल मतदाता सूची में पात्रता तय करने के सीमित उद्देश्य से नागरिकता की स्थिति की जांच करने का अधिकार है। उसने यह भी कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाया जाना किसी व्यक्ति को गैर-नागरिक घोषित करने के बराबर नहीं है। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से नागरिकता का अनुमान लगाया जाता है।

### ये निवासी होंगे आवेदन के हकदार


न्यायालय ने कहा कि बिहार के वे निवासी, जिनके नाम 'अनुपस्थिति' (पलायन) के कारण गलती से हटा दिए गए, लेकिन जो अब भी राज्य में रह रहे हैं, वे पुनर्बहाली के लिए आवेदन देने के हकदार होंगे। इस मामल में विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। ये याचिकाएं पिछले वर्ष तब दायर की गई थीं जब निर्वाचन आयोग ने 2025 विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में एसआईआर की अधिसूचना जारी की थी। न्यायालय ने विस्तृत सुनवाई के बाद 29 जनवरी 2026 को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### भाजपा ने स्वागत किया प्रशांत बोले- 'काला दिन'

भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है, वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला तेज कर दिया। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी शुरू से ही एसआईआर का विरोध इसलिए कर रहे थे, क्योंकि वह घुसपैठियों और फर्जी मतदाताओं के पक्ष में खड़े थे। मतदाता सूची को गड़बड़ी से बचाने के लिए एसआईआर जरूरी था और सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले ने चुनाव आयोग की प्रक्रिया को संवैधानिक मान्यता दे दी है। जाने माने वकील प्रशांत भूषण ने इसे न्यायपालिका के लिए 'काला दिन' बताया है।

# भीषण गर्मी में पेड़ों से टपके 200 से ज्यादा चमगादड़ जांच में हीट स्ट्रोक कन्फर्म

» *कोरबा के नौकोनिया तालाब के पास पिछले 3 दिनों में करीब 200 चमगादड़ों की मौत*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

देश के साथ प्रदेश भी लू की चपेट में है। सूरज आग उगल रहा है। गर्मी इतनी भीषण है कि पेड़ों पर लटके चमगादड़ों की मौत हो रही है। कोरबा जिले के नगर पंचायत पाली क्षेत्र स्थित नौकोनिया तालाब के समीप प्रवासी चमगादड़ों की मृत्यु हीट स्ट्रोक से ही हुई है, यह मेडिकल जांच में पुष्ट हो गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि चमगादड़ों की मौत के पीछे महामारी या संक्रामक बीमारी नहीं है।

पशुधन विकास विभाग द्वारा जारी आधिकारिक प्रतिवेदन के अनुसार विगत तीन दिनों के दौरान क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण ▶▶शेष पेज 8 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### जिला प्रशासन की अपील- अफवाहों पर ध्यान न दें

नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों या अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें साझा कर डर का माहौल पैदा करें। स्थिति पूरी तरह सामान्य है। जिला प्रशासन ने स्थानीय जनता से अपील की है कि यदि क्षेत्र में किसी भी वन्यजीव की असामान्य गतिविधि या मृत्यु दिखाई देती है, तो उसकी सूचना तुरंत सीधे नियंत्रण कक्ष या संबंधित विभाग को दें, ताकि त्वरित वैज्ञानिक कार्रवाई की जा सके।

### सुरक्षात्मक कदम और एसओपी का पालन

विभागीय अधिकारियों ने वस्तुस्थिति स्पष्ट की है कि घटना की सूचना मिलते ही पशुधन विकास विभाग और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर मोर्चा संभाल लिया था। सभी मृत चमगादड़ों को सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विधिवत दफनाया जा चुका है, जिससे संक्रमण का कोई खतरा नहीं है। विस्तृत और वैज्ञानिक पुष्टि के लिए आवश्यक नमूने एकत्र कर वन विभाग के माध्यम से फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं। वर्तमान में चमगादड़ों की मृत्यु दर में भारी कमी आई है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वन अमला और पशु चिकित्सा दल लगातार क्षेत्र में मुस्तैद हैं।

पाण्डेय के पीसीसीएफ की घोषणा डीपीसी की बैठक

# पांडेय राज्य के नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक के साथ होंगे वनबल प्रमुख



आगामी 13 महीने तक देंगे अपनी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार ने विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में 1994 बैच के आईएफएस अधिकारी अरुण पाण्डेय को नया पीसीसीएफ, वन बल प्रमुख नियुक्त करने का आदेश बुधवार को जारी किया है। मंत्रालय में 25 मई को हुई विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक में उनके सिंगल नाम पर मुहर लगी थी, जिसे मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद आधिकारिक रूप से वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विशेष सचिव जेपी पाठक ने आदेश जारी किया।

मूलतः अंबिकापुर (सरगुजा) निवासी अरुण पांडेय इस शीर्ष पद ▶▶शेष पेज 8 पर

### गुणवत्तापूर्ण काम का प्रयास करेंगे

*वन विभाग में गुणवत्तापूर्ण काम हो, इसे लेकर प्रयास करेंगे। वन्य प्राणियों और वनों के संरक्षण की दिशा में ईमानदारी पूर्वक काम किया जाएगा। बस्तर राज्य सरकार की प्राथमिकता में है। बस्तर को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी।* - **अरुण पाण्डेय, पीसीसीएफ, वनबल प्रमुख**

जांच के बाद हटेगी आर्म्स एक्ट की धारा

# आमरण अनशन और भूख हड़ताल के बाद झुका प्रशासन, मांगे पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के आमरण-अनशन और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की भूख हड़ताल के सामने आखिरकार शासन-प्रशासन को झुकना पड़ा। अनिश्चितकालीन अनशन के बाद भाजपा नेताओं के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली है। इसके साथ ही कांग्रेस ▶▶शेष पेज 8 पर

टीआई को भी हटाया जाएगा, भाजपा नेताओं पर भी हुआ अपराध दर्ज

### दर्ज हुआ अपराध जांच शुरू

एसडीएम और एडिशनल एसपी सूरजपुर पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव और पीसीसी अध्यक्ष श्री बैज से बात करने के लिए धरनास्थल पर पहुंचे जिसके बाद देर रात तक चली चर्चा के बाद नरेंद्र जैन के घर में घुसकर विवाद करने वाले दो भाजपा नेताओं के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसके साथ ही आर्म्स एक्ट की धारा हटाने को लेकर भी सहमति बनी।

# सीतापुर विधायक समर्थकों ने की नायब तहसीलदार की पिटाई, कपड़े भी फाड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर/अंबिकापुर

राजापुर नायब तहसीलदार के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। आरोप है कि विधायक समर्थकों ने अधिकारी के साथ मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। विवाद के दौरान मौके पर मौजूद एसडीएम ने बीच बचाव किया और किसी तरह उन्हें बाहर निकालकर जानबचाकर भागे।

इधर, सीतापुर विधायक की बहन ने नायब तहसीलदार पर शोध क्षमता प्रमाण पत्र प्रदान करने के नाम पर लगातार कार्यालय के चक्कर लगवाने और फिर उनके साथ अभद्र व्यवहार, जाति सूचक गाली गलौज और फाइल फेंककर कार्यालय के बाहर निकालने का आरोप ▶▶शेष पेज 8 पर

■ विधायक की बहन ने फाइल साइन करने के नाम पर परेशान करने का लगाया आरोप

■ जातिगत गाली गलौज की शिकायत नायब तहसीलदार पर अपराध दर्ज



### विधायक भी पहुंचे एफआईआर दर्ज

इस घटना ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब विधायक की बहन को अपना काम कराने के लिए पखवाड़े भर तक अधिकारी के चक्कर ▶▶शेष पेज 8 पर

### बुलाकर की गई मारपीट

शाम को 5 बजे घटना की सूचना मिली थी। मैंने विधायक को बोला कि ऑफिस आ जाएं या फिर रेस्ट हाउस में नायब तहसीलदार को बुलाकर समस्या का समाधान कर लेंगे, जिस पर उन्होंने सहमति दी। बाद में उन्होंने राजापुर में बुलाया। विधायक के साथ बातचीत के दौरान अचानक कुछ लोग आए और मारपीट करने लगे। मैंने अपने सैनिक के साथ बीच बचाव किया। बाद में विधायक के द्वारा काफी मारा गया, जिसके बाद बीच बचाव कर वहां से निकले। ऐसी घटना नहीं होनी थी। पहले से उनके लोग मौजूद थे। -**फागेश सिन्हा**, एसडीएम

भीषण गर्मी के मद्देनजर पीएम और सीएम ने किया आग्रह

# ज्यादा सावधानी बरतें, पर्याप्त मात्रा में पीते रहें पानी-मोदी



**नई दिल्ली/रायपुर।** देश में भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ज्यादा से ज्यादा सावधानी बरतने की अपील करते की। पीएम मोदी ने कहा कि इस मौसम में पर्याप्त पानी पीते रहना सबसे जरूरी है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, बच्चे, बुजुर्ग और धूप में काम करने वाले लोग इस भीषण गर्मी में सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय रहते ध्यान न देने पर यह स्थिति 'लू लगने' (हीटस्ट्रोक) जैसी गंभीर समस्या का रूप ले सकती है। ऐसे समय में आपकी सतर्कता और देखभाल ▶▶शेष पेज 8 पर

### जरूरतमंदों का सहारा बनें - साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ सहित देश के अनेक हिस्सों में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर प्रदेशवासियों से सतर्कता, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय का सामना करने की अपील की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि अत्यधिक गर्मी के इस दौर में प्रत्येक व्यक्ति को ▶▶शेष पेज 8 पर

एआई घटाएगी 800 घरेलू उड़ानें, इंडिगो भी 7 फीसदी कम करेगा

# तेल की तेज धार और महंगाई ने रोकीं उड़ानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने विमान ईंधन की ऊंची कीमतों की वजह से बढ़ती परिचालन लागत के चलते अपनी घरेलू उड़ानों में अस्थायी रूप से 22 प्रतिशत तक कटौती करने का फैसला किया है। टाटा ग्रुप की एयरलाइन एअर इंडिया हर हफ्ते करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती कर रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। इंडिगो भी घरेलू उड़ानों में 7% की कटौती कर सकती है।

ईरान संकट और महंगे ईंधन से बेपटरी हुआ एविएशन सेक्टर; एयर इंडिया को 26,700 करोड़ का घाटा




### बढ़ते किराए से यात्रियों की संख्या पर असर

ऑपरेटिंग कॉस्ट बढ़ने से एयरलाइंस ने इसका बोझ यात्रियों पर डाल दिया है, जिससे हवाई किराए महंगे हो गए हैं। किराए बढ़ने से घरेलू हवाई यात्रा की डिमांड में भी कमी आई है। भारत में अभी इंडिगो और एअर इंडिया का दबदबा है। इनका घरेलू मार्केट शेयर करीब 90% है।

### इन रूट पर उड़ानें सस्पेंड

एयरलाइन अगस्त तक दिल्ली-शिकॉगो, दिल्ली-नेवार्क, मुंबई-न्यूयॉर्क, दिल्ली-शंघाई, चेन्नई-सिंगापुर, मुंबई-ढाका और दिल्ली-माले मार्गों पर अपनी सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर देगी। रिपोर्ट 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार, मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में एयर इंडिया को 26,700 करोड़ रुपये से अधिक का घाटा हुआ है।

### उड़ानों पर क्यों हो रही कटौती

उड़ानों में कटौती की सबसे बड़ी वजह 28 फरवरी को ईरान पर हुए हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष है। इससे जेट फ्यूल की कीमतों में इजाफा हुआ है। इसके अलावा, ईरानी हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल न करने की वजह से अंतरराष्ट्रीय रूट लंबे हो गए हैं। पाकिस्तानी एयरस्पेस पर पाबंदियों ने भी ऑपरेशनल कॉस्ट बढ़ा दी है।

हाईकोर्ट में सरकार ने किया खुलासा

# मौत से पहले ट्विशा के साथ हुई थी मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मध्यप्रदेश सरकार ने हाईकोर्ट में कहा कि अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा के शरीर पर मिले चोट के निशान मृत्यु से पहले के थे और ये उनकी मौत से पहले हुई "हाथापाई या संघर्ष" के दौरान लग सकते हैं। सरकार ने आरोप लगाया कि पूर्व जज गिरिबाला और उनके बेटे समर्थ ने ट्विशा को प्रताड़ित किया।



### पति और दोनों ने किया प्रताड़ित


अदालत ने पूछा कि प्रताड़ना के आरोप केवल पति पर हैं या सास पर भी, इस पर सरकार ने कहा कि दोनों ने उसे प्रताड़ित किया। सरकार ने यह भी आरोप लगाया कि गिरिबाला सिंह जांच में सहयोग नहीं कर रही थीं।

## चिंतन

# एसआईआर आयोग का हक व निष्पक्षता के लिए जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कुछ गलत नहीं किया और उसे यह कराने का पूरा अधिकार है। बिहार की मतदाता सूची के एसआईआर का आदेश देकर आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम का भी कोई उल्लंघन नहीं किया। अदालत ने तीन सवालों की जांच की थी। क्या निर्वाचन आयोग के पास एसआईआर कराने की शक्ति है, क्या एसआईआर के तहत की गई जांच किसी वैध उद्देश्य पर आधारित है, और क्या अपनाई गई प्रक्रिया जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के पक्ष में निर्वाचन आयोग के तर्कों से सहमति जताई। कोर्ट ने दो टूक कहा कि इससे मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित हुई है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों में सहायता मिली है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने वे सभी नैरेटिव ध्वस्त कर दिए हैं, जो एसआईआर के खिलाफ फैलाए जा रहे थे। सर्वोच्च अदालत ने यह भी कहा कि एसआईआर मतदाता सूचियों में नाम हटाने की चरणबद्ध प्रक्रिया, दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर शामिल था। असल में एसआईआर का विरोध पूरी तरह से राजनीतिक था। विरोध कर रहे पक्ष ने कभी यह सवाल नहीं उठाया कि आयोग के किस कदम से एसआईआर की प्रक्रिया में गलत हो रहा है। वह आयोग के हर आंकड़े को अपने हिसाब से मनमाना बताने की कोशिश करता रहा। विपक्ष ने कई बार ऐसे तथ्य कोर्ट में पेश किए, जो पूरी तरह गलत थे। इस पर कोर्ट ने नाराजगी भी जताई। विपक्ष की शंकाओं का समाधान करने के लिए कोर्ट ने केवल पहचान पत्रों की संख्या बढ़ाई, बल्कि आयोग को वे सुरक्षा उपाय भी शामिल करने को कहा जिनकी मांग विपक्ष की ओर से की गई। असलियत तो यह थी कि विपक्ष ने कभी एसआईआर की शुद्धता पर जोर नहीं दिया। उसकी कोशिश पहले दिन से ही एसआईआर को रद्द कराने की रही। एसआईआर बहुत बड़ी प्रक्रिया है और करोड़ों लोगों का डाटा शुद्धता से मैच करना आसान नहीं है। हो सकता है उसमें कोई कमी रह जाए, लेकिन उसे ठीक कराने का विकल्प हर मतदाता के पास मौजूद था। विरोधाभासी तथ्य यह रहा कि खुद विपक्षी नेता वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का मुद्दा उठाते रहे और जब उसे ठीक करने की कोशिश हुई तो उसे रोकने में लग गए। सर्वोच्च अदालत ने साफ कर दिया कि एसआईआर संविधान की ऐसी प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य संविधान द्वारा संरक्षित उद्देश्यों को आगे बढ़ाना है। इस फैसले ने अन्य राज्यों में शुरू होने जा रही एसआईआर प्रक्रिया पर भी मुहर लगा दी है। यह फैसला बिहार में एसआईआर को लेकर है, लेकिन इसका असर अन्य राज्यों संबंधित विवादों पर भी नजर आएगा। पश्चिम बंगाल में अनेक लोगों का नाम अंतिम मतदाता सूची ने नहीं आ सका था, इस मामले पर भी सुनवाई चल रही है। विपक्ष ने जोर-शोर से अपने समर्थकों के नाम काटने का आरोप लगाया था, लेकिन अब बंगाल में सरकार बदलने के बाद जिस तरह से बांग्लादेश सीमा पर घुसपैठियों का जमावड़ा वापस जाने के लिए लगा हुआ है, वह चुनाव आयोग द्वारा बड़ी संख्या में घुसपैठियों नाम काटने के कदम की पुष्टि ही करता है। सुप्रीम कोर्ट ने इसीलिए आयोग से कहा कि जिन लोगों के नाम नागरिकता की पुष्टि न होने की वजह से कटें है, वह उनका ब्योरा संबंधित विभाग को दे ताकि ऐसे लोगों पर कार्रवाई हो सके।

## सारा संसार



सबरीमाला मंदिर दक्षिण भारत के प्रसिद्ध और चमत्कारिक हिंदू मंदिरों में से एक है जहाँ प्रतिवर्ष करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। भगवान अय्यप्पा को समर्पित इस मंदिर की एक खास बात यह है की इस मंदिर में जाने से पहले पंपा नदी में स्नान करना पड़ता है और फिर एक दीपक जलाकर नदी में प्रवाहित करने के बाद ही मंदिर में प्रवेश दिया जाता है।

# एफटीए, सरल कानून से बढ़ेंगे रोजगार



विश्लेषण
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वें रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि भारत द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते युवाओं के रोजगार व विकास को ध्यान में रखते हुए किए जा रहे हैं और इससे नए अवसरों के दरवाजे खुल रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था से संबंधित वैश्विक आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में दो बातें रेखांकित हो रही हैं। एक, पश्चिम एशिया संकट के कारण देश की विकास दर में तेजी से गिरावट आ रही है। दो, भारत के तेजी से बढ़ते द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भारत के हित में अधिक लाभप्रद बनाने के मद्देनजर पूरे देश में जमीनी स्तर पर लागू की गई चार नई श्रम संहिताएं (लेबर कोड) जान फूंकते हुए दिखाई दे सकेंगी।

इन चार श्रम संहिताओं-मजदूरी संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के तहत नए सरल श्रम कानून उद्योग-कारोबार को मजबूती और विकास की नई संभावनाओं को आकार देते हुए दिखाई दे सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इस समय वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के कारण घटती हुई विकास दर को थामने तथा विकास दर को बढ़ाने के मद्देनजर भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और एफटीए की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के बीच द्विपक्षीय वार्ता के दौरान वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार दोगुना करने की प्रतिबद्धता जताई गई है। पिछले एक दशक में साइप्रस से भारत में निवेश लगभग दोगुना हुआ है। इसी तरह पिछले दिनों प्रधानमंत्री मोदी ने पांच देशों- संयुक्त अरब अमीरात, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की आधिकारिक यात्रा के दौरान इन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार के महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। इनमें सेमीकंडक्टर, ऊर्जा, रक्षा और क्रिटिकल मिनरल्स पर समझौते प्रमुख हैं। इन देशों की 50 बड़ी वैश्विक कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के द्वारा भारत में अपनी व्यापार विस्तार योजनाओं के लिए लगभग 40 अरब डॉलर की राशि का निवेश संकल्प जताया गया है। यह भी महत्वपूर्ण है कि इस यात्रा के दौरान ओस्लो में संपन्न भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन यूरोप के नॉर्डिक क्षेत्र के साथ भारत के रिश्तों को व्यापक बनाने के मामले में अहम रहा है। नॉर्डिक देशों में उत्तरी यूरोप के डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, नॉर्वे और स्वीडन जैसे देश शामिल हैं। अब भारत इनके साथ पारंपरिक कूटनीतिक रिश्तों के बजाय गहन रणनीतिक साझेदारी की दिशा में बढ़ रहा है। नार्डिक देशों की कई बड़ी कंपनियों में से कई कंपनियां पहले से ही भारत में काफी अधिक निवेश कर चुकी हैं और उनका भारत में कुल निवेश लगभग 180 अरब डॉलर के आसपास है। नार्डिक देशों ने अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है और इसके बदले में भारत ने इन देशों की रक्षा कंपनियों को रक्षा उद्योग गलियारे में 100 फीसदी विदेशी निवेश पहुंच प्रदान करना सुनिश्चित किया है। उल्लेखनीय है कि भारत एफटीए की डगर पर भी तेजी से बढ़ रहा है। पिछले माह 27 अप्रैल को भारत और न्यूजीलैंड के बीच एक ऐतिहासिक एफटीए पर हस्ताक्षर हुए हैं। न्यूजीलैंड के



साथ किए गए इस एफटीए का अत्यधिक मजबूत पक्ष भारत से सेवा निर्यात बढ़ाना और भारत से पेशेवरों को न्यूजीलैंड में अच्छे अवसरों के लिए आगे बढ़ाना भी है। यह एफटीए भारत की प्रतिभाओं, स्टार्टअप्स और नवाचार के लिए एक मजबूत बुनियाद प्रदान करता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि पिछले वर्ष 2025 में भारत के द्वारा ब्रिटेन और ओमान के साथ किए गए एफटीए का भी इसी वर्ष 2026 में आगामी महीनों में कार्यान्वयन शुरू होगा। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ एफटीए का क्रियान्वयन भी इसी वर्ष संभावित है। इस समझौते को सभी समझौतों की जननी कहा गया है।

अब मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों आइसलैंड, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और लिकटेंस्टाइन के समूह यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (एफ्टा) के साथ सफलतापूर्वक कार्यान्वित हो रहे एफटीए के और अधिक लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। कनाडा, इस्राइल, रूस, पेरू, चिली, दक्षिण अफ्रीका और मेक्सिको के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर काम में तेजी आएगी। निश्चित रूप से भारत के बढ़ते हुए व्यापार समझौतों के अत्यधिक सकारात्मक परिदृश्य के बीच भारत में लागू नए सरल श्रम कानूनों की नई लाभप्रद अहमियत दिखाई दे रही है। नए श्रम कानूनों से व्यापार समझौतों का प्रभावी रूप से लाभप्रद क्रियान्वयन होगा। नए श्रम कानूनों से श्रमिकों की सुरक्षा में वृद्धि और बेहतर रोजगार ढांचे के लिए नियमों का आधुनिकरण उभर कर दिखाई दे रहा है। वहीं, इनसे उद्योग-कारोबार को रफ्तार मिलेगी। ये श्रम कानून देश में स्वतंत्रता के बाद से सबसे व्यापक और प्रगतिशील श्रम-उन्मुख सुधार हैं। ये नई श्रम संहिताएं सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम और समय पर मजदूरी का भुगतान, सुरक्षित कार्यस्थल और नारी शक्ति व युवा शक्ति के लिए लाभकारी अवसरों के लिए एक मजबूत नींव के रूप में काम करेंगी। साथ ही भविष्य के लिए एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण करेंगी, जो श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा। निसंदेह, नई श्रम संहिताओं ने श्रम नियमों को सरल, निष्पक्ष और नए दौर के कामकाजी वातावरण के अधिक अनुकूल बना दिया है। ये नई संहिताएं श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करने, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा में सुधार करने, व्यवसायों के लिए नियमों का अनुपालन करना आसान बनाने और बढ़ती अर्थव्यवस्था में अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करने के मद्देनजर अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं।

नई श्रम संहिताओं के तहत श्रमिकों, उद्योगों और सरकार के हितों से संबंधित बहुआयामी लाभ उभरकर दिखाई दे रहे हैं। अब नियोक्ताओं को सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करना होगा तथा गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों सहित पूरे श्रमबल को सामाजिक सुरक्षा कवरेज प्रदान करना होगा। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित करने और 40 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच प्रदान की जाना भी सुनिश्चित की गई है। अब तय अवधि के लिए ठेके पर काम करने वाले कामगारों को स्थायी श्रमिकों के बराबर सभी लाभ मिलेंगे और वे 5 साल के बजाय सिर्फ एक साल बाद ग्रेच्युटी पाने के हकदार होंगे। हाल के दशकों में भारत से सेवाओं का निर्यात वस्तुओं की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ा है। उम्मीद करें कि पश्चिम एशिया संकट की चुनौतियों के बीच हाल ही में देशभर में जमीनी स्तर पर चार नई श्रम संहिताओं के तहत लागू किए गए नए सरल श्रम कानून देश के बढ़ते व्यापार समझौतों के लाभप्रद क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाएंगे। इससे देश श्रमिकों के कल्याण के साथ उत्पादन वृद्धि, निर्यात वृद्धि, रोजगार वृद्धि और विकास दर वृद्धि की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जीवन बना और बिगाड़ सकती है ये चीजें



संकलित
**दर्शन**

आम आदमी अपने दिन का पूरा समय इन दो जगहों पर बिताता है वो है घर या फिर दफ्तर में। जैसी व्यक्ति की संगति होती है वैसी ही उसकी मति हो जाती है। इसलिए जरूरी होता है कि व्यक्ति हमेशा अपने लिए सही वातावरण चुनना चाहिए, जिससे वह सही पथ पर चले। आचार्य प्रशांत के अनुसार, एक व्यक्ति किस आधार पर विवाह करता है या फिर कैसी संगति चुनता है। यह महत्व की बात है कि वह व्यक्ति किसके साथ रह रहा है। आप चाहे विवाह करके रह रहे हो या फिर बिना विवाह करके अपना जीवन व्यय कर रहा हो। ऐसे में व्यक्ति को जरूर हमेशा याद रखना चाहिए कि वह अपने जीवनसाथी का चयन किस आधार पर कर रहा है। हर एक छोटी बात जैसे कि वह व्यक्ति अब से लगातार मेरे कमरे में रहेगा? किसके शब्द लगातार पड़ने लग गए हैं तुम्हारे कानों में? इन चीजों को याद करके ही निर्णय लेना चाहिए। क्योंकि इसी बात पर तुम्हारी जिंदगी या तो बन जाएगी या बिल्कुल बर्बाद हो जाएगी। आचार्य प्रशांत आगे कहते हैं कि यहीं बात दफ्तर के लिए है कि दिन के आठ से दस घंटे आप किन लोगों की शक्लें देखते हैं या आर अपना बॉस बोलते हो, वो यूं ही है कोई सड़क का आदमी जो तुम्हारी जिंदगी पर अब अधिकार रखने लग गया है तो तुम बर्बाद हो जाओगे। यही बात दफ्तर के माहौल पर और धंधे की प्रकृति पर लागू होती है। तुम्हारी संस्था किस तरह का व्यवसाय करती है और तुम्हारे काम में किस तरह के लोग लगे हुए हैं?

## मंत्र का असर



संकलित
**प्रेरणा**

एक निर्धन औरत एक साधु के पास गई, 'स्वामी जी! कोई ऐसा पवित्र मन्त्र लिख दीजिये जिससे मेरे बच्चों का रात को भूख से रोना बन्द हो जाये...।' साधु ने कुछ पल एकटक आकाश की ओर देखा फिर अपनी कुटिया में अन्दर गया और एक पीले कपड़े पर एक मन्त्र लिखकर उसे ताबीज की तरह लपेट-बाँधकर उस महिला को दे दिया। साधु ने कहा, 'इस मन्त्र को घर में उस जगह रखना, जहाँ अपनी मेहनत की कमाई का धन रखती हो।' महिला खुश होकर चली गई। ईश्वर कृपा से उस दिन उसके पति की आमदनी ठीक हुई और बच्चों को भोजन मिल गया। रात शान्ति से कट गई। अगले दिन भोर में ही उन्हें पैसों से भरी एक थैली घर के आंगन में मिली। थैली में धन के अलावा एक पर्चा भी निकला, जिस पर लिखा था, कोई कारोबार कर लें...। इस बात पर अमल करते हुवे उस औरत के पति ने एक छोटी सी दुकान किराए पर ले ली और काम शुरू किया। धीरे धीरे कारोबार बढ़ा, तो दुकानें भी बढ़ती गईं...। जैसे पैसों की बारिश सी होने लगी...। पति की कमाई तिजोरी में रखते समय एक दिन उस महिला की नज़र उस मन्त्र लिखे कपड़े पर पड़ी...। 'न जाने, साधु महाराज ने ऐसा कौन सा मन्त्र लिखा था कि हमारी सारी तंगी दूर हो गई?' सोचते सोचते उसने वह मन्त्र वाला कपड़ा खोल डाला...। जिस लिखा था कि.. जब पैसों की तंगी समाप्त हो जाये, तो सारा पैसा तिजोरी में छिपाने की बजाय कुछ पैसे ऐसे घर में डाल देना जहाँ से रात को बच्चों के रोने की आवाज़ें आती हों..!!

## विचार
प्रभात मिश्र

# सावरकर स्वप्न

प्रखर विचारक, दार्शनिक, पत्रकार, कवि, भविष्यवक्ता, नाट्यकार, भाषा सुधारक, समाज सुधारक, राष्ट्र प्रेमी, क्रांतिकारी और मां भारती के अनन्य उपासक स्वातंत्र्य वीर विनायक दामोदर सावरकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता है विराट और विशाल है आपकी चिंतन धारा जिसमें त्वरा है तो असीम गहराई भी धीर गंभीर हैं तो इतना कि 1926 - 30 के आसपास जब देवनागरी लिपि में व व्याकरण में सुधार एवं अनुसंधान की आवश्यकता समझी गई तो सावरकर सहर्ष अपना योगदान देते दृष्टि गोचर होते हैं और स्वरों के अ की बारहखड़ी तैयार की जिसे भाषागत सुधार के क्षेत्र में मील का पत्थर माना गया एवं इसे महात्मा गांधी ने भी समझा व स्वीकार कर इसे दैनिक लेखन में प्रयोग कर ग्राहता को आगे बढ़ाया ये वो दुर्लभ पहलू हैं सावरकर के जिसके लिए हिन्दी व अन्य सह भाषाई जगत सदैव ऋणी रहेगा वहीं नूतन शब्दों के अनुसंधान कर्ता की भूमिका में आप शब्दों के आविष्कारक के रूप में दिखाई देते हैं।



ये सावरकर के लेखनी का सौंदर्य ही है कि आज में कल देख लेना वर्तमान में भविष्य को देखना और उसके अनुरूप समाधान प्रस्तुत कर देना कुछ पंक्तियों से उनका स्मरण आवश्यक प्रतीत होता है - 'कांटों से छिद जाए चरण यदि चलूं उन्हीं कांटों पर पुनि पुनि - कट कट अंग गीरे धरणी पर चलने का वर दे दो' सावरकर जन्म जात कवि थे उनके साहित्यिक अवदानों का मूल्यांकन अभी भी शेष है उनकी लेखनी जो लोहे के कील से बनी थी सतत् चलती रही रुकी नहीं अविराम दीवारों पर लिख दिया वो अमर राग जिन्हें हम कमला, गोमांतक, महासागर, के नाम से जानते हैं अंडमान द्वीप स्थित सेलुलर जेल इसका साक्षी है जहां की दिवारें कुछ कहना चाहती हैं कि कैसे थे अंग्रेज और उनकी निष्ठुर सत्ता जो सावरकर को यातना दे रही थी पर उनका मनोबल नहीं तोड़ पाई इसी मनोबल का परिणाम हुआ कि अप्रतिम रचनाएं उद्घाटित हुईं जिससे राष्ट्रीय स्वाभिमान का सांस्कृतिक पुनर्जागरण का वातावरण बना।

सावरकर स्वप्न क्या है ? तो वो कहते हैं जिसकी जनता सारी मानव जाति हो ऐसा विश्व राष्ट्र हमारा ध्येय है और उस पर हमारा पूरा विश्वास है (1920 अंडमान) ये मंतव्य सावरकर के उन आलोचकों को सीधे ललकारता है जो सावरकर के प्रति संकुचित सोच रखते हुए अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं भारत माता के इस वीर सपूत में जहां एक ओर क्रांति की ज्वाला है तो वहीं दूसरी ओर स्नेह का सागर भी समाया हुआ है इस साम्य में वीर सावरकर और श्री अरविन्द एक दूसरे के पूरक हैं। सावरकर स्वप्न के विविध रंग हैं जिसमें भाषाई शुद्धता का आग्रह गहरा है हम सभी जैसा कि जानते ही हैं कि शुद्ध भाषा के लिए शुद्ध दर्शन और शुद्ध श्रवण होगा तो ही शुद्ध उच्चारण और शुद्ध लेखन स्वयं आने लगेगा और इसी विषय का आग्रह सदैव सावरकर करते रहे जो हमारी समृद्ध भाषाई गौरव का परिचायक है यही है सावरकर स्वप्न कि अनावश्यक विदेशी शब्दों का हस्तक्षेप कम से कम हो। सावरकर स्वप्न मातृभाषा के प्रति वही संकल्प देखना चाहता है जो आयरलैंड के पुनर्जागरण में गेलिक भाषा का, बिस्मार्क के जर्मनी में जर्मन भाषा का, इसराइल में हिब्रू भाषा का, रूस में रुसी भाषा का।

*-अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज भाषा आयोग*

## अंतर्मन




## आज की पाती

### संस्कारों के अभाव में बच्चे बन जाते हैं हिंसक

कोई भी मां-बाप नहीं चाहते हैं कि उनके बच्चे जिंदगी में कभी भी पथभ्रष्ट हों, लेकिन फिर भी कुछ लोगों के बच्चे पथभ्रष्ट हो जाते हैं। इसके मुख्य कारण बच्चों की परवरिश में कमी और इन्हें अच्छे संस्कार न मिलना भी है। अपने बच्चे सभी को प्यारे होते हैं, लेकिन बच्चों की गलतियों को अनदेखा करना बहुत गलत होता है। कुछ दिन पहले एक खबर पढ़ने को मिली कि दिल्ली में एक शादी समारोह में कम उम्र के लड़कों के बीच विवाद डीजे पर गाने को लेकर इस कदर हो गया कि इनमें एक लड़के की हत्या ही कर दी गई। ऐसी ही खबरें अक्सर पढ़ने और सुनने को मिलती हैं। सवाल तो यह है कि बच्चे, किशोर, नाबालिग आखिर क्यों पथभ्रष्ट होकर अनैतिक और अपराधी मामलों को अंजाम दे रहे हैं?

*- प्रतीक सक्सेना, धमतरी*

## करंट अफेयर

# संरा सुरक्षा परिषद को 'जीवंत संस्था' बनाने की जरूरत


भारत ने चीन की अध्यक्षता में हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में वीटो का अधिकार रखने वाले स्थायी सदस्यों के बीच मतभेदों को उजागर किया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि परिषद एक जीवंत संस्था होनी चाहिए, न कि कोई जीवाश्म जिसकी स्थिर संरचना 1945 के कंप्यूटर संस्करण पर उन्नत कृत्रिम बद्धिमत्ता (एआई) संबंधी प्रौद्योगिकियों को चलाने के समान हो। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पर्वतनेनी ने कहा, संयुक्त राष्ट्र परिषद की सक्रियता का दौर अब समाप्त हो चुका है, और दुनिया अब विभाजन और टकराव से ग्रस्त है। वीटो अधिकार वाले स्थायी सदस्यों के स्तर पर परिषद विभाजित नजर आ रही है। संयुक्त राष्ट्र में कार्यकुशलता और उत्पादकता बढ़ाने की मांग पहले से कहीं अधिक प्रबल है पर्वतनेनी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों और सिद्धांतों को बनाए रखना और संयुक्त राष्ट्र-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करना विषय पर हो रही चर्चा को संबोधित कर रहे थे। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने मंगलवार सुबह उक्त विषय पर चर्चा के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता की। अमेरिका, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन, और चीन 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के वीटो का अधिकार रखने वाले पांच स्थायी सदस्य हैं।



## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



## ट्रेंड

### प्रौद्योगिकी का समावेश



मोदी सरकार गरीबी उन्मूलन योजनाओं को अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाने के लिए उनमें प्रौद्योगिकी का समावेश कर रही है। इसी दिशा में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सार्थक-पीडीएस चरण-2 के लिए 25,530 करोड़ की राशि स्वीकृत की है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

### सीबीएसई परीक्षा परिणाम



सीबीएसई परीक्षा परिणामों में बड़े पैमाने पर हेराफेरी हुई है, जिससे देशभर के लाखों बच्चे और उनके माता-पिता सदमे में हैं। मोदी जी हमेशा की तरह- कोई जवाब नहीं, कोई जवाबदेही नहीं, कोई शर्म नहीं।

-**राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस

### भाजपा-कांग्रेस संबंध



केंद्रीय एजेंसियों का भाजपा द्वारा क्षेत्रीय विपक्षी दलों को निशाना बनाने और लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए किया गया एक और घोर दुरुपयोग है। कांग्रेस द्वारा 'निष्क्रियता' की शिकायत शुरू होते ही ईडी की तत्काल छापेमारी से भाजपा-कांग्रेस संबंधों पर सवाल उठते हैं।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### जनता से लूटपाट



तेल की कीमतें बढ़ाकर भाजपा हाल के चुनावों में खर्च किए गए पैसे की भरपाई कर रही है। उसका बस एक ही सिद्धांत है कि उसका और उनके लोगों का खजाना कभी खाली न हो, भले ही इसके लिए जनता की जेबों से लूटपाट क्यों न करनी पड़े।

-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फेक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

## मदर ऑफ ऑल एग्जाम्स भी विवादों में घिरी!

परीक्षा की मूल प्रकृति, और अवसर की समानता पर खड़े किए सवाल

# नीट-सीबीएसई के बाद अब यूपीएससी प्रीलिम्स पर भड़के छात्र

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की परीक्षा प्रणाली को लेकर लगातार उठ रहे गंभीर और तीखे सवालों के बीच अब संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा भी सीधे बहस के केंद्र में आ गई है। इससे ठीक पहले देश में नीट यूजी (नीट यूजी) पेपर लीक और सीबीएसई (सीबीएसई) की ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर बड़े और गहरे विवाद सामने आ चुके हैं। अब इसी कड़ी में, देश की सबसे प्रतिष्ठित और गरिमामयी प्रतियोगी परीक्षाओं में शुमार की जाने वाली यूपीएससी प्रीलिम्स को लेकर भी खुद अभ्यर्थियों ने परीक्षा की मूल प्रकृति, भाषा के गिरते स्तर और अवसर की समानता पर बेहद गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### 5.5 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए हैं इस परीक्षा में

#### 24 मई को दो चरणों में हुई है परीक्षा

अभी हाल ही में, 24 मई 2026 को आयोजित हुई यूपीएससी सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की इस पूरी प्रक्रिया में देशभर से लगभग 5.5 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। यह परीक्षा हमेशा की तरह दो कड़े चरणों सामान्य अध्ययन (जीएस पेपर 1) और सिविल सर्विसेज एप्टीट्यूड टेस्ट (सीएसएटी) में आयोजित की गई थी। लेकिन परीक्षा समाप्त होने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बहुत बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने अपने दर्दनाक अनुभव साझा किए हैं और परीक्षा के कई गंभीर मुद्दों को लेकर अपना गहरा असंतोष और रोष जताया है।




#### अभ्यर्थियों की तीखी प्रतिक्रिया

देश की राजधानी दिल्ली के मुखर्जी नगर, जिसे देश भर में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी का सबसे प्रमुख केंद्र माना जाता है, वहां परीक्षा देकर लौटे कई अभ्यर्थियों ने अपनी गहरी चिंताएं और जमीनी हकीकत साझा की है। तैयारी कर रहे अभ्यर्थी अभिषेक पांडेय ने सीधे परीक्षा के ढर्रे पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बार सामान्य अध्ययन (जीएस पेपर 1) का पूरा पैटर्न उनकी अपेक्षाओं से बिल्कुल अलग और चौंकाने वाला लगा। उनके व्यावहारिक अनुभव के अनुसार, प्रश्नों की भाषा इस कदर जटिल थी कि कई सवालों को सिर्फ समझने और डिकोड करने में ही सामान्य से बहुत अधिक समय बर्बाद हो गया। अभिषेक का साफ कहना था कि जो ट्रेडिशनल सब्जेक्ट्स होते हैं, उनसे सीधे प्रश्न इस बार अपेक्षाकृत काफी कम दिखाई दिए, जिसने छात्रों को परीक्षा हॉल में गहरे संकट में डाल दिया। हीं, एक अन्य अभ्यर्थी नंदन के मुताबिक, प्रश्नपत्र में कुछ प्रश्नों के हिंदी अनुवाद का स्तर इतना घटिया और कठिन था कि उसे समझने में उन्हें भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।

#### सीएसएटी पेपर बना छात्रों के जी का जंजाल

बात सिर्फ पहले पेपर तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि दूसरे चरण के सीएसएटी (सीएसएटी) पेपर ने छात्रों को और ज्यादा रुलाया। अभ्यर्थी प्रशांत सिंह ने सीएसएटी पेपर के कड़े स्तर को लेकर अपना दर्द बयां करते हुए कहा कि इसमें पूछे गए कई मैथ्स क्वेश्चंस अपेक्षाकृत बहुत लंबे, पेचीदा और मल्टी लेयर्ड थे। इसके साथ ही उन्होंने अंग्रेजी कॉम्प्रिहेंशन पैसेज पर भी चोट करते हुए कहा कि कुछ कॉम्प्रिहेंशन पैसेज की भाषा अपेक्षाकृत बहुत अधिक एकेडमिक और घनी थी, जिसे समझने में मेधावी छात्रों के भी पसीने छूट गए।

#### इन दावों पर छिड़ी बड़ी बहस

इस पूरे विवाद के बीच, अभ्यर्थी कौस्तुभ वाजपेयी ने कहा यूपीएससी जैसी देश की शीर्ष परीक्षा का मूल उद्देश्य और दर्शन यही है कि देश की विविध पृष्ठभूमि (डाइवर्स बैकग्राउंड्स), चाहे वो ग्रामीण हो या शहरी, से आने वाले सभी उम्मीदवारों को पूरी तरह समान अवसर (इक्वल अपॉर्चुनिटी) दिया जा सके, लेकिन यदि भाषा का स्तर या प्रश्नों की जटिल प्रकृति किसी विशेष पृष्ठभूमि या समूह के छात्रों के लिए रास्ते का कांटा या अतिरिक्त बाधा पैदा करती है, तो देश के नीति-नियंताओं को इस पर बेहद गंभीरता और संवेदनशीलता से विचार करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को रेलवे ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने हाइड्रोजन से चलने वाली पहली ट्रेन को मंजूरी दे दी है। 10-कोच वाली ये डीईएमयू ट्रेन 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलेगी। साथ ही इस ट्रेन का संचालन उत्तरी रेलवे क्षेत्र के जिंद और सोनीपत के बीच होगा। डीजल इंजन वाले ट्रेनों के मुकाबले यह ट्रेन प्रदूषण नहीं फैलाएगी, पर्यावरण के लिए ज्यादा सुरक्षित और टिकाऊ है। इसके अलावा हाइड्रोजन ट्रेन स्टूडेंट्स, नौकरीपेशा लोगों और रोजाना ट्रेवल करने वालों के लिए काफी फायदेमंद रहेगी।

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में 10 कोच होंगे और ये ब्रॉड गेज ट्रैक पर चलती है। हाइड्रोजन ट्रेन किसी डीजल या बिजली के इस्तेमाल से नहीं चलेगी। ये ट्रेन हाइड्रोजन फ्यूल सेल का यूज करेगी जिससे बिजली उत्पन्न होगी। इससे बिजली का टोटल प्रोडक्शन 1,200 किलोवाट है। साथ ही ये ट्रेन DPRS यानी डिस्ट्रीब्यूटेड पावर रोलिंग स्टॉक तकनीक पर चलेगी। इससे पूरी ट्रेन में बिजली वितरित होती है। हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन से डीजल का खर्च तो बचेगा ही साथ में कार्बन उत्सर्जन भी नहीं होगा।

### 5वीं पीढ़ी के एएमसीए विमान के लिए प्रपोजल जारी

**नईदिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) प्रोजेक्ट के लिए मंगलवार को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) जारी कर दिया। यह भारत के सबसे बड़े स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट्स में से एक माना जा रहा है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह प्रस्ताव तीन शॉर्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं को भेजा गया है। इनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल शामिल हैं। एएमसीए भारत का स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ फाइटर जेट प्रोजेक्ट है। इसका मकसद भारतीय वायुसेना को आधुनिक तकनीक वाले लड़ाकू विमान उपलब्ध कराना है। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी आरएफपी के जरिए अब कंपनियों से तकनीकी और वित्तीय प्रस्ताव मांगे जाएंगे। इसके बाद चयन प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। यह प्रोजेक्ट भारत के रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने दो और को किया गिरफ्तार

# लातूर का नामचीन डॉक्टर और पुणे का फिजिक्स टीचर भी गड़बड़झाले में शामिल

*देश की चिकित्सा शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह झकझोर कर रख देने वाले नीट (नीट-यूजी2026) पेपर लीक घोटाले में लगातार खुलासे हो रहे हैं। बुधवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने बड़ी कार्रवाई में लातूर के एक नामचीन डॉक्टर और पुणे की एक नामी मेडिकल अकादमी के फिजिक्स फैकल्टी को गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद इस पूरे मामले में अब तक गिरफ्तार होने वाले आरोपियों की कुल संख्या बढ़कर 13 हो चुकी है।*

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी मेडिकल परीक्षा नीट में पेपर लीक के मामले ने देश की परीक्षा प्रणाली पर बड़ा प्रश्न चिह्न लगा दिया है। इस मामले में सीबीआई ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत, बुधवार को जिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, उनमें पहले आरोपी की पहचान लातूर के डॉक्टर मनोज शिरूरे के रूप में हुई है। वह लातूर के रहने वाले हैं। वहीं पकड़ा गया दूसरा आरोपी पुणे के कोचिंग सेंटर का फिजिक्स टीचर तेजस हर्षदकुमार शाह है। याद दिला दें कि इस पूरी चयन प्रक्रिया की पवित्रता भंग होने के बाद, सीबीआई ने यह हाई-प्रोफाइल केस इसी महीने 12 मई 2026 को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की आधिकारिक शिकायत पर दर्ज किया था। इसके बाद से सीबीआई लगातार कार्रवाई कर रही है।

शिक्षाजगत के इस बड़े स्कैम में अब तक पकड़े जा चुके हैं 13 लोग




**यह है सनसनीखेज बात :** जांच में यह बेहद सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि डॉ. शिरूरे ने ही तीन रसूखदार छात्रों को केमिस्ट्री (रसायनशास्त्र) के लीक प्रश्नपत्र दिलाने में सबसे अहम और मुख्य दलाल की भूमिका निभाई थी। सबसे बड़ा ट्विस्ट यह है कि इन तीन छात्रों में खुद गिरफ्तार हो चुके कोचिंग सेंटर संचालक का सगा बेटा भी शामिल है, जिसे सीबीआई इस केस में सबसे बड़ा गवाह बनाने की तैयारी में है। सीबीआई ने साफ किया है कि डॉ. शिरूरे ने ये लीक प्रश्न इस रैकेट के सह-आरोपी पी. वी. कुलकर्णी से हासिल किए थे। वहीं, इस पूरी गंदी कतरन का दूसरा सिरा पुणे से जुड़ा है, जहां सीबीआई ने तेजस हर्षदकुमार शाह को धर दबोचा है। तेजस पुणे की बेहद प्रतिष्ठित 'डॉ. अभंग प्रभु मेडिकल अकादमी' (एपीएमए) में बकायदा फिजिक्स (भौतिकी) का फैकल्टी है।

#### फॉरेंसिक लैब पहुंचे मोबाइल और लैपटॉप

इस महा-लीक कांड की कड़ियों को आपस में जोड़ने के लिए सीबीआई की विशेष टीमें अब तक देश भर में रिकॉर्ड 49 अलग-अलग ठिकानों पर अंधाधुंध छापेमारी कर चुकी हैं। इस पूरी कार्रवाई के दौरान जांच एजेंसी ने आरोपियों के पास से कई बेहद गोपनीय और अहम दस्तावेज, लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। वर्तमान में इन सभी जब्त इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेज और डिजिटल सबूतों की कड़ाई से फॉरेंसिक जांच चल रही है, ताकि इस लीक के मुख्य आकाओं के चेहरों को बेनकाब किया जा सके।

#### नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका

सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था। सबसे ज्यादा बिक्री महाराष्ट्र में हुई। दूसरा नंबर राजस्थान का है। सीबीआई का कहना है कि बाद पेपर लीक का मामला और बड़ा निकल सकता है। एजेंसी अभी यह तय नहीं कर पा रही कि कितने छात्रों ने पेपर खरीदा था। सीबीआई को महाराष्ट्र और राजस्थान में पेपर के प्रिंट निकालकर बेचने के सबूत मिले हैं। पेपर लीक का सबसे बड़ा केंद्र महाराष्ट्र था। यहीं से राजस्थान और दूसरे राज्यों के छात्रों तक 'क्वेश्चन बैंक' पहुंचा।

#### सीबीआई पैसे देने वालों की लिस्ट बना रही

जांच एजेंसी अब उन सभी पेरेंट्स की लिस्ट तैयार कर रही है, जिनके बैंक खातों से शिवराज मोटेगांवकर, पी.वी. कुलकर्णी या उनकी सहयोगी मनीषा वाघमारे (पुणे) के खातों में पैसे ट्रांसफर हुए थे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के अलावा बाहर के कुछ किरदार अभी शक के दायरे में हैं। सीबीआई जल्द ही दूसरे राज्यों में छापेमारी करेगी।

## असम में यूसीसी बिल पास बहुविवाह पर लगी रोक

एजेंसी ▸▸| गुवाहाटी

■ सात साल की होगी सजा

असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल पास कर दिया। इस बिल का मकसद शादी, तलाक़, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों को धर्म से परे एक ही कानूनी दायरे में लाना है। वहीं, विपक्ष ने मांग की थी कि इस बिल को एक 'सेलेक्ट कमेटी' के पास भेजा जाए। इस प्रस्तावित कानून के पास होने के साथ ही, असम उत्तराखंड और गुजरात के बाद तीसरा ऐसा राज्य बन गया है जिसने 'यूनिफॉर्म सिविल कोड' बिल पास किया है। यूसीसी लागू होने के बाद असम में बहुविवाह या दो विवाह के लिए सात साल की कैद और लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण न कराने पर तीन महीने की जेल शामिल है। 'द यूनिफॉर्म सिविल कोड, असम, 2026 विधेयक' पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों ने कहा कि यह समाज के एक विशेष वर्ग के अधिकारों को नुकसान पहुंचा सकता है। बता दें कि विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और 'लिव-इन रिलेशनशिप' जैसे व्यक्तिगत मामलों पर एक समान कानून लागू करने के उद्देश्य से असम सरकार ने सोमवार को समान नागरिक संहिता से संबंधित विधेयक पेश किया था, जिसमें बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने और लिव-इन संबंधों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। विधेयक में कहा गया है कि यह असम में रहने वाले अनुसूचित जनजाति समुदाय पर लागू नहीं होगा।

कोर्ट ने कहा- तुरंत सरेंडर करें

## आसाराम की आजीवन कारावास सजा बरकरार

एजेंसी ▸▸| जोधपुर



राजस्थान हाईकोर्ट ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे आसाराम बापू को बड़ी राहत देने से इनकार करते हुए उनकी आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है। हालांकि अदालत ने उन्हें गैंगरेप के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन अन्य गंभीर आरोपों में दोषसिद्धि और सजा यथावत रखी गई है। पैरोल में बाहर बापू को तुरंत सरेंडर करने का भी आदेश दिया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में जस्टिस अरुण मोंगा और जस्टिस योगेंद्र कुमार पुरोहित की डिवीजन बेंच ने स्पष्ट किया कि नाबालिग पीड़िता से दुष्कर्म के मामले में निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में जोधपुर में दर्ज इस बहुचर्चित मामले में आरोप था कि आसाराम ने अपने आश्रम में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था।

*बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला*

## 'घर के काम से इंकार करे पत्नी तो नहीं दे सकते हैं तलाक'

एजेंसी ▸▸| मुंबई

शादी और महिलाओं के अधिकारों को लेकर बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि शादी बराबरी की साझेदारी है, कोई सर्विस कॉन्ट्रैक्ट (नौकरी का अनुबंध) नहीं है। अदालत ने टिप्पणी की कि पत्नियों को 'नौकरानी' नहीं समझा जा सकता। अगर कोई पत्नी घर का काम करने या खाना बनाने में असमर्थ है या मना करती है, तो इसे पति के प्रति 'मानसिक क्रूरता' नहीं माना जा सकता और इस आधार पर तलाक नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच ने मुंबई की एक फैमिली कोर्ट के साल 2010 के फैसले को पूरी तरह पलट दिया।

दरअसल, फैमिली कोर्ट ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पति की याचिका पर इस



आधार पर तलाक को मंजूरी दे दी थी कि उसकी पत्नी घर का काम नहीं करती, खाना नहीं बनाती और माता-पिता की बात नहीं मानती। हाई कोर्ट ने न सिर्फ इस तलाक की डिक्री को रद्द किया, बल्कि पति को आदेश दिया कि वह अपनी अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये का गुजारा भत्ता (भरण-पोषण और रहने का खर्च) दे।

#### 2002 का है मामला

मामला साल 2002 का है, जब इस जोड़े की शादी हुई थी। शादी के कुछ ही महीनों बाद दोनों के बीच अनबन शुरू हो गई और पत्नी अपने मायके लौट गई। पति ने 2004 में क्रूरता का आरोप लगाते हुए तलाक की अर्जी दाखिल की थी। पति का कहना था कि पत्नी के इस व्यवहार से उसे मानसिक तनाव मिला। वहीं पत्नी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उसे घर में प्रताड़ित किया जाता था और बासी खाना खाने को मजबूर किया जाता था।

*ममता बनर्जी को बड़ा झटका*

## सांसद काकोली ने टीएमसी में सभी पदों से दिया इस्तीफा

एजेंसी ▸▸| कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद से तृणमूल कांग्रेस को अपने ही सांसदों और विधायकों के असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। बारासात से सांसद काकोली घोष दस्तीदार का असंतोष खुलकर सामने आ गया है। काकोली घोष ने हाल ही में टीएमसी के बारासात जिलाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने अब पार्टी संगठन में अन्य सभी पदों से भी इस्तीफा दे दिया है। काकोली घोष ने टीएमसी संगठन में सभी पदों से अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजा है। काकोली घोष ने सुब्रत बख्शी को लिखे पत्र में कहा है कि पार्टी संगठन में सभी पद छोड़ रही हूं। हालांकि, काकोली घोष ने टीएमसी की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। काकोली घोष टीएमसी से लोकसभा की सदस्य बनी हुई हैं।



#### नाराजगी की वजह

*काकोली पिछले कुछ दिनों से टीएमसी से नाराज चल रही हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव में टीएमसी की हार के कुछ ही दिनों बाद ममता बनर्जी ने काकोली घोष दस्तीदार को लोकसभा में चीफ व्हिप के पद से हटा दिया था। ममता ने चीफ व्हिप की जिम्मेदारी काकोली घोष से वापस लेकर कल्याण बनर्जी को सौंप दी थी। बनर्जी के इस कदम से काकोली घोष आहत और नाराज चल रही हैं। काकोली घोष ने सोशल मीडिया पर भी इसे लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की थी। काकोली घोष को टीएमसी के चीफ व्हिप से हटाए जाने के कुछ ही घंटों में केंद्र सरकार ने उनको वाई सिक्योरिटी दे दी थी। ऐसा तब था, जब अभिषेक बनर्जी से लेकर टीएमसी के तमाम नेताओं की सिक्योरिटी में कटौती की गई थी। एक दिन पहले ही काकोली घोष टीएमसी के छह विधायकों के साथ मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की प्रशासनिक समीक्षा बैठक में भी शामिल हुई थीं. काकोली घोष टीएमसी की स्थापना के पहले से ममता बनर्जी की करीबी रही हैं।*

### एसबीआई के वार्षिक रिपोर्ट में चेयरमैन शेट्टी ने कहा

# विकसित भारत बनाने में बैंक क्षेत्र की भूमिका अहम

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा है कि देश के विकसित भारत दृष्टिकोण को साकार करने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बैंक पूंजी जुटाने, उद्यमिता को बढ़ावा देने, बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग देने और वित्तीय समावेशन को गति देने में एक बदलावकारी भूमिका निभाएंगे। शेट्टी ने बुधवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा, ''देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में, हम इस भूमिका के साथ आने वाले अवसर और जिम्मेदारी दोनों को समझते हैं और भारत की विकास आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

#### वित्तीय समावेशन को गति देने में बदलावकारी भूमिका निभाएंगे

#### साइबर सुरक्षा व डिजिटल पर निवेश जारी रहेगा

शेट्टी ने बैंक के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा, ''हमारी रणनीतिक प्राथमिकताएं 'डिजिटल फर्स्ट, कस्टमर फर्स्ट' दृष्टिकोण को मजबूत करने पर केंद्रित रहेंगी।'' उन्होंने कहा कि बैंक अधिक दक्ष और जिम्मेदार बैंकिंग परिवेश बनाने के लिए प्रौद्योगिकी, डेटा एनालिटिक्स, कृत्रिम मेधा (एआई), साइबर सुरक्षा और डिजिटल बुनियादी ढांचे में निवेश करना जारी रखेगा।



#### वित्तीय संस्थान ने अपना परिवर्तन जारी रखा

शेट्टी ने कहा कि पिछला वित्त वर्ष बैंक के लिए एक ऐतिहासिक साल था। ''पिछले वर्षों की गति को बनाये रखते हुए, हमने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अपने बाजार नेतृत्व को मजबूत किया।

#### बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर ध्यान दिया जाएगा

*चेयरमैन ने कहा कि परिवर्तन के अगले चरण में सभी श्रेणी के ग्राहकों और चैनल पर अत्यधिक व्यक्तिगत, निर्बाध और सहज बैंकिंग अनुभव प्रदान करने पर ध्यान दिया जाएगा। एसबीआई चेयरमैन ने कहा, इसके साथ ही भौतिक रूप से बैंक हमारे संबंध-आधारित मॉडल का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बना रहेगा।*

#### एआई इस परिवर्तन को गति प्रदान करेगी

बैंक निरंतर नवोन्मेष और परिचालन उत्कृष्टता के माध्यम से प्रक्रियाओं को सरल बनाने, काम में लगने वाले समय में सुधार करने तथा सेवा गुणवत्ता को और बढ़ाने का प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि परियोजना सरल के तहत शुरू की गई पहल... प्रक्रिया पुनर्गठन, मानकीकरण, डिजिटल एकीकरण और स्वचालन एवं कृत्रिम मेधा के अधिक उपयोग के माध्यम से इस परिवर्तन को गति प्रदान करती रहेगी।

ICFAI UNIVERSITY
The ICFAI University, Raipur
ADMISSION NOTICE
2026-27 Odd Semester

Ph.D.
Full-time / Part-time

• CSE • ECE • ME • Management
• Commerce • Economics • Education
• Physics • Chemistry • Mathematics
• Botany • Zoology • Hindi • English

| | | |
|---|---|---|
| Last Date for Submission of Application Form | : | 10 June, 2026 |
| Entrance Test | : | 26 June, 2026 |
| Date of Interview & Documents Verification | : | 11 July, 2026 |

- Admission will be made purely on the basis of merit in the Entrance Test.
- Candidates with NET/SET/GATE/JRF are exempted from the Entrance Test. However, they will have to appear in the Interview, to be held on 11 July, 2026.
- The application forms can be obtained on a payment of ₹500 from the University office personally.
- The forms can also be downloaded from the University Website by paying an amount ₹500 through the online mode at: https://www.iuraipur.edu.in/online-registration.html

For more details, visit : www.iuraipur.edu.in
Contact: Coordinator-Research and Development Cell : 9131664744
E-mail: research@iuraipur.edu.in

Campus: NH-53, Raipur Bhilai Road, KM Stone 20, Post-Kumhari, Dist-Durg (C.G.), 490 042.



डॉक्टर्स सजेशन



**डॉ. आर. पी. सिंह** सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# हीट स्ट्रोक-सन बर्न से बचने के कारगर उपाय



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। मैं फील्ड जॉब करता हूं। कृपया बताएं कि हीट स्ट्रोक और स्किन सन बर्न से बचने के लिए मुझे क्या उपाय अपनाने चाहिए?**

**-हेमंत, बिलासपुर**

जैसा आप बता रहे हैं कि आप फील्ड जॉब करते हैं, इसलिए आपको इन दिनों अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। दिन के समय घर से बाहर निकलने से पहले पानी पीकर निकलें। साथ में अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। हर घंटे में पानी पीते रहें। बेहतर होगा कि सुबह शिकंजी या छाछ पीकर निकले। साथ ही संभव हो तो जब आप फील्ड में हों तब दोपहर में भी शिकंजी या छाछ पी लें। इसके अलावा सन बर्न से बचने के लिए पूरी स्किन को ढंक कर रखें। अगर पैदल जा रहे हैं तो छाते का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 44 वर्ष है। मेरा बीपी कभी हाई तो कभी लो हो जाता है। इसकी क्या वजह हो सकती है? बीपी नॉर्मल रखने के लिए कृपया कोई उपचार बताएं।**

**-अविनाश, महासमुंद**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, जिससे ब्लड प्रेशर लो हो सकता है। इसलिए आप अपना बीपी मॉनिटर करते रहें। पानी का सेवन अधिक करें। अगर बीपी लो हो रहा है तो बीच-बीच में इलेक्ट्रॉल भी पी सकते हैं। अगर बीपी हाई भी हो रहा है तो आप एक बार डॉक्टर से कंसल्ट कर लें।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मेरी गर्दन के पिछले हिस्से में दर्द रहता है। कभी-कभी खड़े होने पर आंखों के आगे अंधेरा छा जाता है। कहीं यह किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं? ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-सुब्रत, रायपुर**

आपके लक्षण सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपको सर्वाइकल की दिक्कत हो रही है, क्योंकि सर्वाइकल में ही गर्दन में दर्द होता है और कई बार चक्कर भी आने लगते हैं। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। एक बार आप ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लें। वे जांच कर बीमारी का पता लगाएंगे और उसका ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप तकिए का इस्तेमाल बंद कर दें और मोबाइल या लैपटॉप वर्क करते समय गर्दन सीधी रखें।

**मेरी उम्र 25 वर्ष है। मुझे गर्मी के मौसम में सामान्य से बहुत अधिक पसीना आता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-विकास, दुर्ग**

यह समस्या कई लोगों में देखी जाती है, जिन्हें थोड़ी-सी गर्मी में पसीना निकलने लगता है, हाथों में पसीना आ जाता है। इसके लिए आप जरूर ध्यान रखें कि शरीर में पानी की कमी न होने दें। पानी अधिक पिएं। साथ ही कोशिश करें कि धूप में कम से कम बाहर निकलें। अगर निकल रहे हैं तो पानी की बोतल जरूर साथ रखें। इस तरह ही बचाव किया जा सकता है।

**मेरी उम्र 38 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरी बाईं आंख के नीचे गुठली-सी निकल आई है। छूने पर यह हार्ड लगता है और दर्द भी करता रहता है। कृपया बताएं कि यह क्या है और कैसे ठीक होगा?**

**-संचित, भोपाल**

आप बिना देर किए डॉक्टर से संपर्क करें, क्योंकि ऐसे मामले में बगैर जांच कराए कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। इसलिए आप जनरल फिजिशियन से संपर्क करें। वह आपको गाइड करेंगे कि कौन-सी जांच करानी है या आपको किसी डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

**मेरी उम्र 60 वर्ष है। मेरा पेट हमेशा भरा-भरा सा महसूस होता है। तय समय के हिसाब से खाना खा तो लेता हूं, लेकिन ठीक से भूख नहीं लगती। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्र, रोहतक**

आपका डाइजेशन सिस्टम ठीक नहीं चल रहा है, इसलिए आपको ऐसा लगता है। सबसे पहले अपना खान-पान सुधारना होगा। सुबह नाश्ते में जूस लेना चाहिए, दोपहर में खाने के साथ सलाद और दही लें। शाम को हल्का खाना लेना चाहिए। इसके अलावा बाजार का बना या घर में बना अधिक ऑइली खाने से फिलहाल परहेज करना चाहिए। रात में सोने से 3 घंटे पहले आपको खा लेना चाहिए। इस तरह बदलाव करके देखें, अगर आराम मिलता है तो ठीक है नहीं तो आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 31 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूरी दुनिया में वर्ल्ड नो टोबैको-डे मनाया जाता है। इसका मकसद लोगों को तंबाकू के सेवन और स्मोकिंग करने से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में जागरूक करना है। आंकड़े बताते हैं कि तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन कैंसर, हार्ट डिजीज, फेफड़ों की बीमारी और समय से पहले मौत की बड़ी वजह बन चुका है। सिर्फ स्मोकिंग करने वाला व्यक्ति ही नहीं, बल्कि उसके आस-पास रहने वाले लोग भी इसके धुएं से प्रभावित होते हैं, जिसे पैसिव स्मोकिंग कहा जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार तंबाकू शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है और लगातार सेवन करने से सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी और दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ा सकता है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

## हार्ट पर पड़ता है बुरा असर

स्मोकिंग करने या तंबाकू के सेवन से हार्ट पर क्या असर पड़ता है, इस बारे में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट एंड चैयरमेन मेट्रो ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स **डॉ. पुरुषोत्तम लाल** बताते हैं, 'स्मोकिंग और तंबाकू का सीधा असर हार्ट और ब्लड वेसल्स पर पड़ता है। तंबाकू में मौजूद हानिकारक रसायन धीरे-धीरे धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे ब्लड फ्लो प्रभावित होने लगता है। इसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, धमनियां संकरी हो सकती हैं और हार्ट अटैक के साथ ही स्ट्रोक का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सीने में दर्द, दिल की धड़कन अनियमित होना और हार्ट की कार्यक्षमता कम होने जैसी समस्याएं भी देखने को मिलती हैं। चिंता की बात यह है कि अब कम उम्र के लोगों में भी हार्ट डिजीज तेजी से बढ़ रही हैं, जिसकी बड़ी वजह तंबाकू सेवन और खराब लाइफस्टाइल है। अगर समय रहते तंबाकू छोड़ दिया जाए, तो हार्ट पर पड़ने वाला दबाव काफी हद तक कम किया जा सकता है और गंभीर हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे को घटाया जा सकता है।'




## लंग्स के लिए बहुत खतरनाक


तंबाकू का सेवन और खासतौर पर स्मोकिंग का हमारे फेफड़ों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। यह लंग्स को धीरे-धीरे कमजोर कर देते हैं। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मनोलॉजी, **डॉ. प्रीतपाल कौर** डिटेल में बताती हैं, 'स्मोकिंग के दौरान निकलने वाला धुआं फेफड़ों की नलियों और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे सांस लेने की क्षमता प्रभावित होने लगती है। लगातार स्मोकिंग करने वाले लोगों में सांस फूलना, लगातार खांसी, बलगम बनना, अस्थमा और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों में बार-बार संक्रमण हो सकता है और लंग कैंसर का जोखिम भी कई गुना बढ़ जाता है। कई बार लोगों को शुरुआती लक्षणों का पता ही नहीं चलता और बीमारी धीरे-धीरे गंभीर रूप ले लेती है। यही वजह है कि जब तक मरीज डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, तब तक फेफड़े काफी प्रभावित हो चुके होते हैं। इसलिए फेफड़ों को स्वस्थ रखने और बेहतर जीवन के लिए तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन छोड़ना बेहद जरूरी है।'

स्पेशलः वर्ल्ड नो टोबैको-डे, 31 मई

हम सभी जानते हैं कि तंबाकू चबाने और धूम्रपान करने से कई तरह की गंभीर शारीरिक बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। बावजूद इसके लोग इसकी लत से खुद को मुक्त नहीं करते हैं। तंबाकू सेवन से किस-किस तरह की बीमारियां हो सकती हैं, इसकी लत से बचे रहना कितना आवश्यक है, इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स दे रहे हैं महत्वपूर्ण जानकारियां।

# धूम्रपान-तंबाकू के सेवन से बढ़ती है गंभीर बीमारियों की आशंका





## बढ़ता है कैंसर का रिस्क

तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना कैंसर की आशंका को बहुत बढ़ा देता है। इस बारे में मैनेजिंग डायरेक्टर-कैंसर हीलर सेंटर **डॉ. तरंग कृष्णा** कहते हैं, 'तंबाकू शरीर में कैंसर पैदा करने वाले सबसे बड़े कारणों में से एक माना जाता है। सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला, जर्दा या किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन शरीर की कोशिकाओं को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक तंबाकू का सेवन करने से मुंह, गले, जीभ, फेफड़े, भोजन नली, पेट और ब्लैडर कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। कई बार लोग सिर्फ स्मोकिंग को ही खतरनाक मानते हैं, लेकिन बिना धुएं वाले तंबाकू उत्पाद भी उतने ही नुकसानदायक होते हैं। मुंह में लंबे समय तक तंबाकू रखने से सफेद दाग, छाले, मुंह कम खुलना और बार-बार घाव होना जैसे शुरूआती संकेत दिखाई दे सकते हैं, जिन्हें लोग अकसर नजरअंदाज कर देते हैं। यही छोटे लक्षण आगे चलकर गंभीर कैंसर का रूप ले सकते हैं। चिंता की बात यह है कि आज युवाओं और कम उम्र के लोगों में भी तंबाकू से जुड़े कैंसर तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर शुरूआती स्टेज में बीमारी पकड़ में आ जाए तो इलाज की संभावना बेहतर रहती है, लेकिन देर होने पर स्थिति गंभीर हो सकती है। इसलिए किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए और समय-समय पर जांच करानी चाहिए। सबसे जरूरी बात यह है कि तंबाकू छोड़ने के बाद शरीर खुद को धीरे-धीरे रिपेयर करना शुरू कर देता है और कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम होने लगता है।'



## तंबाकू छोड़ना है जरूरी

अगर आप किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं तो न भूलिए कि आप यहां बताई गई खतरनाक बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। ऐसे में तंबाकू सेवन छोड़ने का फैसला आपके जीवन का सबसे बड़ा और सकारात्मक कदम हो सकता है। तंबाकू छोड़ने के कुछ ही समय बाद शरीर में अच्छे बदलाव दिखने शुरू हो जाते हैं। धीरे-धीरे फेफड़ों और हार्ट पर पड़ने वाला दबाव कम होने लगता है और गंभीर बीमारियों का खतरा भी घटने लगता है। तंबाकू छोड़ने से शरीर ज्यादा सक्रिय महसूस करता है, सांस लेने में आसानी होती है और व्यक्ति मानसिक रूप से भी बेहतर महसूस करता है। हालांकि लंबे समय से तंबाकू सेवन करने वाले लोगों के लिए यह आदत छोड़ना आसान नहीं होता, लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति, परिवार के सहयोग और सही सलाह से यह संभव है। नियमित व्यायाम, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और तनाव कम करने वाली गतिविधियां तंबाकू की लत छोड़ने में काफी मदद कर सकती हैं। जरूरत पड़ने पर डॉक्टर या काउंसलर की मदद लेना भी फायदेमंद हो सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

### जागरूकता और संकल्प का दिन

**विश्व तंबाकू** निषेध दिवस केवल जागरूकता फैलाने का अभियान नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने का अवसर भी है। यह दिन समाज को यह संदेश देता है कि तंबाकू से दूरी बनाकर कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। खासतौर पर युवाओं को तंबाकू की लत से बचाने के लिए परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर सही समय पर लोग इस आदत से दूरी बना लें, तो वे अपने साथ-साथ अपने परिवार को भी बेहतर और स्वस्थ भविष्य दे सकते हैं।



अवेयरनेस

**डॉ. मोहसिन वली**
सीनियर फिजिशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

इन दिनों अफ्रीका के कांगो, सुडान और युगांडा देशों में इबोला वायरस संक्रमण की खबरें आ रही हैं। यह जानलेवा संक्रामक रोग है। हालांकि अपने देश में अभी इसका कोई मामला नहीं आया है लेकिन इस बारे में सही जानकारी और सावधानी बरतना जरूरी है।

# इबोला वायरस का संक्रमण सही जानकारी-सावधानी है जरूरी



इबोला वायरस का बुंडी बुग्यो स्ट्रेन बेहद संक्रामक और घातक है, जिसके चलते अफ्रीका के कुछ देशों में सैंकड़ों लोग संक्रमित ही नहीं, मौत का शिकार भी हुए हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों के तहत इसे ग्लोबल पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। यानी यह लोगों की सेहत से जुड़ी ऐसी इमरजेंसी है, जिस पर पूरी दुनिया को तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**सरकार ने जारी किए निर्देशः** हालांकि भारत में फिलहाल इबोला का कोई प्रकोप नहीं है, लेकिन बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने भी अफ्रीका के कांगो, युगांडा और साउथ सूडान देशों को हाई रिस्क कंट्री की कैटेगरी में रखा है। अंतरराष्ट्रीय यात्रा और वैश्विक संपर्क के कारण सतर्कता बढ़ा दी है। एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग, संदिग्ध यात्रियों की निगरानी और स्वास्थ्य विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सरकार ने देश के नागरिकों को हालात सामान्य होने तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्रा न करने की भी अपील की है।

**क्या है इबोला वायरसः** अफ्रीकी देशों में पाया जाने वाला जानलेवा और यह बेहद संक्रामक ऑर्थोवायरस है। सन् 1976 में पहली बार पहचाने गए इबोला वायरस के अब तक कुल पांच मुख्य स्ट्रेन आए हैं। इनमें से बुंडी बुग्यो भी एक है जो इन दिनों कांगो और युगांडा में कहर बरपा रहा है। इबोला वायरस संक्रमित व्यक्ति के शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे शरीर में ब्लीडिंग और ऑर्गन फेलियर होने लगते हैं। डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के मुताबिक इबोला वायरस से संक्रमित मरीजों में औसतन 50 प्रतिशत की मौत हो सकती है। इसलिए वैश्विक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है।

**कैसे फैलता है वायरसः** इबोला वायरस इंसानों और प्राइमेट्स (जैसे चिंपैंजी और गोरिल्ला) को अपना शिकार बनाता है। यह वायरस डायरेक्ट कॉन्टेक्ट यानी संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड के संपर्क में आने से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है जैसे- रक्त, आंसू, पेशाब, पसीना, लार, उल्टी, मल-मूत्र, वीर्य और सेक्सुअल इंटरकोर्स, कई मामलों में ब्रेस्ट मिल्क से भी। इसके अलावा संक्रमित कपड़े, बिस्तर और दूसरे सामान छूने से भी इबोला वायरस का इंफेक्शन हो सकता है।

**इन्क्यूबेशन पीरियडः** बुंडी बुग्यो इबोला वायरस शरीर में पहुंचने के बाद बीमारी के लक्षण दिखने में 2-21 दिन तक लग सकते हैं। जब तक संक्रमित व्यक्ति में लक्षण नजर नहीं आते, तब तक वह बीमारी नहीं फैलाता।

**प्रमुख लक्षणः** शुरुआत में इसके लक्षण सामान्य बुखार जैसे लग सकते हैं, लेकिन धीरे-धीरे यह शरीर के कई अंगों को प्रभावित कर सकता है। पहले हल्का फिर तेज बुखार, थकान, बेचैनी, कमजोरी, मसल्स क्रैंप, बदन दर्द, सिर दर्द, गला खराब या खराश होना। संक्रमण बढ़ने पर किडनी-लिवर फंक्शन प्रभावित होता है। जिससे मरीज को उल्टी, डायरिया, पेट दर्द, त्वचा में रैशेज या जॉन्डिस होना, आंखों में लालिमा, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। एडवांस या गंभीर स्थिति में शरीर के आंतरिक और बाहरी ब्लीडिंग हो सकती है। आंखों में ब्लीडिंग होने से सडेन लॉस ऑफ विजन हो सकता है, रैटिनल हैमरेज हो सकता है। यूरिन में ब्लड आ सकता है यानी हैमिचुरया हो सकता है। इंजेक्शन लगाने वाली जगह से, मसूड़ों से, उल्टी या मल में भी ब्लड आ सकता है। लिवर फेलियर, किडनी फेलियर या मल्टी-ऑर्गन फेलियर की वजह से मरीज की मौत भी हो सकती है। संक्रमण के लक्षण सामान्य बुखार से मिलते-जुलते होते हैं। इसीलिए इसे पहचानना मुश्किल होता है। किसी क्षेत्र में संक्रमण आउटब्रेक चल रहा हो, तो मरीज का इबोला संक्रमित होने के अंदेशे और लक्षणों के आधार पर पहचाना जा सकता है।


**कैसे होता है डायग्नोजः** मरीज का फिजिकल एग्जामिनेशन किया जाता है। लक्षणों पर गौर कर आरटीपीसीआर टेस्ट से होती है। ब्लड प्लेटलेट्स कम हो सकते हैं। आईजीजी, आईजीएम टेस्ट भी किए जाते हैं।

**कैसे होता है उपचारः** इबोला के लिए कोई विशेष इलाज नहीं है। मेडिकल इंटरवेंशन से मरीज को आइसोलेट करके मैनेज किया जाता है। मरीज की स्थिति के हिसाब से एंटीबायोटिक दवाइयां दी जाती हैं। मरीज को जाइरेनसी ऑर्थो-इबोला वैक्सीन भी दी जा सकती है, जो एफडीए प्रूव है और इबोला स्ट्रेन के उपचार में काफी प्रभावी है। इबोला संक्रमण होने की स्थिति में आम तौर पर सपोर्टिव केयर की जाती है। डिहाइड्रेशन या मरीज के शरीर में पानी की कमी पूरी करने के लिए मुंह या फिर नसों के जरिए लिक्विड दिए जाते हैं। फेफड़ों को नुकसान होने पर सांस लेने में दिक्कत होने की स्थिति में ऑक्सीजन दी जाती है। चेस्ट इंफेक्शन होने पर एंटीबायोटिक मेडिसिन दी जाती हैं। लो ब्लडप्रेशर को मेंटेन करने के लिए फ्ल्यूड दिए जाते हैं। *



**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

### कैसे करें बचाव



**इससे बचाव** के इन उपायों पर अमल करें।

- संक्रमित व्यक्ति के बॉडी फ्ल्यूड से बचें।
- सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करें। एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखें।
- हाथ न मिलाएं। मास्क पहनें।
- संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं को छूते समय एहतियात बरतें। यथासंभव ग्लव्स पहनें या अच्छी तरह हाथ धोएं।
- अगर किसी बच्चे को संक्रमण हो रहा है, तो मां के पास ही रखें, दूसरे लोगों के पास न जाने दें।
- संक्रमित व्यक्ति कफ-एटीकेट, हैंडवॉश प्रोटोकॉल अपनाएं।
- जंगली जानवरों के संपर्क से बचें। कच्चे मांस का सेवन बिल्कुल न करें।
- स्वास्थ्यकर्मी पर्सनल प्रोटेक्टिव गेयर यानी पीपीई किट (दस्ताने, मास्क और सुरक्षात्मक कपड़े) पहनें।
- इबोला संक्रमित मृत व्यक्ति का अंतिम संस्कार करते हुए पूरी एहतियात बरतें क्योंकि विशेषज्ञ मानते हैं कि मृत शरीर भी संक्रामक होता है।
- इबोला वायरस के लक्षणों के प्रति सतर्क रहें। किसी भी तरह की आशंका हो तो यथाशीघ्र डॉक्टर को कंसल्ट करें।



## नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया आदेश

# सभी बड़े सरकारी-निजी भवनों में अनिवार्य होगा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग


**बारिश के बाद भूजल स्तर का होगा आकलन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में लगातार गिरते भूजल स्तर और बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए बड़ा फैसला लिया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में शासकीय, अर्द्धशासकीय और बड़े निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से स्थापित करने के निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही सरकार अब बारिश के बाद भूजल स्तर में कितना सुधार हुआ, इसका भी मूल्यांकन कराएगी।

- रगरमी में भूजल नीचे जा रहा है, पीने के पानी का संकट भी

विभाग ने जिला कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों और नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को मिशन मोड में कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा है। आदेश में कहा गया है कि हर वर्ष गर्मी के दौरान कई शहरों में भूजल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है और पेयजल संकट की स्थिति बन रही है। ऐसे में वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण को प्राथमिकता देना जरूरी हो गया है।




### 15 जून तक सरकारी भवनों में लगाना होगा सिस्टम

सरकार ने निर्देश दिया है कि जिले में स्थित सभी शासकीय और अर्द्ध शासकीय कार्यालयों तथा आवासीय परिसरों में 15 जून 2026 से पहले रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किया जाए।इसके लिए सभी नगरीय निकायों को पहले सर्वे करने को कहा गया है। सर्वे में यह पता लगाया जाएगा कि वर्तमान में भूजल स्तर की क्या स्थिति है, कितने भवनों में वर्षा जल संचयन की संरचनाएं पहले से बनी हैं और कितने भवनों में अब भी व्यवस्था नहीं है।

### बारिश के बाद होगा भूजल स्तर का मूल्यांकन

दिशा-निर्देशों का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह है कि सरकार केवल संरचनाएं बनाकर नहीं रुकेगी, बल्कि उनके प्रभाव का भी आकलन करेगी। आदेश में आगामी दो महीनों में कितनी वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनीं और वर्षा ऋतु के बाद भूजल स्तर में क्या बदलाव आया, इसका मूल्यांकन किया जाएगा। यह कदम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पहली बार सरकार ने रेन वॉटर हार्वेस्टिंग को केवल निर्माण परियोजना की तरह नहीं, बल्कि भूजल सुधार के परिणामों से जोड़कर देखा है।

### 150 वर्ग मीटर से बड़े भवनों पर विशेष फोकस

आदेश के मुताबिक 150 वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंडों और भवनों की विशेष निगरानी की जाएगी। निकायों को ऐसे भवनों की सूची तैयार करनी होगी जहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया गया है।सरकार ने यह भी साफ किया है कि जिन निजी भवनों, कॉलोनियों या संस्थानों की भवन अनुमति अवधि समाप्त हो चुकी है और जहां अब तक सिस्टम स्थापित नहीं किया गया है, वहां जमा सुरक्षा निधि राजसात कर निकाय स्वयं एजेंसी के माध्यम से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित कराएंगे।

### अस्पताल, कॉलोनी और उद्योगों में भी अनिवार्य

निर्देशों के तहत स्कूल, अस्पताल, व्यावसायिक भवन, आवासीय कॉलोनियां, टाउनशिप और औद्योगिक इकाइयों में भी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य किया गया है।नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी संबंधित भवनों से यह प्रमाणपत्र प्राप्त करेंगे कि वहां सिस्टम स्थापित और कार्यशील है। जिन भवनों में पहले से व्यवस्था मौजूद है, वहां भी उसकी कार्यशीलता का प्रमाण देना होगा।

### बोरवेल और हैंडपंपों के पास बनेंगे रिचार्ज पिट

सरकार ने भवनों के साथ-साथ उद्यानों, बोरवेल और हैंडपंपों के पास भी रिचार्ज पिट बनाने पर जोर दिया है ताकि बारिश का पानी सीधे भूजल स्तर बढ़ाने में उपयोग हो सके। बारिश शुरू होने से पहले यह काम पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हर निकाय को बनानी होगी कार्ययोजना

विभाग ने सभी नगरीय निकायों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने और उसका रणनीतिक तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है। संचालनालय स्तर पर प्रमुख अभियंता कार्यालय को इस अभियान का नोडल केंद्र बनाया गया है।सरकार का कहना है कि यदि वर्षा जल संचयन संरचनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हुआ तो आने वाले वर्षों में शहरी क्षेत्रों में भूजल स्तर सुधारने और गर्मी के दौरान पेयजल संकट कम करने में बड़ी मदद मिल सकती है।

# छत्तीसगढ़ में लागू होगी 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम'

- चावल की गुणवत्ता, पोषण और मिलिंग प्रक्रिया को बेहतर बनाने
- राइस मिलर्स ने मिलों के आधुनिकीकरण और गुणवत्ता सुधार पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारत सरकार की नवीन 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में बुधवार को न्यू सर्किट हाउस में एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने की। इसमें छत्तीसगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, भारतीय खाद्य निगम, मार्कफेड तथा प्रदेशभर के राइस मिलर्स ने भाग लिया।

कार्यशाला में खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा, भारत सरकार आगामी खरीफ वर्ष में 'इम्प्रूव्ड राइस स्कीम' को प्राथमिकता के साथ लागू करने की दिशा में कार्य कर रही है। राज्य के राईस मिलों को इसके लिए निर्धारित मानकों के अनुरूप तकनीकी रूप से अपग्रेड करना आवश्यक होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि मिलर्स द्वारा दिए गए सुझावों और समस्याओं का परीक्षण कर आवश्यक प्रस्ताव भारत सरकार को भेजे जाएंगे।




### चावल ब्रोकन का निर्धारित मानक तय

कार्यशाला में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 से लागू की जाने वाली 'इम्प्रूव्ड राईस स्कीम' के विभिन्न प्रावधानों, गुणवत्ता मानकों, भंडारण व्यवस्था, अनुबंध प्रक्रिया, लागत एवं क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से 10 प्रतिशत अरवा ब्रोकन चावल एवं 5 प्रतिशत उसना ब्रोकन चावल के निर्धारित मानकों की जानकारी दी।

### मिलर्स ने बताई समस्याएं

बैठक के दौरान राईस मिल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने व्यवहारिक समस्याओं और सुझावों को प्रमुखता से रखा। मिलर्स ने प्रदेश में उन्नत धान किस्मों की खेती को बढ़ावा देने, भारतीय खाद्य निगम में रैक मूवमेंट को तेज करने तथा मिलिंग लागत में वृद्धि जैसे मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही उन्होंने स्कीम के सफल क्रियान्वयन के लिए तकनीकी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता बताई।

### हाईवे में हेलमेट अनिवार्य करने के लिए सीएम को लिखे पत्र

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष पूर्व पार्षद रमेश आहूजा एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि हमारी समिति ने आपको हेलमेट अनिवार्य करने के संबंध में कई पत्र लिखे, जिसके जवाब में अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने 27 अप्रैल को एक पत्र रायपुर के सभी समाचार पत्रों को जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा कि, केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आदेश के अनुसार मोटर साइकिल चालक व पीछे बैठे सवार दोनों के लिए हेलमेंट अनिवार्य किया गया है तथा इस संबंध में मोटर यान अधिनियम 1988 में आवश्यक प्रावधान किए गए है, इस प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मोटर साइकिल चालाने पर इस अधिनियम की धारा 194 (घ) के तहत अर्थदंड से दंडित किए जाने का प्रावधान है। अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने समाचार पत्रों में कहा है कि राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की मई माह में बैठक होगी, जिसमें निर्णय लेकर अभियान चलाकर कार्यवाही की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)**

Phone No. 07836-232224 Email ID- nppbkp@gmail.com
क्र./1729/न.पा.परि./लो.नि./2026 बैकुण्ठपुर, दिनांक 27/05/2026

-:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::-

लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से विभिन्न वार्डो में पाईप लाईन विस्तार कार्य एवं एक्जिस्टिंग एलएलआरएम सेंटर में अतिरिक्त कार्य कराये जाने हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका सिस्टम टेंडर क्रमांक 189408 एवं 189433 है जिसकी कुल लागत राशि 70.10 लाख रू. एवं निविद डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17.06.2026 है। उपरोक्त कार्यो की निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेवसाईट www.uad.cg.gov.in या http://eproc.cgstate.gov.in का अवलोकन करें।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बैकुण्ठपुर**
**जिला कोरिया (छ.ग.)**

स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें

**IN THE HON'BLE HIGH COURT OF CHHATTISGARH AT BILASPUR**

**CAVEAT APPLICATION NO. / 2026**
**WP (C) NO. /2026**

**CAVEATOR [PROPOSED RESPONDENT]** : SOUTH EASTERN COALFIELDS LIMITED THROUGH GENERAL MANAGER, RAIGARH AREA

**VERSUS**

**NON-CAVEATOR [PROPOSED PETITIONER/S]** : TO GENERAL PUBLIC/ALL THE CONCERNED PEOPLE TO WHOM IT MAY RELATE

**CAVEAT UNDER SECTION 148-A OF THE CODE OF CIVIL PROCEDURE, 1908**

The caveator named above begs to submit as under:

1. That, it is submitted that a Public Hearing is being conducted, on the date 08.06.2026 at 11:00 AM at Atal Chowk, Village Pelma, Tehsil Tamnar, District Raigarh, by the Chhattisgarh Environment Protection Board in compliance with the Notification dated 14.09.2006 issued by the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India (copy enclosed), for the purpose of obtaining Environmental Clearance for Pelma OCP (15 MTPA) within the mining lease area of 2077.934 hectares. Copy of the notification dated 20.05.2026 and the newspaper cutting has been collectively attached herewith as **Annexure C-1 (Colly.).**
2. That, the Caveator is required to obtain Environment Clearance (EC) from MOEF&CC for commencement of the project. And the caveator has come to learn and apprehends that some private persons/people/groups/groups of people or registered/non-registered group may challenge the above mentioned Public Hearing which is being conducted and may approach this Hon'ble Court by way of a Writ Petition under Article 226 of the Constitution of India or by way of filing of Public Interest Litigation, seeking to challenge the validity, fairness, or rationality of the said Public Hearing thereunder or to stall or cancel the same along-with application for grant of interim relief/stay. In such event, notice be given **"Chetan Singh Chauhan, Advocate,** R-9/21 Rama Valley, Bodri Bilaspur (C.G.), Contact: 8280810559, so that the interest of the caveator may be duly safeguarded.
3. That, the copy of the notice of this caveat has been published in the newspaper circulated in the area. Copy of the paper cutting of the said publication has been attached herewith as **Annexure C-2.**

**PRAYER**

The Caveator most respectfully prays that this Hon'ble Court may graciously take this Caveat on record and be pleased not to pass any ex-parte or interim order in any proceeding concerning the said actions of the SECL without affording the Caveator an opportunity of hearing.

**BILASPUR (C.G.)**
**DATE : . .2026**

**(CHETAN SINGH CHAUHAN)**
**COUNSEL FOR THE CAVEATOR/ PROPOSED RESPONDENT**

# 2 साल में 50 से ज्यादा चेनमाउंटेन मशीनें जब्त

## जुर्माना भी 50 लाख से ज्यादा वसूला, बावजूद नियम विरुद्ध खनन जारी

**रायपुर।** रायपुर जिले में इन दिनों अवैध तथा नियमों के विरुद्ध रेत का उत्खनन बंद कराने के लिए सभी खदानों को खनिज विभाग ने जरूर बंद करा दिया है, लेकिन पिछले दो साल का आंकड़ा बता रहा है कि नदियों में किस तरह से पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। पिछले दो वर्ष में जिले में विभिन्न खदानों में कार्रवाई करते हुए खनिज विभाग ने 50 से ज्यादा चेन माउंटेन मशीनों से रेत उत्खनन करते हुए पकड़ा है। इन मशीनों के मालिकों पर इसके लिए प्रति मशीन एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इस तरह 50 लाख से ज्यादा जुर्माना वसूला है। खनिज विभाग की यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि नदियों का सीना चीरने में वैध एवं अवैध रूप से खनन करने वाले कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इधर दूसरी ओर पर्यावरण की गाइड लाइन का खदानों में पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी निगरानी तथा नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई का जिम्मा जिस पर्यावरण विभाग के अधिकारियों कंधों पर है, वे गहरी नींद में सोए हुए हैं।

खनिज विभाग के जिला अधिकारी राजेश मालवे ने बताया कि पिछले दो साल में रेत खदानों में संलिप्त 50 से अधिक चेन माउंटेन, पोकलने मशीनों को जब्ती बनाकर उनके मालिकों से जुर्माना वसूल किया है। प्रत्येक चेन माउंटेन, पोकलेन मशीन के मालिक पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि मशीनों से रेत खनन तथा वाहन में लोडिंग करना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी रेत खनन का कार्य तेजी से हो, इसके लिए मशीनों का उपयोग करते हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि विभाग की गाइड लाइन के प्रावधान के तहत मशीनों को पकड़कर जुर्माना वसूला जाता है। जुर्माना लेने के बाद मशीनों को छोड़ना पड़ता है, क्योंकि इसमें सख्त कार्रवाई का प्रावधान ही नहीं है। हालांकि पर्यावरण विभाग को सख्त कार्रवाई का प्रावधान है, लेकिन उनके द्वारा इस मामले में कोई एक्शन तक नहीं लिया जाता।

### नदी का सीना चीर बीचोबीच की जा रही खुदाई

पर्यावरण विभाग की गाइड लाइन के अनुसार नदी के तटों पर जहां रेत जमा हो रही है, उन्हें ही खनन की अनुमति दी जाती है, लेकिन जिले में कई खदानों में नदी के बीचो बीच जाकर सीना चीरकर मशीनों से रेत निकाली जा रही है। इससे नदी में कटाव भी हो रहा है, जबकि कटाव क्षेत्र में खनन प्रतिबंधित है।

**गुमशुदा की तलाश**



**निश्थि लाल** (78 वर्ष) पिता रामभूरेलाल, निवासी- भाठागांव, ब्लाक नं. 01/22, BSUP कालोनी, मुस्लिम मोहल्ला, थाना- पुरानी बस्ती रायपुर (छ.ग.) रंग-सांवला, हाईट-5.2'', चेहरा- गोल, कपड़ा- सफेद लाइनिंग कलर का शर्ट, कत्था पेंट, हिंदी-छत्तीसगढ़ी बोलता है। मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। किसी व्यक्ति को मिले या दिखे तो नीचे लिखे नंबर पर संपर्क करें। पहुंचाने वाले को 5,000 रुपए ईनाम राशि दिया जावेगा।

**आलवीन लाल**
**मो. 95891 47606, 9630224933**

**केंद्रीय रेशम प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान**
केंद्रीय रेशम बोर्ड
(वस्त्र मंत्रालय - भारत सरकार)
बी.टी.एम. लेआउट, मडिवाला, बेंगलुरु 560068
Phone: +91-80-2628 2699 Email: cstriban.csb@nic.in Website: cstri.res.in

No.CSB/CSTRI/PMC/Master Reelers/2026-27 **प्रत्यक्ष साक्षात्कार** दिनांक: 27.05.2026

सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत संविदा के आधार पर 10 महीने या जून 2026 से मार्च 2027 तक की अवधि के लिए मास्टर रीलर्स/तकनीशियनों/बुनकरों/डायर्स के (73) पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक उम्मीदवार 05.06.2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे प्रत्यक्ष साक्षात्कार (वॉक-इन इंटरव्यू) में शामिल हो सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए, वेबसाइट देखें https://cstri.res.in & http://csb.gov.in

सीबीसी: 41109/11/0003/2627 ह/- निदेशक

interio by Godrej

**PUBLIC NOTICE**

It has come to the notice of Godrej & Boyce Manufacturing Company Limited., part of Godrej Enterprises Group, having its registered office at PIROJSHA NAGAR, VIKHROLI, MUMBAI, Maharashtra, India - 400079., that the Company's ex-dealer is unauthorizedly claiming to be present dealers/distributors of the Company and selling its products.
This is to inform the general public that M/s. Gagan Home Solutions, operating from Gagan Complex, Old Gazibo Building, Beside Indian Bank, Vyapar Vihar Road, Bilaspur Chhattisgarh - 495001, is no longer the Company's authorized dealer/distributor but is representing itself as an authorised dealer by using the Company's signage of "Godrej Interio" and selling the Company products. Kindly note, any purchase of products from M/s Gagan Home Solutions is at the buyer's own risk, and the Company shall not be responsible for the quality, authenticity, or warranty of such products.
For genuine products and after-sales support, customers are advised to contact our authorized dealer in the area:
**Authorized Dealer:** M/s Kesharwani Makers and Movers Pvt. Ltd.
**Address:** FCI Chowk, Nr. Ananda Imperial Hotel, Vyapar Vihar, Bilaspur (CG)- 495001 **Contact:** 9111882220
Members of the public are requested to take note and exercise caution while purchasing products from unauthorized sources.
**Issued in the public interest by:**
Godrej & Boyce Manufacturing Company Limited., part of Godrej Enterprises Group., Interio by Godrej **Contact:** 0771-2990306
**Date:** 19-05-26

**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/06/2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बिलासपुर, बस स्टैंड बिलासपुर, 0117040700024880, 5161, 5242, 5563, 5701, 6702, 0117040730046387, 6434, लिंक रोड बिलासपुर, 0131560700017528, 7595, 0131560730020583, महाराणा प्रताप चौक, 0124630700020495, 0930, 1322, 2268, 0124630730020960, 1291, 1477, 2569, 2780, 3154, 4560, 5284, मंगला चौक बिलासपुर, 0122000700022501, 2511, 2550, 2842, 2904, 4897, 5149, 5324, 5459, 5610, 5686, 5785, 5932, 6144, 6735, 7481, 0122000730033897, 4922, 5082, 5157, 6503, 6631, 6655, 6708, 6731, 7012, 7277, 7323, 7484, 7485, 7486, 9490, 9779, 0166, सदर बाजार बिलासपुर, 0129660700015724, 7940, 8166, 8372, 8560, 8864, 8872, 9137, 0062, 0080, 0204, 0129660730017207, 9037, 9119, 9799, 0825, 0059, 0352, सरकंडा बिलासपुर, 0121440700023188, 3301, 3335, 3389, 3643, 3673, 3753, 3839, 3864, 3955, 4475, 4506, 4509, 4525, 5292, 5327, 5328, 0121440730026075, 9956, 0361, 0418, 0679, 0680, 0681, 0682, 0901, 1089, 1234, 1507, व्यापार विहार, 0115450700019945, 9950, 0221, 0659, 0684, 0693, 0741, 0957, 0984, 1046, 1777, 0115450730026507, 8422, 8597, 8643, 9071, 9378, 9617, 9618, 9619, जंजगीर चंपा, अकलतरा, 0138220700005753, 0138220730038126, 9794, 0648, 0743, बरपाली चौक जाँजगिर-चांपा, 0134380730022662, 3636, 4012, 4165, 4520, 4523, 0134380750000120, 0129, कोर्बा, कोसाबाडी, 0125440700028154, 8446, 8819, 0950, 0125440730049965, 6895, 7029, 8840, 0570, 2026, निहारिका टॉकीज, 0116970700021930, 2784, 3001, 0116970730044121, 4347, 4811, 8354, पॉवर हाउस रोड, 0114460700017859, 7930, 7945, 7953, 0114460730031255, 2106, 2158, 2230, 2359, 2825, 2896, 3293, 3584, 3776, 4463, 0222, टी पी नक्षर, 0126470700016770, 0126470730029112, 9170, 9641, 0793, ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, 0114450700023928, 4800, 5647, 0114450730046020, 6321, 6451, 6629, 6847, 0738, रायगढ़, जगतपुर छत्तीसगढ, 0123720700032570, 3068, 4714, 4937, 0123720730044946, 5014, 5045, 5328, 5520, 5616, 5831, 5865, 5931, 6212, 6289, 6336, 6348, 6352, 6536, 7304, 7321, 8359, 8747, 8988, 9342, 0417, 1911, कोटरा रोड, 0126070700021949, 4685, 0126070730039700, 9882, 0395, रामनिवास टॉकीज़ रोड, 0117520700035254, 6263, 7950, 0117520730041600, 1875, 6149, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 0131880700018309, 8461, 8956, 9076, 9364, 9397, 9569, 9679, 9727, 9859, 9921, 0057, 0102, 0159, 0359, 0369, 0408, 0528, 0530, 1270, 1349, 2089, 3421, 3477, 0131880730014057, 7140, 7350, 8178, 8423, 8701, 8702, 8795, 8940, 9188, 0651, 2718, 4018, 4167, 5521, 6549, 9241, 0117, ब्रह्मा रोड अंबिकापुर, 0131900700011656, 2022, 2126, 2228, 2447, 2451, 2644, 2946, 2978, 3036, 3476, 3769, 0131900730015023, 5418, 8510, 8511, 8512, 8622, खरसिया रोड अंबिकापुर, 0131960700012870, 3881, 4205, 4300, 5580, 6270, 6276, 6440, 6876, 7061, 9461, 0131960730017020, 1171,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के ज़रिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज़्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

भारत सरकार
**केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान**
**ट्रैक्टर नगर, बुदनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) 466445**
**कृषि मशीनरी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (वर्ष 2026-27)**
**आगामी माहों में निम्नलिखित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चलाया जाना प्रस्तावित है**

| पाठ्यक्रम का नाम | कोड | अवधि | प्रारंभ की तिथि | समाप्ति की तिथि | आकस्मिक शुल्क | पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| कृषि में उर्जा प्रबंधन के लिये उपयुक्त मशीनीकरण तकनीक | यू-1 | 4 सप्ताह | 15.09.2026<br>16.11.2026 | 09.10.2026<br>11.12.2026 | नि:शुल्क | प्रगतिशील कृषक जो मशीनीकृत खेती के इच्छुक हों, ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी के मालिक/प्रचालक प्रचार-प्रसार कार्यकर्ता एवं निजी संस्थान के कर्मचारी, जो कृषि मशीनरी क्षेत्र में संलग्न हों। |
| उन्नत कृषि मशीनरी का चयन, प्रचालन, सुरक्षा व रखरखाव | यू-2 | 6 सप्ताह | 30.03.2026<br>31.08.2026<br>02.11.2026<br>01.02.2027 | 08.05.2026<br>09.10.2026<br>11.12.2026<br>12.03.2027 | | |
| महिला कृषकों के लिए उपयुक्त सहयोगी उपकरण | यू-5 | 3 दिन | आवश्यकतानुसार | | | |
| पौध संरक्षण उपकरण का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव | यू-8 | 1 सप्ताह | 11.01.2027 | 15.01.2027 | | |
| उन्नत कटाई एवं गहाई उपकरणों का चयन, प्रचालन एवं रखरखाव | यू-9 | 2 सप्ताह | 23.11.2026<br>22.03.2026 | 04.12.2026<br>02.04.2027 | | |
| शुष्क खेती के लिए कृषि यंत्रों का चयन, प्रचालन और रखरखाव | यू-11 | 2 सप्ताह | 14.09.2026 | 25.09.2026 | | |
| फसल आधारित कृषि मशीनरी | यू-12 | 1 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | | |
| **कौशल विकास पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| ट्रैक्टर प्रचालक | एजीआर/क्यू1115 | 290 घंटे | एएससीआई अनुमोदन के अनुसार संस्थान की वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा | | नि:शुल्क | दसवीं कक्षा उत्तीर्ण |
| हार्वेस्टिंग मशीन प्रचालक | एजीआर/क्यू1116 | 290 घंटे | | | | दसवीं कक्षा उत्तीर्ण |
| **तकनीशियन स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| स्टेशनरी इंजिनों एवं ट्रैक्टरों की मरम्मत व ओवरहालिंग | टी-1 | 6 सप्ताह | 16.03.2026<br>12.10.2026<br>14.12.2026<br>25.01.2027 | 24.04.2026<br>20.11.2026<br>22.01.2027<br>05.03.2027 | रु. 300 | ऐसे आवेदक जो ट्रैक्टर मेकेनिक, फार्म मैकेनिक, मैकेनिक एग्रीकल्चरल मशीनरी, डीजल मेकेनिक, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन या अन्य समकक्ष विषयों पर आई.टी.आई. सर्टिफिकेट परीक्षा पास कर चुके हों/उन्नत कृषि मशीनरी का चयन, प्रचालन, सुरक्षा व रखरखाव पाठ्यक्रम/ उपर्युक्त विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त हो या केन्द्र/राज्य/निजी संस्थाओं/गैर सरकारी संगठन में कार्यरत् संबंधित विषयों के अधिकारी/कर्मचारी। |
| कृषि मशीनों के हाइड्रॉलिक सिस्टम का अध्ययन व मरम्मत | टी-4 | 4 सप्ताह | 27.04.2026<br>23.11.2026<br>25.01.2027<br>08.03.2027 | 22.05.2026<br>18.12.2026<br>19.02.2027<br>02.04.2027 | रु. 200 | |
| आटो इलेक्ट्रिकल उपकरण का रखरखाव एवं मरम्मत तथा बैटरी रि-कंडीशनिंग | टी-5 | 3 सप्ताह | 13.07.2026<br>28.09.2026<br>01.03.2027 | 31.07.2026<br>16.10.2026<br>19.03.2027 | रु. 150 | |
| डीजल पम्पिंग सेट का स्थापन, मरम्मत व ओवरहालिंग | टी-8 | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | रु. 100 | |
| कम्बाइन हार्वेस्टर एवं भूसा-मशीन का स्थापन, रखरखाव एवं मरम्मत | टी-9 | 3 सप्ताह | 02.11.2026 | 20.11.2026 | रु. 150 | |
| **शैक्षणिक स्तर पाठ्यक्रम** | | | | | | |
| डिग्री /डिप्लोमा स्तर के अभियान्त्रिकी छात्रों के लिए फार्म पावर एवं मशीनरी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम | ए-1 | 4 सप्ताह | 04.05.2026<br>01.06.2026<br>29.06.2026<br>03.08.2026<br>04.01.2027 | 29.05.2026<br>26.06.2026<br>24.07.2026<br>28.08.2026<br>29.01.2027 | रु. 2000 | विभिन्न कालेजों के कृषि एवं यांत्रिकी इंजीनियरिंग,स्नातक/डिप्लोमा यवसायिक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए। **(आवेदन संस्था द्वारा प्राप्त होने पर ही विचार किया जायेगा)।** |
| **प्रबन्धन स्तर पाठ्यक्रम**<br>कृषि मशीनरी प्रबन्धन | एम-2 | 1 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | रु. 2500 | प्रगतिशील कृषक/ट्रैक्टर एवं कृषि मशीनरी निर्माताओं/ शासकीय विभागों/ गैर सरकारी संगठन द्वारा नामितइंजीनियर/प्रबंधकों/कर्मचारियों/ कृषकों के लिए। **(कृषकों हेतु नि:शुल्क)** |
| **आवश्यकता पर आधारित पाठ्यक्रम** | एन बी | .. | आवश्यकतानुसार | | रु. 250 प्रति सप्ताह | |
| **महिलाओं के लिए उन्नत कृषि प्रौद्योगिकियों पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम** | | | | | | |
| 1. कृषि प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन मशीनरी<br>2. ट्रैक्टर और पावर टिलर से परिचित होना<br>3. कस्टम हायरिंग सेंटर/एफएमबी की स्थापना | एसटीपीडब्ल्यू | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | नि:शुल्क | प्रगतिशील महिला किसान, कृषि मशीनरी मालिककृषि विस्तार कार्यकर्ता /कृषि में कार्यरत स्वयं सहायतासमूह,सरकारी/अर्ध-सरकारी/दक्षिणअफ्रीकी संघों/गैर-सरकारीसंगठनों/निजी संगठनों द्वारा प्रायोजित संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| **स्मार्ट कृषि के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम** | | | | | | |
| 1. भविष्य की कृषि के लिए मशीन लर्निंग, आईओटी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता<br>2. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए स्वायत्त ट्रैक्टर<br>3. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए ड्रोन<br>4. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए रोबोट<br>5. भविष्य की स्मार्ट कृषि के लिए प्रसिजन और खाद्य प्रसंस्करण | एसटीपी | 2 सप्ताह | आवश्यकतानुसार | | नि:शुल्क | प्रगतिशील महिला/पुरुष किसान, कृषि में लगे ग्रामीण युवा और सरकारी/अर्ध-सरकारी/एसएयू/एनजीओ/निजी फर्मों आदि से संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| **रिमोट पायलट प्रमाणपत्र (ड्रोन पायलट प्रशिक्षण)** | आरपीसी (छोटा ड्रोन) | 15 दिन | आवश्यकतानुसार | | 15000+ 18% जीएसटी | 10वीं पास, प्रगतिशील महिला/पुरुष किसान, कृषि में लगे ग्रामीण युवा और सरकारी/अर्ध-सरकारी/एसएयू/एनजीओ/निजी फर्मों आदि से संबंधित तकनीकी कर्मी। |
| प्रशिक्षु प्रशिक्षण: https://nats.education.gov.in (For Degree pass out) | ग्रेजुएट अपरेंटिस | 1 वर्ष | नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका | | | कृषि इंजीनियरिंग स्नातक उत्तीर्ण |
| प्रशिक्षु प्रशिक्षण: www.apprenticeshipindia.gov.in (For ITI passouts) | ट्रेड अपरेंटिस | 1 वर्ष | नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका | | | ट्रैक्टर/ डीजल/ इलेक्ट्रीशियन/ कोपा में आई.टी. आई. उत्तीर्ण |

**आवेदन कैसे करें**-आवेदक अपना विस्तृत विवरण,यथा 1.नाम, 2.पिता का नाम, 3.जन्म तिथि, 4.वर्ग 5.पत्र व्यवहार का पता, 6.प्रशिक्षण का उद्येश्य 7.शैक्षणिक योग्यता व तकनीकी योग्यता, 8.कृषि भूमि(एकड़/हेक्टर) 9.कृषि मशीनों को चलाने का अनुभव, इत्यादि विवरण सादे कागज पर दे सकते हैं और शैक्षणिक/ तकनीकी योग्यता, कृषि एवं तकनीकी क्षेत्र में अनुभव, रोजगार (नौकरी) इत्यादि से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजातों की फोटो प्रतिलिपियों के साथ, संस्थान के निदेशक को वर्ष में कभी भी और या पाठ्यक्रम प्रारंभ होने के एक माह पूर्व तक, अपने आवेदन भेज सकते हैं। यदि चाहें तो निर्धारित आवेदन प्रपत्र व्यक्तिगत तौर पर प्राप्त कर सकते हैं। ई-मेल के द्वारा भी आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यकम एवं आवेदन-पत्र संस्थान की वेबसाइट से भी डाऊनलोड किये जा सकते हैं । पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने पर किसी भी पाठ्यक्रम को निरस्त किया जा सकता है। **प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का पुनर्गठन प्रक्रिया मे है। अनुमोदित नए पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण कैलंडर मे आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा सकता है।**

**सुविधाएँ**-उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यक्रम एवं विशेष पाठ्यक्रम में, नामित कर्मचारियों को छोड़कर, प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को प्रति दिन रूपये **250/- प्रशिक्षण वृत्तिका** दी जाती है एवं प्रशिक्षणार्थी के निवास से कम से कम दूरी का आने एवं वापस जाने का न्यूनतम श्रेणी का किराया (मूल टिकिट जमा करने पर) भुगतान किया जाता है। सभी पाठ्यकम के सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान में वास्तविक दरों पर भोजन व्यवस्था एवं ठहरने के लिए नि:शुल्क छात्रावास उपलब्ध है। उपयोगकर्ता स्तर पाठ्यकम एवं कौशल विकास पाठ्यकम के अतिरिक्त अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण वृत्तिका देने का प्रावधान नहीं है तथा आने-जाने का किराया भी संस्थान द्वारा प्रदान नहीं किया जाएगा। प्रशिक्षु प्रशिक्षणार्थियों को नियमानुसार प्रतिमाह प्रशिक्षण वृत्तिका प्रदान की जाती है।
**उम्र** -सभी पाठ्यकमों के लिए आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होना चाहिए (नामित उम्मीदवारों को छोड़कर) और उनको हिन्दी या अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना आवश्यक है ।
**संस्थान का पता**, : जहाँ आवेदन भेजे जा सकते हैं / सम्पर्क किया जा सकता है।
**निदेशक केन्द्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, बुदनी, जिला-सीहोर (म.प्र.) 466445**

**E-mail :** fmti-mp@nic.in
Website: http://fmttibudni.gov.in
**प्रशिक्षण कार्यालय:** 07564-299004, 07564-299002
**निदेशक कार्यालय** - 07564-299003

महिलाओं-बच्चों की सुविधाओं पर रहेगा फोकस

# छत्तीसगढ़ के 45 निकायों में बनेंगे 'एस्पिरेशनल टॉयलेट'

◆ सार्वजनिक उपयोग वाले स्थानों पर होगा ये निर्माण

◆ 10 सीटर टायलेट की लागत 28.20 लाख, 6 वाले की 16.92 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत अब सार्वजनिक शौचालयों का नया मॉडल विकसित किया जाएगा। राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने 45 नगरीय निकायों में आकांक्षीय शौचालय यानी "एस्पिरेशनल टॉयलेट विद यूरिनल" निर्माण के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन शौचालयों में केवल साफ-सफाई ही नहीं, बल्कि महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगजनों और ट्रांसजेंडर समुदाय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

राज्य सरकार ने इसके लिए स्वीकृत कार्ययोजना जारी कर दी है। जिन निकायों में निर्माण प्रस्तावित है उनमें अंबिकापुर, भिलाई, बीरगांव, दुर्ग, राजनांदगांव, रिसाली, बेमेतरा, जशपुरनगर, तमनार, बड़ीकरेली, सक्ती, सारंगढ़, बांकी मोंगरा, गौरेला, डोंगरगढ़, बम्हनीडीह, बरेला, भटगांव (सारंगढ़), भिंभौरी, विश्रामपुर, चिखलाकसा, डभरा, दाढी, देवभोग, गीदम, घुमका, इंदौरी, जनकपुर, जरहागांव, कोपरा, कुसमी (बलरामपुर), कुसमी (बेमेतरा), लखनपुर, लालबहादुर नगर, मरवाही, नरियरा, पलारी (बालोद), पामगढ़, परपोड़ी, पटना, पवनी, रोहांसी, सहसपुर लोहारा, सरसींवा और शिवनंदनपुर शामिल हैं।



### ओडीएफ प्लस लक्ष्य हासिल करने की तैयारी

स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत राज्य सरकार का लक्ष्य शहरों को ओडीएफ प्लस और ओडीएफ प्लस-प्लस मानकों तक पहुंचाना है। इसके लिए खुले में शौच और पेशाब वाले "हॉटस्पॉट" चिन्हित कर वहां पर्याप्त सार्वजनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक डिजाइन, बेहतर रखरखाव और तकनीक आधारित निगरानी से सार्वजनिक शौचालयों के उपयोग और स्वच्छता दोनों में सुधार की उम्मीद है।

### डिजिटल मॉनिटरिंग और फीडबैक सिस्टम

योजना में पहली बार डिजिटल निगरानी पर विशेष जोर दिया गया है। प्रत्येक शौचालय पर यूनिक आईडी, संबंधित निकाय का नाम और रखरखाव एजेंसी की जानकारी प्रदर्शित करनी होगी।लोग मोबाइल एप और एसएमएस आधारित सिस्टम के जरिए फीडबैक दे सकेंगे। खराब सफाई या अन्य शिकायतों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग भी की जाएगी। 10 और 6 सीट वाले मॉडल तैयारराज्य शहरी विकास अभिकरण ने 10 सीट और 6 सीट वाले मानक मॉडल तैयार किए हैं। इसके लिए ड्राइंग, डिजाइन और तकनीकी मानक भी जारी किए गए हैं ताकि सभी निकायों में एक समान गुणवत्ता के निर्माण हो सकें। दिशा-निर्देशों के अनुसार 10 सीट वाले मॉडल की अधिकतम लागत 28.20 लाख रुपये और 6 सीट वाले मॉडल की लागत 16.92 लाख रुपये निर्धारित की गई है। यूरिनल के लिए अलग से लागत तय की गई है।

### भीड़ वाले इलाकों को प्राथमिकता

दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है या खुले में शौच और पेशाब की समस्या बनी हुई है। इसके तहत बाजार, बस स्टैंड, पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, पेट्रोल पंप और सार्वजनिक उपयोग वाले अन्य स्थानों पर इन टॉयलेट्स का निर्माण किया जाएगा। सरकार का मानना है कि बेहतर सार्वजनिक शौचालय व्यवस्था से शहरों में स्वच्छता की स्थिति सुधरेगी और खुले में पेशाब व शौच की समस्या कम होगी।

### महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं

एस्पिरेशनल टॉयलेट्स को सामान्य सार्वजनिक शौचालयों से अलग और अधिक सुविधायुक्त बनाया जाएगा। महिलाओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन और इस्तेमाल किए गए नैपकिन के निपटान के लिए इंसीनरेटर लगाए जाएंगे। बच्चों के लिए कम ऊंचाई वाले बेसिन और सीट, दिव्यांगजनों के लिए बैरियर-फ्री प्रवेश और ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए अलग सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा पर्याप्त रोशनी, वेंटिलेशन, हरियाली और हाथ सुखाने की व्यवस्था भी की जाएगी।

**पांच साल तक रखरखाव अनिवार्य** सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल निर्माण ही नहीं, बल्कि कम से कम पांच वर्षों तक संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी तय करनी होगी। प्रत्येक शौचालय में नियमित सफाई रोस्टर, पानी की उपलब्धता और केयरटेकर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।नगरीय निकायों को यह भी कहा गया है कि वे अपशिष्ट जल प्रबंधन और जल पुनः उपयोग की व्यवस्था को भी योजना में शामिल करें।

# देशी-चीप रेंज की प्लास्टिक बोतल वाली शराब की सप्लाई धीमी, दुकानों में शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

आबकारी विभाग की नई नीति के तहत देशी एवं अंग्रेजी चीप रेंज की शराब अब प्लास्टिक बोतल में दुकानों में बेची जा रही है, लेकिन जिन कंपनियों को सप्लाई का ठेका दिया गया है, उन कंपनियों द्वारा प्लास्टिक बोतल में शराब की सप्लाई बहुत धीमे गति से की जा रही है, जिसके कारण दुकानों में अभी भी कांच बोतल बंद शराब की बिक्री जारी है। हालांकि सप्लाई धीमी होने के कारण कई दुकानों में देशी-चीप रेंज की अंग्रेजी में कई ब्रांड की शराब का शॉर्टेज भी देखा जा रहा है, जिसके कारण ग्राहकों को भी अपनी मनपसंद शराब मिल नहीं पा रही है। इधर कांच बोतल बंद शराब की बिक्री की अंतिम तारीख खत्म होने में अब मात्र 4 दिन ही बचे हैं। शासन के निर्देश के तहत 31 मई के बाद प्रदेश में देशी और चीप रेंज की अंग्रेजी शराब कांच की बोतल में बिक्री पूर्ण रूप से बंद होना है।

### 50 से 70 प्रतिशत तक ही प्लास्टिक बोतल में आ रही शराब

आबकारी विभाग सूत्रों से पता चला है कि प्रदेश में देशी शराब की सप्लाई भाटिया, वेलकम, रायपुर बाटलिंग यूनिट, केडिया कुम्हारी आदि कंपनियां सप्लाई करती हैं। इन कंपनियों द्वारा अलग-अलग ब्रांड की देशी शराब प्लास्टिक बोतल में सप्लाई की जा रही है। हालांकि इन कंपनियों में कोई 50, कोई 60 तो कोई 70 प्रतिशत शराब की सप्लाई ही प्लास्टिक बोतल में कर पा रही हैं, वहीं शेष प्रतिशत शराब अभी भी कांच की बोतल में ही आ रही है। यही स्थिति चीप रेंज की अंग्रेजी ब्रांड की शराब की भी है। गोवा, जम्मू स्पेशल, टी-ट्वेंटी सहित अन्य कई ब्रांड की चीप शराब की सप्लाई भी प्लास्टिक बोतल में 40 से 60 प्रतिशत तक ही की जा रही है। शेष प्रतिशत सप्लाई कांच

### 31 मई तक कांच बोतल सप्लाई की अनुमति

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देश के तहत 31 मई तक ही कांच की बोतल सप्लाई करने की छूट दी गई है। इसके बाद कांच की बोतल पूर्ण रूप से बंद होना है, लेकिन प्रदेश में 30 से 40 प्रतिशत के करीब अभी भी कई ब्रांड की शराब कांच की बोतल में ही सप्लाई की जा रही है। ऐसे में 4 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत सप्लाई करना कंपनियों के लिए चुनौती से कम नहीं होगा, क्योंकि प्लास्टिक बोतल में शराब को बॉटलिंग करने में कंपनियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सेटअप बदलना पड़ा, बॉटलिंग के दौरान भी आ रही दिक्कत

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांच की जगह प्लास्टिक बोतल अनिवार्य किए जाने के बाद कंपनियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कंपनियों को जहां लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर कांच की जगह प्लास्टिक बोतल के लिए सेटअप खड़ा करना पड़ा, वहीं बॉटलिंग प्रोसेस में भी प्लास्टिक होने के कारण कई बोतल गिर जाती है, जिससे शराब भी वेस्ट हो रही हैं। यहीं नहीं लिकेज की समस्या कांच की अपेक्षा प्लास्टिक बोतल में ज्यादा आ रही है।

### बॉक्स का साइज भी बदला

ऐसी भी जानकारी सामने आई हैं कि कांच और प्लास्टिक बोतल की साइज अलग-अलग है, इसलिए कई ब्रांड की शराब की पैकिंग के लिए कंपनियों को बॉक्स का साइज तक बदलना पड़ा है। एक बॉक्स में जितनी कांच की बोतलें आ जाती थीं, उसकी तुलना में प्लास्टिक की एक-दो बोतल कम आ रही है। इसके कारण या तो बॉक्स में कम बोतलें भरकर सप्लाई की जा रही हैं, या फिर बॉक्स का साइज को बदला जा रहा है, ताकि पुराने बॉक्स के अनुसार उसमें शराब की बोतलें भी जा सकें।

# अनुपयोगी सरकारी जमीनों का होगा पुनर्विकास, तैयार होगी कार्ययोजना




■ शासकीय विभागों की सभी खाली जमीनों का बनेगा केंद्रीय डिजिटल लैंड बैंक

■ विभागों, निगम-मंडलों और बोर्ड की खाली जमीनों का होगा व्यवस्थित विकास

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में शासकीय विभागों, निगम-मंडलों, कंपनियों और बोर्डों के स्वामित्व वाली अनुपयोगी व खाली जमीनों के व्यवस्थित विकास के लिए एक व्यापक रीडेव्हलपमेंट कार्ययोजना तैयार करने का निर्णय लिया है। योजना के क्रियान्वयन के लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

इसे लेकर मंत्रालय में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और जिला कलेक्टरों से चिन्हित की गई भूमि के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा, वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी सरकारी जमीनों से न तो शासन को कोई आय हो रही है और न ही जनता को इसका लाभ मिल रहा है। रीडेव्हलपमेंट योजना से जहां शहरों को एक नियोजित विकास मिलेगा, वहीं शासकीय परिसंपत्तियों का मूल्य भी कई गुना बढ़ जाएगा।

### डिजिटल लैंड बैंक और जीआईएस मैपिंग से निगरानी

बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्षों से खाली पड़ी या अतिक्रमण की आशंका वाली सरकारी जमीनों को चिन्हित कर उनका व्यावसायिक व जनहित में बेहतर उपयोग किया जाएगा। शासकीय विभागों के अंतर्गत आने वाली सभी खाली जमीनों का एक केंद्रीय डिजिटल लैंड बैंक तैयार किया जाएगा। मैपिंग के जरिए हर प्लॉट का सटीक लोकेशन, क्षेत्रफल और वर्तमान स्थिति का डेटा


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सड़क कार्य हेतु दिनाँक 05 .06 .2026 समय 17 :30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई. टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12 | 191486 | ग्राम चिपरेल से साल्हेभाट मार्ग लंबाई 2 .30 किमी (बचत कार्य) पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 104 .13 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञिप्त, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

नोट :- ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य

(निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा एवं निविदाकारों द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारों का मोबाईल न: एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें।)

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05 .06 .2026 है।

नोट :- चतुर्थ आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल, कांकेर

जी-262701031/2


# पृथक है उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन पोर्टल व टेस्टिंग साइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




■ सोशल साइट्स पर वायरल हो रहे वीडियो के बीच बोर्ड ने दिया स्पष्टीकरण

सीबीएसई की ऑन-स्क्रीन मूल्यांकन प्रणाली को लेकर चल रहे विवाद के बीच बोर्ड ने कथित हैकिंग और सुरक्षा चूक के दावों को खारिज कर दिया है। सीबीएसई ने कहा है कि सोशल मीडिया पर जिस यूआरएल को लेकर सुरक्षा खामी और सिस्टम में सेंध लगाने का दावा किया जा रहा है, वह वास्तविक मूल्यांकन पोर्टल नहीं बल्कि केवल एक 'टेस्टिंग साइट' थी। सीबीएसई ने आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि सोशल मीडिया पर जिस पोर्टल के समझौता होने का दावा किया गया, वह वास्तविक मूल्यांकन प्रणाली का हिस्सा नहीं था। जिस यूआरएल का उल्लेख किया, वह केवल परीक्षण के लिए इस्तेमाल होने वाली वेबसाइट थी, जहां आंतरिक परीक्षण और समीक्षा के लिए नमूना डेटा रखा गया था। सीबीएसई ने स्पष्ट किया कि वास्तविक उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए इस्तेमाल किया गया पोर्टल अलग था और उसमें किसी तरह की सुरक्षा चूक सामने नहीं आई है। बोर्ड ने कहा कि परीक्षण वेबसाइट पर न तो वास्तविक मूल्यांकन डेटा मौजूद था और न ही छात्रों के अंक या अन्य संवेदनशील जानकारी।

बोर्ड ने अपने स्पष्टीकरण में कहा, 'बोर्ड सभी संबंधित पक्षों को यह आश्वासन देना चाहता है कि मूल्यांकन के वास्तविक कार्य के लिए उपयोग में लाए जा रहे प्लेटफॉर्म की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए, किसी भी प्रकार की कमजोरी से बचाव के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय लागू किए गए हैं।

### अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से

रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से 31 मई तक भुवनेश्वर स्थित 'ओ' अनुसंधान विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। देशभर के सभी राज्यों से 484 कार्यकर्ता प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।


**छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, वृत्त-बिलासपुर**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वि.क्र.-23

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल वृत्त- बिलासपुर अन्तर्गत संभाग कोरबा में अटल विहार कालोनी उरगा, अटल विहार कालोनी झगरहा, अटल आवास जेंजरा में रख-रखाव का कार्य हेतु चतुर्थ ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग कोरबा के मो.नं. 9907285405 पर संपर्क करें।

संवाद-47945 उपायुक्त



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला कोरबा छ.ग.**

क्रमांक/डी.एम.एफ./2026/5699 कोरबा दिनांक : 26-05-2026

**सूचना**


कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कोरबा छ.ग. के पत्र क्रमांक/डी.एम.एफ./2026/375, कोरबा, दिनांक 27.04.2026 के द्वारा जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत रेडियोग्राफर के 06 पदों (अनारक्षित 02, अ.जा. 01, अ.पि.व. 01, अ.ज.जा. 02) पर भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर पात्र/अपात्र की सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा कोरबा जिले के शासकीय वेबसाईट www.korba.gov.in मे सर्व संबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड़ कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीद्वारों द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति इस कार्यालय में दिनांक 05.06.2026 समय 5:00 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जावेगा। निर्धारित समय पर प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जावेगा।

टीप :- लिफाफे के उपर पदनाम रेडियोग्राफर (डी.एम.एफ.) का उल्लेख अवश्य करें।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला कोरबा छ.ग.

जी. 262701047/3



## राशिफल


**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।


**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

### नवा रायपुर में बनेंगे संयुक्त शासकीय भवन, दौड़ेंगी 43 ई-बसें

रायपुर।छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों और शहरी अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंत्रालय में मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में परियोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रदेश के विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट्स और नवीन अधोसंरचना प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया, जिससे आने वाले समय में नवा रायपुर और मुख्य शहर की तस्वीर बदलेगी। महानदी भवन और इंद्रावती भवन स्थित मल्टी लेवल पार्किंग के दूसरे और तीसरे तल पर आधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की प्रस्तावित लागत करीब 131 करोड़ 17 लाख रुपये है। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में एक विशाल संयुक्त शासकीय भवन का निर्माण किया जाएगा।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**
e-mail: nagarpalikabankimongra@rediffmail.com Pin No- 495445

क्रमांक/990/निर्माण / न.पा.प. /2026-27 बांकीमोंगरा, दिनांक: 25.05.2026

**:: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अंतिम तिथि | भौतिक दस्तावेज प्रस्तुति अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 191548 | वार्ड क्र 01 से 10 तक वार्डों में अध्यक्ष/पार्षद / मरम्मत संधारण/निकाय/अन्य मद से छोटे-छोटे निर्माण, मरम्मत कार्य। | 50.00 | 16.06.2026 (समय संध्या 5.30 बजे तक) | 23.06.2026 (समय संध्या 4.00 बजे तक) |
| 2 | 191550 | वार्ड क्र 11 से 20 तक वार्डों में अध्यक्ष/पार्षद / मरम्मत संधारण / निकाय/अन्य मद से छोटे-छोटे निर्माण, मरम्मत कार्य। | 50.00 | | |
| 3 | 191551 | वार्ड क्र 21 से 30 तक वार्डों में अध्यक्ष/पार्षद / मरम्मत संधारण / निकाय/अन्य मद से छोटे-छोटे निर्माण, मरम्मत कार्य। | 50.00 | | |
| 4 | 191552 | वार्ड क्र 01 से 15 तक वार्डों में जोनल कार्य अंतर्गत सामुदायिक भवनों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। (अध्यक्ष / पार्षद / मरम्मत संधारण / निकाय/अन्य मद) | 30.00 | | |
| 5 | 191553 | वार्ड क्र 16 से 30 तक वार्डों में जोनल कार्य अंतर्गत सामुदायिक भवनों का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य। (अध्यक्ष / पार्षद / मरम्मत संधारण / निकाय/अन्य मद) | 30.00 | | |

उपरोक्त कार्य निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/UADTender Uploader/ से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् बांकीमोंगरा,
जिला -कोरबा (छ.ग.)



**कार्यालय नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
Email Id-cmowadrafnagar@rediffmail.com

क्रमांक/432/न.पं./2026 **संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना** वाड्रफनगर, दिनांक- 26/05/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैनुअल पद्धति द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रू. लाख में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्रमांक 13 में पंकज गुप्ता के घर से दीपक अग्रवाल के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 6.85 | 1. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि व समय - 16.06.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक। 2. निविदा खोलने की तिथि व समय -16.06.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे। |
| 02 | वार्ड क्रमांक 03 में बंलगी रोड गैस गोदाम से चुरैला नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य। | 2.70 | |
| 03 | वार्ड क्रमांक 07 में राधा कृष्णा मंदिर से डॉ. कामिनी के घर तक पाईप लाईन विस्तरीकरण कार्य। | 1.97 | |
| 04 | वार्ड क्रमांक 08 में संसार टेलर्स से कमलेश गुप्ता के घर तक पाईप लाईन विस्तरीकरण कार्य। | 2.76 | |
| 05 | वार्ड क्रमांक 08 में पीपल पेड़ से रामप्रसाद कुशवाहा के घर तक पाईप लाईन विस्तरीकरण कार्य। | 0.79 | |
| 06 | वार्ड क्रमांक 04 में रेक्स टेलर के घर से नसीर के घर तक पाईप लाईन विस्तरीकरण कार्य। | 1.00 | |
| 07 | वार्ड क्रमांक 04 में अनिल कुशवाहा के घर से बब्लु मिस्त्री के घर तक पाईप लाईन विस्तरीकरण कार्य। | 1.00 | |


उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की समान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ में देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधी में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलिथीन का उपयोग न करें।**

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत वाड्रफनगर, जिला-बलरामपुर-रा.गंज (छ.ग.)

संवाद-47948


## शब्द पहेली - 6239




**बाएँ से दाए**

1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**

2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 6238 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6249

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | | 9 | | | |
| | 2 | | | 8 | 4 | | | |
| 8 | | | | | | 3 | | |
| | | | | | | | 9 | 4 |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 5 | 6 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 9 |
| | | | 2 | 5 | | | 8 | |
| | | | 6 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.

■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.

■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 5 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 3 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 |
| 2 | 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 5 | 8 | 9 |

## खबर संक्षेप



### डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ दो पैसे मजबूत

**मुंबई।** रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 2 पैसे की मामूली तेजी के साथ 95.68 (अस्थायी) पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से बढ़े तनाव और बातचीत में हो रही देरी के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोर रुख ने भी रुपये पर दबाव डाला। अब सबका ध्यान तीन से पांच जून के बीच होने वाली रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की आगामी बैठक पर है।

### सेन्को गोल्ड के मुनाफे में 151 प्रतिशत का उछाल




**कोलकाता।** सेन्को गोल्ड लि. का मार्च, 2026 समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 151 प्रतिशत बढ़कर 157 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 62 करोड़ रुपये था। तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन आय भी 45 प्रतिशत बढ़कर 1,997 करोड़ रुपये रही। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 1,378 करोड़ रुपये थी। वहीं कर-पूर्व-आय (एबिटा) दोगुना से अधिक होकर 274 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

### गेहूं उत्पादन 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान



**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान के बावजूद गेहूं का उत्पादन फसल सत्र 2025-26 के दौरान 2.29 प्रतिशत बढ़कर 12.06 करोड़ टन रहने का अनुमान है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। यह अनुमान कृषि मंत्रालय के 2025-26 के मानसून की शुरुआत में लगाए गए 12.02 करोड़ टन उत्पादन के अनुमान के अनुरूप है। यह फसल सत्र 2024-25 में दर्ज 11.79 करोड़ टन गेहूं उत्पादन से अधिक है। मंत्रालय ने जुलाई 2025- जून 2026 सत्र के लिए प्रमुख कृषि फसलों का तीसरा अनुमान जारी करते हुए कहा, ''गेहूं का उत्पादन 12.06 करोड़ टन होने का अनुमान है।

### पुष्प ब्रांड का आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** इंदौर की मसाला विनिर्माता कंपनी पुष्प ब्रांड (इंडिया) ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ का आकार 800 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की संभावना है।

### राइज इन्फ्रा का राजस्व बढ़कर 120 करोड़ रुपए

RISE
INFRAVENTURES LIMITED

**नई दिल्ली।** जमीन, मकान के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी राइज इन्फ्रावेंचर्स का शुद्ध राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 46 प्रतिशत बढ़कर 120 करोड़ रुपये हो गया। आवासीय एवं वाणिज्यिक संपत्तियों की बिक्री और पट्टे से प्राप्त ब्रोकरेज आय में वृद्धि के कारण कंपनी का शुद्ध राजस्व बढ़ा है। कंपनी का शुद्ध राजस्व वित्त वर्ष 2024-25 में 82 करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2021 में स्थापित गुरुग्राम की कंपनी राइज इन्फ्रावेंचर्स ने चालू वित्त वर्ष में 200 करोड़ रुपये के शुद्ध राजस्व का लक्ष्य रखा है। कंपनी की पुणे और चेन्नई में कार्यालय खोलने के अलावा वैश्विक स्तर पर भी विस्तार की योजना है।

# बीआईएस का अलर्ट, सिक्कों और गहनों में मिलाई जा रही है सस्ती धातु

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

## बाजार में नकली और लो-क्वॉलिटी की चांदी नई समस्या बनकर उभर रही

भारत में चांदी की बढ़ती कीमत और निवेश की तेज डिमांड के बीच अब बाजार में नकली और लो-क्वॉलिटी की चांदी एक नई समस्या बनकर उभर रही है। हालात ऐसे हो गए हैं कि बाजार में बिक रही कई सिल्वर बार, सिक्के और ज्वेलरी शुद्धता के तय मानकों पर खरी नहीं उतर रही हैं। इससे न केवल ग्राहकों को नुकसान हो रहा है, बल्कि पूरे सिल्वर मार्केट की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

देश में पिछले कुछ समय से चांदी की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिल रही है। निवेशक सोने के साथ-साथ चांदी को भी सुरक्षित निवेश के रूप में देख रहे हैं। यही वजह है कि सिल्वर बार, कॉइन और चांदी के बर्तनों की मांग तेजी से बढ़ी है। लेकिन, बढ़ती मांग का फायदा उठाकर कुछ कारोबारी और नकली उत्पाद बनाने वाले लोग बाजार में कम शुद्धता वाली चांदी बेच रहे हैं।

### चांदी में निकेल, कैडमियम और लेड जैसे तत्व पाए गए

कीमती धातु उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार में बड़ी मात्रा में ऐसी चांदी मौजूद है, जिसमें 999 प्योरिटी का मानक पूरा नहीं होता। कई मामलों में चांदी में निकेल, कैडमियम और लेड जैसे प्रतिबंधित तत्व भी पाए जा रहे हैं, जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक माने जाते हैं। खास चिंता की बात यह है कि ऐसी धातुएं अक्सर स्क्रैप सिल्वर से बनी ज्वेलरी और अन्य वस्तुओं में मिल रही हैं।




### देश में मात्र चांदी के 286 हॉलमार्किंग सेंटर मौजूद

विशेषज्ञों का मानना है कि जिस तरह सोने के लिए सख्त हॉलमार्किंग और लाइसेंसिंग सिस्टम लागू है, उसी तरह चांदी के लिए भी मजबूत व्यवस्था जरूरी है। फिलहाल भारत में सालाना करीब 7,000 टन चांदी की खपत होती है, लेकिन इसके लिए केवल 286 अस्सेइंग और हॉलमार्किंग सेंटर मौजूद हैं।

### ज्वेलर्स नियम का पालन नहीं कर रहे

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (बीआईएस) ने सितंबर 2025 से चांदी की हॉलमार्किंग को अनिवार्य कर दिया है, लेकिन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का कहना है कि अभी भी बड़ी संख्या में ज्वेलर्स इस नियम का पूरी तरह पालन नहीं कर रहे। इससे ग्राहकों के लिए असली और नकली चांदी की पहचान करना मुश्किल हो रहा है।

### चांदी की वस्तुओं के लिए ये बड़े केंद्र

देश के जयपुर, आगरा, राजकोट, कोल्हापुर, सलेम और कटक जैसे शहर चांदी के आभूषण और धार्मिक वस्तुएं बनाने के बड़े केंद्र माने जाते हैं। यहां बड़ी मात्रा में चांदी से बने बर्तन, पूजा सामग्री और सिक्के तैयार होते हैं। लेकिन, इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स का कहना है कि इनमें से कई उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली चांदी की गुणवत्ता संदिग्ध होती है।

## संघर्ष का प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा

# पश्चिम एशिया संकट लंबा खिंचने पर बीमा की वृद्धि दर पड़ सकती नरम: एलआईसी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अग्रणी बीमा कंपनी एलआईसी के प्रमुख आर दुरईस्वामी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट के लंबे समय तक बने रहने की स्थिति में देश के बीमा क्षेत्र की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है, क्योंकि इससे लोगों की आय और बचत क्षमता प्रभावित हो सकती है।

> अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआई) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक दुरईस्वामी ने कहा कि यदि पश्चिम एशिया संकट लंबा चलता है तो इसका शृंखलाबद्ध प्रभाव लोगों की आय, खर्च और बचत के रुझान पर पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि स्थिति जल्द सामान्य होगी।

## बचत प्रभावित होने का असर बीमा क्षेत्र पर पड़ता है

### ऊर्जा समेत कई क्षेत्र प्रभावित

दुरईस्वामी ने कहा कि यदि अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा इस संकट से प्रभावित होता है तो बीमा उद्योग भी इससे अछूता नहीं रह सकता है। लोगों की आय और बचत क्षमता पर असर पड़ने से बीमा क्षेत्र पर भी स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ेगा। गौरतलब है कि 28 फरवरी को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद ऊर्जा समेत कई क्षेत्रों पर असर पड़ा है। इससे आर्थिक वृद्धि में सुस्ती और महंगाई बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।




### आईपीओ पर अंतिम फैसला सरकार लेगी

एलआईसी में सरकार की हिस्सेदारी घटाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर दुरईस्वामी ने कहा कि कंपनी इस तरह के कदमों के लिए पहले से तैयार है। उन्होंने कहा, /''जब हमने अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी शुरू की थी, तभी से हम आगे के ऐसे कदमों के लिए तैयार थे। इस पर अंतिम फैसला सरकार को लेना है।/''

### सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेची है

एलआईसी प्रमुख ने कहा कि जैसे ही समय और हिस्सेदारी के स्तर पर निर्णय लिया जाएगा, एलआईसी सरकार के साथ मिलकर इसे सफल बनाने के लिए तैयार है। वर्ष 2022 में एलआईसी का आईपीओ आया था, जो उस समय आकार के लिहाज से देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम था। इसके जरिए सरकार ने 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर करीब 21,000 करोड़ रुपये जुटाए थे।

### न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने पर सरकार काम कर रही

दुरईस्वामी ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों के लिए निर्धारित मानकों के तहत न्यूनतम सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है, लेकिन मौजूदा बाजार अस्थिरता के कारण अगले सार्वजनिक पेशकश के लिए उचित समय का इंतजार किया जा रहा है। आईपीओ के बाद शेयरधारकों को लाभ देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि एलआईसी ने हाल में एक मौजूदा शेयर पर एक बोनस शेयर जारी किया और इसके बाद 67 प्रतिशत अधिक लाभांश देने की भी घोषणा की।

### दस रुपए अंतरिम लाभांश की सिफारिश

एलआईसी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के नतीजों को अंतिम रूप देते समय 10 रुपये अंकित मूल्य वाले शेयर पर 10 रुपये के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। इसे शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन रखा गया है। एलआईसी ने हाल ही में जनवरी-मार्च तिमाही में 23 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 23,420 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो देश की किसी भी वित्तीय सेवा कंपनी का अब तक का उच्चतम स्तर है।

## अमेरिकी दल का नेतृत्व ब्रेंडन लिंच करेंगे

# व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी दल एक जून को आएगा भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अमेरिकी दल अंतरिम व्यापार समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक जून को चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहा है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी।

> ■ कई क्षेत्रों पर बातचीत आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया

अमेरिकी दल का नेतृत्व उसके मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच करेंगे।

मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों की इस बातचीत में ''अंतरिम समझौते के ब्योरे को अंतिम रूप देने और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों, सीमा शुल्क तथा व्यापार सुविधा, निवेश प्रोत्साहन और आर्थिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्रों पर बातचीत को आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है।''

भारत और अमेरिका ने सात फरवरी को एक संयुक्त बयान जारी कर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार पर एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की थी। अब दोनों पक्षों को इस समझौते के कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देना होगा।

# ऊर्जा, बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार दूसरे दिन भी गिरा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स बुधवार को लगातार दूसरे दिन 142 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में मामूली छह अंक की गिरावट रही। पश्चिम एशिया में जारी अनिश्चितता के बीच निवेशकों के सतर्क रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों की ताजा पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ऊंचे में 76,224.68 अंक तक गया और नीचे में 75,748.21 अंक तक आया। सेंसेक्स में शामिल 20 शेयर बढ़त में रहे, जबकि 10 में गिरावट रही। वहीं निफ्टी 6.55 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 23,907.15 अंक पर रहा।

> ■ सेंसेक्स 142 और निफ्टी 6.55 अंक टूटा
> ■ विदेशी निवेशकों की ताजा पूंजी निकासी

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, इटर्नल, एनटीपीसी और टाटा स्टील शामिल हैं।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा, /''अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बनी अनिश्चितता और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से निवेशक धारणा सतर्क रही।/'' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 3.24 प्रतिशत टूटकर 96.35 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

### निवेशक प्रतीक्षा करो और देखो की नीति अपना रहे

ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, ''पश्चिम एशिया में व्याप्त अनिश्चितता के बीच निवेशकों के 'प्रतीक्षा करो और देखो' की नीति अपनाने के कारण भारतीय शेयर बाजार में काफी हद तक नरमी रही।''

## हुंडई मोटर इंडिया वाहनों के दाम 12,800 रुपए तक बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** वाहन बनाने वाली हुंडई मोटर इंडिया लि. ने बुधवार को अपने वाहनों के दाम मॉडल और संस्करण के आधार पर 12,800 रुपये तक बढ़ाने की घोषणा की। कच्चे माल की लागत में वृद्धि के कारण कंपनी ने यह कदम उठाया है। हुंडई मोटर ने आठ अप्रैल, 2026 को शेयर बाजार को दी सूचना में कच्चे माल की लागत बढ़ने के कारण अगले महीने से अपने सभी वाहनों की कीमतों में एक प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा, ''मूल्य वृद्धि अधिकतम 12,800 रुपये तक होगी और यह मॉडल और संस्करण के आधार पर अलग-अलग होगी।''हुंडई ने कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और उच्च परिचालन खर्चों सहित अन्य कारणों से मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई है।

### केईसी इंटरनेशनल को मिले 1,303 करोड़ रुपए के ठेके

**नई दिल्ली।** केईसी इंटरनेशनल को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों से विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों के लिए 1,303 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल हुए हैं। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि उसके पारेषण और वितरण (टीएंडडी) कारोबार को भारत और अमेरिका महाद्वीप क्षेत्र में कई परियोजनाओं के ऑर्डर मिले हैं। इसके अलावा, कंपनी के सिविल कारोबार को उत्तर भारत में एक वाहन कारखाने के लिए प्रेस शॉप और संबद्ध सुविधाओं का ठेका मिला है।

**आम सूचना**

विद्युत अधिनियम, 2003, की धारा 62 एवं 86 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों के अनुमानित राजस्व अवधारणा के विनियमों के अनुपालन में विद्युत उत्पादन कंपनी मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष के वित्तीय वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) को विक्रय किए गए ऊर्जा की ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चा के टू-अप के अनुमोदन हेतु याचिका दायर की गई है। यह याचिका, ग्राम रेंकी, तहसील-हरदी बाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495449, स्थित 63 MW कोल वॉशरी रिजेक्ट आधारित थर्मल पॉवर प्लान्ट जो कि नेट जनरेटेड पॉवर का 5 प्रतिशत पॉवर सी.एस.पी.डी.सी.एल. को आपूर्ति कर रहा है. से संबंधित है। इस याचिका को 32/2026 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रु.3.05/kWh के ऊर्जा प्रभार दर के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कालोनी, शाति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये 500/- का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सांय: 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रूपये 100/- (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव / आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर-492001, ईमेल cserc.sec.cg@nic-in के समक्ष एवं/या वरिष्ठ महाप्रबंधक मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड, ग्राम रेंकी, तहसील-हरदी बाजार, जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495449, ईमेल ashish.jain@acbindia.com पर भेजी जा सकती है। उक्त याचिका पर निर्धारित की गई तिथि, समय एवं स्थान पर जन सुनवाई भी की जावेगी, जिसकी सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

**आशीष कुमार जैन**
**प्लान्ट हेड, 63 मे.वा., मेसर्स एसीबी (इण्डिया) लिमिटेड**

**ACB (India) Limited**

**आम सूचना**

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 86, 62 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धांतों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों के अनुमानित राजस्व अवधारणा के विनियमों के अनुपालन में विद्युत उत्पादन कंपनी मेसर्स एसीबी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्त वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.डी.सी.एल.) को विक्रय किये गये ऊर्जा की ऊर्जा प्रभार दर और प्रतिपूर्ति योग्य खर्चों के टू-अप के अनुमोदन हेतु याचिका दायर की गई है। यह याचिका ग्राम चाका बुरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छग)-495445, स्थित 2x30 कोल वाशरी रिजेक्ट आधारित थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-2 जो कि नेट जेनरेटेड पॉवर का 5 प्रतिशत पॉवर सी.एस.पी.डी.सी.एल. को आपूर्ति कर रहा है, से संबंधित है। इस याचिका को 35/2026 के रूप में पंजीकृत किया गया है।

मेसर्स ए.सी.बी. (इंडिया) लिमिटेड ने छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग के समक्ष वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए रू. 3.08/kWh के ऊर्जा प्रभार दर के अनुमोदन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक आयोग भवन, सिचाई कालोनी, शांति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है। याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रूपये 500/- का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सायं 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रूपये 100/-(डाक ब्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव / आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव छत्तीसगढ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिचाई कालोनी शांति नगर, रायपुर-492001, ई-मेल: cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष एव/या वरिष्ठ महाप्रबंधक मेंसर्स एसीबी (इंडिया) लिमिटेड ग्राम चाका बुरा, तहसील कटघोरा, जिला-कोरबा (छग)-495445, ईमेल mn.biswas@acbindia.com पर भेजी जा सकती है। उक्त याचिका पर निर्धारित की गई तिथि, समय एवं स्थान पर जनसुनवाई भी की जावेगी, जिसकी सूचना आयोग द्वारा समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशित की जायेगी।

**मृगांका नारायण बिस्वास**
**असिस्टेंट जनरल मैनेजर**
**मेसर्स एसीबी (इंडिया) लिमिटेड**

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**क्र. सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्याः 05-एसटी-टेंडर-2026 दिनांक-22.05.2026**

**S&T कार्य, जिसके संबंध में: 1)** बिलासपुर मंडल के Sr. DEN (पूर्व)/ BSP के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत भूपदेवपुर (BEF) में अतिक्रमणकारी ट्रेस्टल्स को बदलने के लिए 3 मीटर चौड़े FOB का निर्माण। **2)** बिलासपुर मंडल के Sr. DEN (पूर्व)/ BSP के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, बाराद्वार (BUA) में अतिक्रमणकारी ट्रेस्टल्स को बदलने के लिए 6 मीटर चौड़े FOB का निर्माण। **3)** बिलासपुर मंडल के Sr. DEN (पूर्व)/BSP के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, चंपा में अतिक्रमणकारी ट्रेस्टल्स को बदलने के लिए 6 मीटर चौड़े FOB का निर्माण। **4)** बिलासपुर मंडल के Sr. DEN (पूर्व)/BSP के अधिकार क्षेत्र में, रायगढ़ में अतिक्रमणकारी ट्रेस्टल्स को बदलने के लिए 6 मीटर चौड़े FOB का निर्माण। **5)** बिलासपुर मंडल के Sr. DEN (पूर्व)/ BSP के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, शक्ति (SKT) में अतिक्रमणकारी ट्रैस्टल्स को बदलने के लिए 6 मीटर चौड़े FOB का निर्माण। **6)** BEF, KDTR, ROB, JDDA और KRL रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का उन्नयन/ऊँचा किया जाना। **7)** GAD, SGRD और BPRH रेलवे स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन और सुधार। **8)** GTW और JRMG रेलवे स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन और सुधार। **9)** KTHD, SRBA और URGA रेलवे स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन और सुधार। **10)** KHS और SKT रेलवे स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन और सुधार। **11)** अमृत भारत स्टेशन योजना चरण-II के माध्यम से BRJN और BPH स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन। **12)** अकलतरा, जांजगीर-नैला, चांपा, बाराद्वार, रायगढ़, बेलपहाड़, ब्रजराजनगर और कोरबा रेलवे स्टेशनों के सभी प्लेटफार्मों का आधुनिकीकरण।

**निविदा मूल्यः** रु. 5,78,17,469.90/- (पाँच करोड़ अठहत्तर लाख सत्रह हज़ार चार सौ उनहत्तर रुपये नब्बे पैसे मात्र )। **अमानत राशिः** रु. 11,56,400/- (ग्यारह लाख छप्पन हज़ार चार सौ रुपये मात्र)। **निविदा का जमा होना दिनांक:** 15.06.2026 के 15.00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी **http:/www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (ML)**
सीपीआर/**10/AM/149** **द.पू.म.रेलवे बिलासपुर**
South East Central Railway @secrail

अनुलग्रक 1

**न्यायालय तहसीलदार खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**रा. प्र. क्र. 202605041000013/अ-19(3)/2025-26**
**ग्राम तेलिकोट तहसील खरसिया**

एतदद्वारा ग्राम **तेलिकोट** के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण **क्र. 202605041000013/अ-19(3)/2025-26** में आवेदक श्री अर्पित खूंटेटा, उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा **पत्र क्र. DCE/C/II/BSP/IMP-143/429 दिनांक 09.05.2026** के माध्यम से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन में लेख किया गया है कि खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5 वीं एवं 6 वीं लाइन विशेष रेल परियोजना (278 किमी) के क्रियान्वयनार्थ आवश्यक शासकीय भूमि का आबंटन/अंतरण किया जाना अपेक्षित है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत ग्राम **तेलिकोट**, तहसील खरसिया की प्रभावित भूमि जिनका विवरण निम्नानुसार है का आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसमे सुनवाई **दिनांक 04.06.2026** को नियत किया गया है।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा न. | आवेदित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | तेलिकोट | 442/4 | 0.060 |
| 2 | | 450/6 | 0.140 |
| 3 | | 450/7 | 0.090 |
| | योग | 03 | 0.290 |

अनुलग्रक 2

**रा. प्र. क्र. 202605041000014/अ-19(3)/2025-26**
**ग्राम हालाहुली तहसील खरसिया**

एतदद्वारा ग्राम **हालाहुली** के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण **क्र. 202605041000014/अ-19(3)/2025-26** में आवेदक श्री अर्पित खूंटेटा, उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा पत्र क्र. **DCE/C/II/BSP/IMP-143/429 दिनांक 09.05.2026** के माध्यम से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन में लेख किया गया है कि खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5 वीं एवं 6 वीं लाइन विशेष रेल परियोजना (278 किमी) के क्रियान्वयनार्थ आवश्यक शासकीय भूमि का आबंटन/अंतरण किया जाना अपेक्षित है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत ग्राम **हालाहुली**, तहसील खरसिया की प्रभावित भूमि जिनका विवरण निम्नानुसार है का आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसमे सुनवाई **दिनांक 04.06.2026 को** नियत किया गया है।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा न. | आवेदित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | हालाहुली | 98/4 | 0.061 |
| | योग | 01 | 0.061 |

अनुलग्रक 3

**रा. प्र. क्र. 202605041000015/19/अ-19(3)/2025-26**
**ग्राम बड़ेदेवगांव तहसील खरसिया**

एतदद्वारा ग्राम बड़ेदेवगांव के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण **क्र. 202605041000015/19/अ-19(3)/2025-26** में आवेदक श्री अर्पित खूंटेटा, उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा पत्र क्र. **DCE/C/II/BSP/IMP-143/429 दिनांक 09.05.2026** के माध्यम से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन में लेख किया गया है कि खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5 वीं एवं 6 वीं लाइन विशेष रेल परियोजना (278 किमी) के क्रियान्वयनार्थ आवश्यक शासकीय भूमि का आबंटन/अंतरण किया जाना अपेक्षित है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत ग्राम बड़ेदेवगांव, तहसील खरसिया की प्रभावित भूमि जिनका विवरण निम्नानुसार है का आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसमे सुनवाई **दिनांक 04.06.2026** को नियत किया गया है।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा न. | आवेदित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | बड़ेदेवगांव | 349/3 | 0.008 |
| 2 | | 696/1/क | 0.613 |
| | | 437 | 0.125 |
| | | 425/7 | 0.069 |
| | योग | 04 | 0.815 |

अनुलग्रक 4

**रा. प्र. क्र. 202605041000016/19/अ-19(3)/2025-26**
**ग्राम पुरैना तहसील खरसिया**

एतदद्वारा ग्राम पुरैना के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण **क्र. 202605041000016/19/31-19(3)/2025-26** में आवेदक श्री अर्पित खूंटेटा, उप मुख्य अभियंता/निर्माण-II/बिलासपुर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा पत्र **क्र. DCE/C/II/BSP/IMP-143/429 दिनांक 09.05.2026** के माध्यम से एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन में लेख किया गया है कि खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा 5 वीं एवं 6 वीं लाइन विशेष रेल परियोजना (278 किमी) के क्रियान्वयनार्थ आवश्यक शासकीय भूमि का आबंटन/अंतरण किया जाना अपेक्षित है। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त विशेष रेल परियोजना के अंतर्गत ग्राम **पुरैना**, तहसील खरसिया की प्रभावित भूमि जिनका विवरण निम्नानुसार है का आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसमे सुनवाई **दिनांक 04.06.2026 को** नियत किया गया है।

| क्र. | ग्राम का नाम | खसरा न. | आवेदित रकबा (हेक्टेयर में) |
|---|---|---|---|
| 1 | पुरैना | 28 | 0.437 |
| 2 | | 50 | 0.275 |
| 3 | | 51 | 0.257 |
| 4 | | 26/7 | 0.012 |
| 5 | | 27/14 | 0.036 |
| 6 | | 27/12 | 0.101 |
| 7 | | 27/11 | 0.134 |
| 8 | | 111/8 | 0.084 |
| 9 | | 26/6 | 0.093 |
| | योग | 09 | 1,429 |

उक्त प्रकरण के खातेदार को राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन किया जाता है कि उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो अपना दावा आपत्ति स्वयं या अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से पेशी **दिनांक 04.06.2026 तक** प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज **दिनांक 21.05.2026 को** मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**खरसिया**
सीपीआर/**10/AM/150**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सराफा कारोबारी के...

गुस्सा सड़कों पर उतर आया। व्यापारी संगठनों ने पूरे गौरेला-पेंड्रा क्षेत्र में बंद का आह्वान किया, जिसके चलते बाजार पूरी तरह बंद रहे और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने जिले की सीमाएं सील कर दीं। गौरतलब है कि मंगलवार को व्यापारी की हत्या के बाद देर रात को मृतक प्रदीप सोनी का शव लेकर परिजन और व्यापारी दुर्गा चौक में धरने पर बैठे और चक्काजाम कर दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग देर रात मौके पर पहुंचे थे और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद सड़क से शव हटाया गया और जाम समाप्त कराया गया, लेकिन व्यापारियों का आक्रोश बना रहा। जिले के सभी व्यापारी संगठनों ने जिला बंद का ऐलान किया।

### सराफा एसोसिएशन के...

बाजार में इस प्रकार की जघन्य वारदात कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। घटना के बाद श्री सोनी मृतक सराफा कारोबारी प्रदीप सोनी उर्फ पप्पू के परिजनों से भी मिले और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा सरकार और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सराफा व्यापारियों को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं व्यापारिक संगठनों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग तेज कर दी है।

### खाड़ी के युद्ध से...

मानसून के आने के पहले किसानों को इस बार डीएपी और यूरिया खाद के संकट से जूझना पड़ रहा है। दुर्ग संभाग के जिलों में निर्धारित लक्ष्य के अनुपात आपूर्ति काफी कम होने के कारण किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इस बीच राज्य के कृषि विभाग के नए फॉर्मूले के तहत इस खरीफ सीजन में पारंपरिक रासायनिक खादों की आपूर्ति सीमित कर दी गई है। दुर्ग संभाग के सात जिलों में यूरिया का भंडारण सिर्फ 44 फीसदी हुआ है। वहीं सबसे अधिक डिमांड वाले डीएपी खाद का भी है। संभाग में 26 फीसदी भंडारण और चार फीसदी वितरण हुआ है। सोसायटियों में यूरिया के कोटे में 20% और डीएपी के कोटे में 40% तक की भारी कटौती कर दी गई है। राजनांदगांव के किसान रामकुमार साहू का कहना है कि धान की बंपर पैदावार के लिए तय मात्रा में यूरिया-डीएपी जरूरी है, लेकिन सरकार उन्हें कम खाद दे रही है। **कवर्धा और दुर्ग में भंडारण कम-** दुर्ग संभाग में खाद की सर्वाधिक किल्लत कवर्धा और दुर्ग जिले में सामने आ रही है। कवर्धा में जहां सिर्फ 42 फीसदी और दुर्ग में 43 फीसदी भंडारण हुआ है। वहीं राजनांदगांव जिले में 57 फीसदी, खैरागढ़- छुईखदान- गंडई जिले में 46 फीसदी, मोहला- मानपुर- चौकी जिले में 64 प्रतिशत, बालोद में 58 प्रतिशत, बेमेतरा में 46 फीसदी उर्वरक का भंडारण हुआ है। **टोकन सिस्टम से बढ़ी परेशानी-** नई नीति के अनुसार, लघु किसानों को यूरिया दो किस्तों में और 5 एकड़ से अधिक वाले बड़े किसानों को तीन चरणों (किस्तों) में दिया जा रहा है। बेमेतरा के किसान मनराखन देवांगन का कहना है कि इससे उन्हें एक ही फसल के लिए बार-बार ट्रैक्टर या गाड़ियां किराए पर लेकर सोसायटियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे उनका परिवहन खर्च दोगुना हो गया है और खेती की लागत बढ़ रही है।

### खाद संकट और...

वितरण को ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को समय पर खाद मिल सकेगी। हालांकि किसान ऑनलाइन व्यवस्था को लेकर संशय में हैं। उनका कहना है कि गांवों में नेटवर्क और तकनीकी समस्याओं के कारण छोटे किसानों को परेशानी हो सकती है। भारतीय किसान संघ कबीरधाम के अध्यक्ष डोमेन सिंह चंद्रवंशी ने चेतावनी दी है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं हुई तो बोवाई प्रभावित होगी और उत्पादन घट सकता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बढ़ती लागत और खाद आपूर्ति की समस्या पर नियंत्रण नहीं किया गया तो छोटे और मध्यम किसान खेती से दूर होने लगेंगे।

### नैनो पर भरोसा...

बिना उचित जमीनी प्रशिक्षण के पारंपरिक यूरिया की जगह नैनो यूरिया थोपना उनकी फसल को बर्बाद कर सकता है।

### 30 फीसदी तक...

हरापन प्रभावित हो रहा है। किसान इसे विशेष रूप से ड्रिप सिस्टम वाली खेती के लिए उपयोगी मानते हैं, जबकि प्रदेश में अधिकांश किसान पारंपरिक तरीके से धान की खेती करते हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों की राय अलग है। कृषि वैज्ञानिक वीके जैन के अनुसार डीएपी की कमी को देखते हुए वैकल्पिक उर्वरकों को बढ़ावा दिया गया है। उनका कहना है कि संतुलित मात्रा और सही समय पर उपयोग करने से इनका लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल नैनो खाद पर निर्भर रहने के बजाय मृदा परीक्षण के आधार पर जैविक और रासायनिक खाद का संतुलित उपयोग जरूरी है। **किसानों को उठाना पड़ रहा नुकसान-** प्रदेश में परंपरागत खाद की जगह वैकल्पिक खाद का उपयोग करने से किसानों की पैदावारी 30 प्रतिशत प्रभावित है। प्रदेशभर में डीएपी व यूरिया सरकार पर्याप्त रूप से उपलब्ध नहीं करवा पा रही है। नैनो डीएपी, नैनो यूरिया और अन्य वैकल्पिक खाद लिक्विड फार्म में है। इसके इस्तेमाल से रिजल्ट का पता ही नहीं चल पा रहा है। किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों को ऐसी शिकायत है। इसलिए प्रदेश सरकार को चाहिए कि वे सॉलिड खाद ही किसानों को पूर्ण रूप से उपलब्ध करवाए।
**राजकुमार गुप्ता**, अध्यक्ष, छग प्रगतिशील किसान संगठन

### वैभव बने 'सिक्सर किंग'...

अर्धशतक पूरा कर लिया। इसके साथ ही वह आईपीएल नॉकआउट/ प्लेऑफ के इतिहास में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले संयुक्त रूप से पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने साल 2014 में पंजाब के खिलाफ सुरेश रैना की ओर से बनाई गई 16 गेंदों की रिकॉर्ड फिफ्टी की बराबरी कर ली है। इस मामले में उन्होंने एडम गिलक्रिस्ट (17 गेंद) और एमएस धोनी (20 गेंद) जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया।

### एसआईआर पर...

आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) की धारा 21(3) के तहत विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है। बिहार में एसआईआर को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं का निपटारा करते हुए उच्चतम न्यायालय ने कहा कि मतदाता सूची से नाम हटाना इस बात की कानूनी घोषणा नहीं है कि कोई व्यक्ति नागरिक नहीं है।

### भीषण गर्मी में...

लगभग 200 चमगादड़ों की मृत्यु हुई है। मृत चमगादड़ों के किए गए प्रारंभिक शव परीक्षण में प्रथम दृष्टया अत्यधिक तापमान को ही मृत्यु का मुख्य कारण माना गया है। किसी भी अज्ञात वायरस या संक्रमण के लक्षण नहीं पाए गए हैं।

### पांडेय राज्य के...

पर आगामी 13 महीने तक अपनी सेवाएं देंगे। वर्तमान में वे पीसीसीएफ (वाइल्ड लाइफ) की जिम्मेदारी संभाल रहे अरुण पांडेय को सरकार ने उनके बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति में उन्होंने अपने दो सीनियर अधिकारी कौशलेंद्र सिंह और अनिल साहू को सुपरसीड किया है। **श्री राव दो दिन पहले सेवानिवृत्त हो रहे-** वर्तमान पीसीसीएफ, वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव की 31 मई को सेवानिवृत्ति थी, 30 तथा 31 मई को शासकीय अवकाश होने की वजह से श्री राव दो दिन पूर्व 29 मई को सेवानिवृत्ति होंगे। उसी दिन श्री राव अपना चार्ज अरुण पाण्डेय को सौंपेंगे। प्रशासनिक गलियारे में श्री राव को एक्सटेंसन दिए जाने की चर्चा थी। पीसीसीएफ का पद प्रशासनिक नहीं होने की वजह से यह संभव नहीं था। अगर ऐसा होता, तो देश के इतिहास में किसी पीसीसीएफ को एक्सटेंशन देने का यह पहला प्रकरण होता। **रामसार साइट में शामिल कराने विशेष भूमिका-**राज्य के बिलासपुर स्थित कोपरा जलाशय नामक वेटलैंड को रामसार साइट में शामिल कराने अरुण पाण्डेय की प्रमुख भूमिका रही। उनके प्रयासों की वजह से राज्य बनने के दो दशक बाद राज्य के किसी जलाशय को अंतर्राष्ट्रीय वेटलैंड सूची में जगह मिलना संभव हुआ। इसके अलावा, राज्य के टाइगर रिजर्व और वन्यजीव संरक्षण के मामलों में भी उनकी सक्रिय भूमिका रही है, जिसे देखते हुए सरकार ने उन्हें विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी सौंपी है।

### आमरण अनशन और...

नेता के खिलाफ दर्ज आर्म्स एक्ट की धाराओं को हटाने का आश्वसन दिया गया है। इस बीच थाना प्रभारी बिश्रामपुर को भी हटाने का वादा किया गया। एसडीएम और एएसपी की ओर से दिए गए आश्वासन के बाद अनशन व भूख हड़ताल को समाप्त की गई। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रशासन ने न्यायोचित बातों को स्वीकार किया। वहीं पीसीसी अध्यक्ष ने इसे कांग्रेस पार्टी और कार्यकर्ताओं की जीत बताया है। इस आंदोलन की समाप्ति के बाद शासन प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है। बता दें कि शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव के दौरान घर में घुसकर किए गए विवाद के बाद कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन के ऊपर आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किए जाने के बाद इस विवाद की शुरुआत हुई थी। बिना किसी विवेचना के आर्म्स एक्ट की धारा जोड़े जाने के विरोध में इस आन्दोलन की शुरुआत हुई, जिसने प्रदेश की सियासत में हलचल मचा दिया। नवतपा के पहले दिन भीषण गर्मी के बीच शुरू किए गए कांग्रेस के आंदोलन ने उस वक्त वृहद रुप ले लिया जब मांगें पूर्ण नहीं होने की स्थिति में 26 मई को पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने आमरण अनशन और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने भूख हड़ताल की घोषणा की। इस दौरान इस आंदोलन को समर्थन देने पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी बिश्रामपुर पहुंचे और सरकार पर जमकर हमला बोला। चेतावनी के बाद भी जब मांगों पर चर्चा करने के लिए प्रशासन आगे नहीं आया तो मंगलवार की शाम 6 बजे से पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव आमरण अनशन और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज भूख हड़ताल पर बैठ गए। इस दौरान पूरे आंदोलन में कांग्रेस पार्टी की एकजुटता सामने आई जिसके बाद प्रशासन को आख़रिकार मांगे माननी पड़ी।

कार्यकर्ताओं और पार्टी की जीतः बैज - पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं और पार्टी की जीत है, हम शुरुआत से सकारात्मक चर्चा की मांग कर रहे थे लेकिन अधिकारियों पर शायद ऊपर का दबाव था। इसलिए हमने गांधीवादी तरीके से धरना प्रदर्शन किया। नवतपा के पहले दिन आंदोलन की शुरुआत की। भूख हड़ताल और अनशन पर बैठे जिसके बाद प्रशासन से चर्चा उपरान्त सकारात्मक पहल हुई। हमारे आवेदन पर भी एफआईआर हुई, आर्म्स एक्ट धारा जांच के बाद हटाई जाएगी, उच्च अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी। थाना प्रभारी बदला जाएगा। इसलिए कार्यकर्ताओं की सहमति के बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की। यह कांग्रेस पार्टी, सच्चाई और न्याय की जीत है। हम शुरू से गांधीवादी तरीके से से न्याय के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन हमें सत्ता का अहंकार दिखा। यदि शुरू से बात होती तो यह स्थिति नहीं आती। सरकार से बैठे लोगों को समझना चाहिए कि सत्ता से बड़ा लोकतंत्र है, लोकतंत्र के आगे सरकार को झुकना पड़ता है। यह हमारी सबसे बड़ी जीत है, हमारे कार्यकर्ता नवतपा में तपते रहे, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव डटे रहे। पूर्व मंत्री, विधाक, जिलाध्यक्ष सभी ने सहयोग किया। शफी अहमद और आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अगर किसी कार्यकर्ता, आम जनता के ऊपर अन्याय होता है तो कांग्रेस आगे भी लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस तैयार रहेगी। **मुद्दे के लिए खड़े होने पर होता है दूरगामी परिणामः सिंहदेव-**पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि गलत कार्रवाई से व्यक्ति की स्वतंत्रता पर घात हो रहा था। गलत कार्रवाई से पूरे तंत्र पर गलत प्रभाव डालने की स्थिति बन रही थी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज व कार्यकर्ताओं ने नवतपा के पहले दिन चार घंटे तक डामर की गर्म सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया और अंततः जो न्यायोचित होना चाहिए, व्यवहारिक बातों को स्वीकार किया। अब दमन की सम्भावना नहीं है। पूरे प्रदेश से कार्यकर्ता-पदाधिकारी इस आन्दोलन में शामिल हुए। लीडर अपने साथी के साथ मुद्दे के लिए खड़ा होता तो उसका प्रभाव दूरगामी होता है।

### सीतापुर विधायक ...

लगाया है। महिला की शिकायत के बाद सीतापुर थाने में नायब तहसीलदार के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की बड़ी बहन कोटछाल निवासी श्रीमती सीमा धनकी पति मुकेश धनकी ने जेल में बंद पति को पैरोल पर बाहर निकालने के लिए शोध क्षमता प्रमाण पत्र बनवाने के लिए राजापुर नायब तहसीलदार तुषार माणिक के कार्यालय में 14 मई को आवेदन किया था। फाइल में कागजी कार्रवाई पूर्ण कर ली गई थी और सिर्फ नायब तहसीलदार के हस्ताक्षर और सील की जरुरत थी। सीमा धनकी का आरोप है कि नायब तहसीलदार द्वारा उन्हें लगातार घुमाया जा रहा था। इस बीच किसी दूसरे के माध्यम से सूचना देकर नायब तहसीलदार ने उन्हें फाइल पर साइन करने के लिए कार्यालय में बुलवाया था। कार्यालय आने पर उन्होंने खुद ही फाइल खोजकर दिया और आवेदन पर साइन करने के लिए बुलवाया था। जब वे कार्यालय पहुंची तो उनकी फाइल नहीं मिल रही थी। फाइल खोजकर उन्हें साइन करने के लिए नायब तहसीलदार को दिया और अपनी परेशानी बताई। महिला सीमा का आरोप है कि साइन करने के लिए बोलने पर नायब तहसीलदार भड़क गए प्रमाण पत्र बनाने से इन्कार करते हुए कहा कि तुम मुझे आदेश देने वाली होती कौन हो। जाकर मैनपाट से अपनी फाइल साइन करा लो। इस पर महिला ने आपत्ति जताई जिसके बाद नायब तहसीलदार ने अश्लील और जाति सूचक गाली गलौज करते हुए फाइल को फेंक दिया और कर्मचारियों से महिला को कार्यालय से बाहर निकालने की बात कही। **विधायक ने की मारपीट : नायब तहसीलदार-**नायब तहसीलदार तुषार माणिक ने बताया कि जेल से फाइल आता है। उसमें एक प्रारूप भरा हुआ नहीं था। शाम को 5 बजे के बाद एक महिला आई थी और उन्होंने बोला कि इसको साइन करके दे दीजिए। मैंने बताया कि मेरा रीडर छुट्टी पर गया है और कल शासकीय अवकाश है। कल रीडर के आने पर मैं फाइल पर साइन कर दूंगा। बिना रीडर द्वारा जानकारी दिए मैं हस्ताक्षर नहीं कर सकता। इससे त्रुटि हो सकती है। तत्काल साइन करके देने को बोला गया जिसपर मैंने उनको बोला कि आप मुझे मत बताइए कि कहां करना है। मैं कल साइन करके रख दूंगा किसी को भेजकर ले लीजिएगा। इसके बाद मैं निकल गया। महिला द्वारा अब छेड़छाड़ और बदतमीजी का आरोप लगाया जा रहा है, आरोप बेबुनियाद है। **मारपीट की शिकायत आई-** विधायक सीतापुर द्वारा दूरभाष पर सूचित किया गया कि तहसीलदार के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है। मैंने एसडीएम को मौके पर भेजा था। नायब तहसीलदार व एसडीएम ने भी फोन पर सूचना दी कि मारपीट की गई है। नायब तहसीलदार का कहना है कि उनके साथ विधायक के समर्थक और विधायक ने मारपीट की। दोनों पक्षों की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच उपरान्त कार्रवाई करेगी। बाकी बातें जांच का विषय है कि क्या परिस्थिति बनी जिस कारण यह घटना हुई।

--अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

### विधायक भी पहुंचे ...

लगाना पड़े तो अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाना लाजमी है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद विधायक राम कुमार टोप्पो भी घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। इधर महिला सीमा धनकी की शिकायत पर पुलिस ने नायब तहसीलदार के खिलाफ जाति सूचक गाली गलौज, धमकी व अन्य धराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इधर नायब तहसीलदार की ओर से कोई भी शिकायत अब तक दर्ज नहीं कराई गई है।

### ज्यादा सावधानी ...

किसी का जीवन बचा सकती है। उन्होंने कहा, देश के अलग-अलग हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही दैनिक जीवन में गर्मी से होने वाली कई कठिनाइयां भी बढ़ रही हैं। मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि जितनी अधिक सावधानी बरत सकें, अवश्य बरतें। कृपया पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, घर से बाहर निकलते समय पानी साथ रखें। ऐसे मौसम में आपकी संवेदनशीलता भी बहुत बड़ा सहारा बन जाती है।

### जरूरतमंदों का...

अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से पर्याप्त पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने तथा अनावश्यक रूप से तेज धूप में जाने से बचने का आग्रह करते हुए कहा कि छोटी-सी सावधानी स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखने में बड़ी भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि संभव हो तो घर, दुकान, कार्यालय अथवा सार्वजनिक स्थानों के आसपास राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था अवश्य की जाए, क्योंकि संवेदना का यह छोटा प्रयास किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए राहत और संबल बन सकता है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों, श्रमिक साथियों तथा खुले में कार्य करने वाले लोगों का ध्यान रखने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ती दिखाई दे, तो उसे तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाकर पानी, ओआरएस अथवा अन्य तरल पदार्थ उपलब्ध कराए जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सकीय सहायता भी सुनिश्चित की जाए।

डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • केमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

श्री सांई केयर हॉस्पिटल
कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सोमवार शाम।
फ्री ओपीडी सेवा
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • बांझपन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका
सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है

सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे ....
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100
Email- hbclassified375@gmail.com

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दो मिस्त्री, दो हेल्पर, की आवश्यकता है जिन्हें ग्रील गेट, चैनल गेट, रेलिंग एवं फ्रेब्रिकेशन का सम्पूर्ण कार्य आता हो। सम्पर्क करें- 9826662531 (40970)

**आवश्यकता है-** मंगला में घर निर्माण कार्य हेतु सक्षम लेबर ठेकेदार की आवश्यकता है केवल ठेकेदार जो लेबर रेट पर घर निर्माण कार्य करते है वही सम्पर्क करें- 9755042841, 9098793524 (40975)

**आवश्यकता है-** घरेलू खाना बनाने हेतु (प्रातः 8 से शाम 4 तक घर में रहकर) कुक की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्याम एजेन्सी शाकुंतलम भवन मेन रोड लिंक रोड बिलासपुर (40976)

**आवश्यकता है-** Firstcry intellitots School सरकंडा में मदर टीचर (फिमेल) की आवश्यकता है। योग्यता- स्नातक, B.Ed/ ECE/ D.Ed को प्राथमिकता सम्पर्क करें- Firstcry intellitots School बैमा नगोई रोड सरकंडा बिलासपुर 9202970812 (40973)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की जो बाहर देवास इंदौर रीवा प्रयागराज मे रहकर काम कर सके सैलरी 12000+ कमीशन+ बोनस के साथ महीना 25000 कमाए रहना खाना फ्री लिमिटेड सीट सम्पर्क करें-6268044316, 9201024747 (360)

**आवश्यकता है-** Computer Academy में कोर्स मार्केटिंग हेतु एक्सपीरियंस एवं फ्रेशर युवाओं की आवश्यकता है। कौशल आधारित वेतन। सम्पर्क करें- गाँधी चौक, दयालबन्द, बिलासपुर। बायोडाटा भेजें- 9407952166 (40977)

**आवश्यकता है-** डेन्टल लैब में काम करने हेतु लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- करण साहू, आर.के. डिजिटल डेंटल लैबसरकंडा थाना के पास सीपत रोड बिलासपुर 99936 07979, 99079 92510 (40978)

**आवश्यकता है-** फर्नीचर फैक्ट्री में कम्प्यूटर ऑपरेटर मैरिड लड़कियों (बिजी, एक्सल जानकार हो, सैलरी 8000 से 12000+) एवं CNC मशीन ऑपरेटर हेतु लड़कों की आवश्यकता है (वेतन 15000 से 20000+) पता उसलापुर पेट्रोल पम्प के पास मेन रोड बिलासपुर 9098909757 (40979)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु (लड़कियों) सिप्शनिस्ट- 2, सेल्सगर्ल- 2 की आवश्यकता है वेतन- योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गणेश चौक नेहरू नगर बिलासपुर 8770832241 (40915)

**आवश्यकता है-** ड्राईवर की आवश्यकता है बिलासपुर शहर के पास का अनुभवी, ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु चाहिए। गूगल मैप की जानकारी जरूरी। सम्पर्क करें 8770078060 (40969)

**आवश्यकता है-** घरेलू सभी कार्य हेतु आया बाई एवं नौकर की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार तुरन्त सम्पर्क करें- 7223890879, 9301275222 (40961)

**आवश्यकता है-** Advertising Agency हेतु कर्मचारियों की आवश्यकता हैं, वाहन चालक (टाटा एस)। Hoardings/ Unipole की लाईट कार्य करने हेतु इलेक्ट्रीशियन। Hoardings/ Unipole स्थापित करने हेतु Field Manager खुशबू एंटरटेनमेंट सम्पर्क- 70244 49349 (40980)

**आवश्यकता है-** एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मल्टीनेशनल कम्पनी में कार्य हेतु, काम सीखने वाले लड़के एवं दो सेल्समैन चाहिए। काम सीखना वाले सम्पर्क करें- सुबह 9:30 से रात 8 बजे तक 93005 31912 (40962)

**आवश्यकता है-**सोनोग्राफी सेन्टर हेतु टाइपिस्ट, एक्स-रे टेक्नीशियन, रिसेप्शनिस्ट, क्लीनर, आया, सिक्युरिटी गार्ड एवं PRO की आवश्यकता है सम्पर्क करें- श्रीगोपाल, साहू डायग्नोस्टिक सेन्टर जूनीलाइन बिलासपुर 9770128995, 9755230012 (40954)

**आवश्यकता है-**फुटवियर शॉप में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समेन, सेल्सगर्ल, मार्केटिंग फील्ड वर्क, बिजी एकाउंट हेतु चाहिए बॉयोडाटा सहित सम्पर्क करें- चरणस्पर्श शू मॉल रघुराज सिंह स्टेडिम के सामने बिलासपुर 9300300333, 07752-407333 (40957)

**आवश्यकता है-**बिस्कुट पैकिंग, चॉकलेट पैकिंग, कार्टून पैकिंग हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है वीडियों कॉलिंग से भी कार्य देख सकते हैं। रूम बिजली की सुविधा फ्री, सम्पर्क करें- बंजारी मंदिर के पास रावां भाटा रायपुर 7828735534 (080)

**आवश्यकता है-** महिला, पुरुष, परिवार या महिला समूह चाहिये जो दोना पत्तल अगरबत्ती, बनाकर, पैक करके दे सकें महिना आय 30000, सम्पर्क करें- राधा कृष्ण सेवा संस्था बिलासपुर 81091 00493 (40968)

**आवश्यकता है-**घर में खाना बनाने एवं घरेलू कार्य करने हेतु 8/ 10/ 12/ 24 घंटे कार्य करने के लिए अनुभवी कुक एवं मेड की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 9993537989 (40958)

**आवश्यकता है-**हॉस्टल में काम करने हेतु कुक, हेल्पर, बाई, मैनेजर, डिलीवरी बॉय बिलासपुर, अम्बिकापुर के लिए आवश्यकता है खाना, रहना कम्पनी का रहेगा। सम्पर्क करें- 7869586011 (कॉलिंग) 9329233000 (व्हाट्सएप) (40951)

**आवश्यकता है-** ऑटोमोबाइल शॉप हेतु 12वीं पास पुरुष चाहिए बैंक संबंधी, काउंटर हैंडलिंग, सामान्य कार्य हेतु। फ्रेशर, अनुभवी उम्मीदवार केवल Whats App के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। सम्पर्क करें- 8927400000 (40955)

**आवश्यकता है-**मेडिकल कालेज एवं यूनिवर्सिटी रायपुर में सिक्यूरिटी हेड, सुपरवाइजर सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है सेवानिवृत्त सैनिक, अर्धसैनिक बल के कर्मचारियों को प्राथमिकता (वेतन सिक्युरिटी हेड- 35000 से 50000, सुपरवाइजर, सिक्युरिटी गार्ड- 15000) पता- एक्समैन सिक्यूरिटी सर्विस वैशाली टॉवर हेमू नगर बिलासपुर 6263900911, 9754713125 (40929)

**आवश्यकता है-**हॉस्टल में काम करने हेतु कुक, हेल्पर, बाई, मैनेजर, डिलीवरी बॉय बिलासपुर, अम्बिकापुर के लिए आवश्यकता है खाना, रहना कम्पनी का रहेगा। सम्पर्क करें- 7869586011 (कॉलिंग) 9329233000 (व्हाट्सएप) (40951)

**आवश्यकता है-**सुरक्षा गार्ड ड्यूटी में अनपढ़ व पढ़े लिखे व्यक्तिओं की लोहे का सामान इत्यादि की सुरक्षा हेतु वेतन- 12000/- तुरंत ड्यूटी सिलतरा रायपुर में सम्पर्क करें- 90688 88210, 9927351153 (025)

**आवश्यकता है-**NSGM Public School में बीएड, डीएड, डीएलएड एवं अनुभवी शिक्षकों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- व्हाइट हाउस के पीछे राज घराना कॉलोनी अमेरी बिलासपुर सम्पर्क करें- 9340881803(40950)

## बेचना है

**बेचना है-** हेमू नगर, जीनत विहार के समीप एक एकड़ जमीन बेचना है सम्पर्क करें- 9827478774 (40964)

**बेचना है-** हाईकोर्ट के पास ऊर्जा विहार 1800 वर्गफुट दो प्लाट एवं रामा लाईफ सिटी मुंगेली रोड में 3200 वर्गफुट एक प्लाट, वैष्णवी विहार 5BHK मकान बेचना है सम्पर्क करें- 7389665370, 9617251281 (40972)

**बेचना है-**जमीन बेचना है यदुनन्दन नगर तिफरा सूर्या विहार फेस दो के पास डायवर्टेड, उत्तर मुखी प्लॉट 30×60 बेचना है। सम्पर्क करें- 9406213493, 70004 58145 (दलाल सम्पर्क ना करें) (40959)

**बेचना है-** बिलासपुर में आकाश मार्ग, शुभम विहार उस्लापुर में सर्व सुविधा युक्त 1350 वर्गफीट में निर्मित 4BHK डुप्लेक्स मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 7697590551 (कृपया दलाल सम्पर्क ना करें) (40966)

**बेचना है-**बिलासपुर मंगला हाउसिंग बोर्ड में गार्डन फेसिंग 2BHK मकान कीमत 25 लाख रुपए में अतिशीघ्र बेचना है खरीददार सम्पर्क करें- 7898855268 (कृपया ब्रोकर सम्पर्क ना करें) (40894)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड-49, बीआर यादव नगर बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफॉर्डेबल फ्लैट, टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एस.के. बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (40711)

## किराया

**किराया-** बिलासपुर कुदुदण्ड में माता चौरा मन्दिर के आगे, शिव मन्दिर के पास 14×20 की दुकान किराये पर देना है। सम्पर्क करें- 8224845820, 6261143083 (40971)

**किराया-**बिलासपुर, व्यापार विहार में गुम्बर पैट्रोल पम्प के पीछे VR NEXUS बिल्डिंग में फर्स्ट फ्लोर 2560 वर्गफुट, सेकेण्ड फ्लोर 1910 वर्गफुट, किराये पर उपलब्ध। (पार्किंग सुविधा) सम्पर्क करें-95897 40766, 9425530355 (40953)

## फायनेंस

**फायनेंस-** विजया फाइनेन्स द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क- 9981421206, 94375 50462 (4345)

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
प्रायः सदियों से लोग जानते हैं कि जब कोई रोग किसी भी उपाय से ठीक नहीं होता वो केवल आयुर्वेद के द्वारा ही जड़मूल से ठीक होता है लेकिन कुछ लोगों के मति मारे जाने के कारण अपने को संकट में डाल लेते हैं।
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है। क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है। क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि। ये गुप्त रोगों के नीम हकीमों से बचकर रहे तो इनकी झुठी बातें एवं निराशा से बच सकते हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी.के. अग्रवाल
बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



सांई सुदर्शन
652 रन
गुजरात

भुवनेश्वर कुमार
26 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### एशियाई रिले की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** चंडीगढ अगले साल होने वाली एशियाई एथलेटिक्स रिले और भुवनेश्वर 2028 एशियाई इंडोर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। एशियाई एथलेटिक्स संघ (एएए) की कार्यकारी परिषद की हांगकांग में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। यह बैठक 28 से 31 मई तक होने वाली एशियाई अंडर 20 चैंपियनशिप से पहले आयोजित की गई थी। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष और हांगकांग में एएए की बैठक में भाग लेने वाले आदिले सुमरिवाला ने कहा,' भारत को एशियाई रिले की मेजबानी मिली है, जो चंडीगढ़ में 2027 में होगी। वहीं एशियाई इंडोर चैंपियनशिप 2028 में भुवनेश्वर में होगी।' भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पिछले साल दोनों टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिये दावा किया था ।

### सरीन ने ईस्पोर्ट्स विश्व कप में किया क्वालीफाई



**मुंबई।** भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने चैंपियंस शतरंज टूर (सीसीटी) लीडरबोर्ड के जरिए पेरिस में होने वाले आगामी ईस्पोर्ट्स विश्व कप (ईडब्ल्यूसी) की शतरंज स्पर्धा के लिए क्वालीफाई कर लिया। ईस्पोर्ट्स और गेमिंग कंटेट कंपनी एस8यूएल का प्रतिनिधित्व करने वाले सरीन अब तक इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं और अपने साथी अरविंद चिदंबरम के साथ शामिल हो गए। इस साल 11 से 15 अगस्त तक चलने वाली ईडब्ल्यूसी शतरंज प्रतियोगिता में 14.3 करोड़ रुपए (15 लाख डॉलर) की पुरस्कार राशि होगी। ईडब्ल्यूसी कुल मिलाकर 6 जुलाई से 23 अगस्त तक चलेगा, जिसमें 100 से ज्यादा देशों के 200 क्लबों के 2 हजार से ज्यादा खिलाड़ी 718 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि के लिए मुकाबला करेंगे।

# आईसीसी रैंकिंग : बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने लगाई जबरदस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट रैंकिंग में काफी सुधार किया है। अनुभवी बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम उन खिलाड़ियों में से एक रहे, जिन्हें सबसे ज्यादा फायदा हुआ।

दाएं हाथ के 39 वर्षीय बल्लेबाज ने पाकिस्तान के विरुद्ध टेस्ट सीरीज की चार पारियों में सर्वाधिक 259 रन बनाए। इस शानदार प्रदर्शन के साथ मुशफिकुर रहीम ने बल्लेबाजी रैंकिंग में 10 पायदान की छलांग लगाते हुए संयुक्त रूप से 16वां स्थान हासिल कर लिया है। इनके अलावा, बांग्लादेशी बल्लेबाज लिटन दास को भी जबरदस्त फायदा मिला, जिन्होंने सीरीज के दौरान 239 रन बनाकर 14 स्थान की छलांग लगाई और 24वें स्थान पर पहुंच गए।

पाकिस्तान को क्लीन स्वीप करने का मिला फायदा



### बांग्लादेशी कप्तान लिटन दास ने मारी छलांग

इतना ही नहीं बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने भी 14 स्थानों की छलांग मारी है। वे अब 650 की रेटिंग के साथ नंबर 24 पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम को भी केवल एक ही स्थान का फायदा मिला है, वे 22वें नंबर पर हैं। उनकी रेटिंग 663 की है। सलमान अली आगा को भी दो स्थानों का हल्का सा फायदा हुआ है। वे अब 27वें स्थान पर हैं। इनके आगे जाने से कई बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है।

### बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा

इस सीरीज के बाद बांग्लादेशी गेंदबाजों को भी फायदा मिला है। बाएं हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम को आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 2 स्थान का फायदा मिला, जिन्होंने 11वें स्थान पर पहुंचकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग भी हासिल कर ली। ऑफ-स्पिनर मेहदी हसन मिराज दो स्थान ऊपर चढ़कर 25वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने 10 स्थान की छलांग लगाकर 54वां स्थान हासिल किया। तैजुल इस्लाम ने आईसीसी टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में भी 3 पायदान की छलांग लगाते हुए 29वां स्थान हासिल कर लिया। दूसरी तरफ, सीरीज में हार के बावजूद, पाकिस्तानी तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद सिलहट में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में वापसी के बाद आईसीसी टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 49वें स्थान पर फिर से शामिल हो गए।



### टेस्ट के नंबर एक बल्लेबाज रूट

इस बीच इंग्लैंड के जो रूट अभी भी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बल्लेबाज बने हुए हैं। उनकी रेटिंग 880 की है। 857 की रेटिंग के साथ हैरी ब्रूक दूसरे नंबर पर हैं। ट्रेविड हेड की रेटिंग 853 है और वे नंबर तीन पर हैं। स्टीव स्मिथ 831 की रेटिंग के साथ नंबर 4 पर बने हुए हैं। केन विलियमसन नंबर 5 पर हैं। टॉप 5 में कोई भी भारतीय बल्लेबाज नहीं है। भारत के लिए बेस्ट रैंकिंग वाले बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल हैं, जिनकी रेटिंग अभी 750 की है और वे आठवें नंबर पर हैं। शुभमन गिल 730 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर हैं।

## सूर्यवंशी ने 29 बॉल पर 97 रन बनाए, आर्चर को 3 विकेट

# हैदराबाद आईपीएल से बाहर राजस्थान ने 47 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| न्यू चंडीगढ़

सनराइजर्स हैदराबाद आईपीएल 2026 से बाहर हो गई है। टीम को एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स ने 47 रन से हरा दिया। क्वालीफायर-2 में 29 मई को राजस्थान का मुकाबला न्यू चंडीगढ़ में गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच को जीतने वाली टीम 31 मई को अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ फाइनल खेलेगी। बुधवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 19.2 ओवर में 196 रन पर ऑलआउट हो गई।



### सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों 97 रन बनाए

इससे पहले, राजस्थान को वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 7.6 ओवर में 125 रन जोड़ दिए। सूर्यवंशी ने 29 गेंदों में 97 रन की पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। वहीं जायसवाल ने 29 रन बनाए। इसके बाद ध्रुव जुरेल ने 21 गेंदों में 50 रन ठोके, जबकि कप्तान रियान पराग ने 12 गेंदों में 26 रन की पारी खेली। अंत में रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर नाबाद लौटे। हैदराबाद की ओर से प्रफुल हिंगे सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 54 रन देकर 3 विकेट लिए। ईशान मलिंगा, शिवांग कुमार और नीतीश रेड्डी को 1-1 विकेट मिला। हालांकि कप्तान पैट कमिंस काफी महंगे साबित हुए और 4 ओवर में 64 रन खर्च कर बैठे।



### आर्चर ने 3 विकेट लिए

244 रन के टारगेट का पीछा करते हुए हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही। जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा को शून्य पर आउट किया, फिर ईशान किशन (33) और ट्रैविस हेड (17) को भी पवेलियन भेजकर मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद नीतीश रेड्डी ने 38 और सलिल अरोड़ा ने 35 रन बनाकर स्ट्रगल जरूर किया, लेकिन टीम 19.2 ओवर में 196 रन पर सिमट गई। राजस्थान की गेंदबाजी में आर्चर सबसे सफल रहे। उन्होंने 4 ओवर में 58 रन देकर 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, रवींद्र जडेजा और सुशांत मिश्रा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि यश पुंजा को 1 सफलता मिली।

महिला टी20 विश्व कप

# ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेगी 'विकेड' की कास्ट



एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला टी20 विश्व कप 2026 का पहला मुकाबला श्रीलंका और इंग्लैंड के बीच 12 जून को खेला जाएगा। इस मैच से पहले ओपनिंग सेरेमनी होगी। ओपनिंग सेरेमनी में 'विकेड' की कास्ट लाइव परफॉर्म करेगी। इसकी घोषणा आईसीसी ने की है। वैश्विक खेल इतिहास में पहली बार, विकेड स्टार्स एमा किंग्स्टन और जिजी स्ट्रेलन एल्फाबा और ग्लिंडा के तौर पर कंपनी को लीड करेंगी। वे पहली गेंद फेंके जाने से पहले दुनिया भर में सबसे सफल म्यूजिकल शो में से एक के मशहूर गाने गाएंगी।

### प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाने का मकसद

आईसीसी ने कहा, यह कोलेबोरेशन उस मकसद का हिस्सा है, जिसके तहत आईसीसी महिला टी20 विश्व कप को खेल से आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे संस्कृति से जुड़े पल बनेंगे, जो एलीट प्रतियोगिता को वर्ल्ड-क्लास एंटरटेनमेंट के साथ मिलाएंगे और टूर्नामेंट को सबसे बड़े वैश्विक लाइव-इवेंट अनुभव में से एक बनाएंगे। लंदन के वेस्ट एंड में 'विकेड' की 20वीं सालगिरह पर, यह परफॉर्मेंस एजबेस्टन को लाइव थिएटर और एलीट स्पोर्ट के एक रात के मैच में बदल देगा, जो अब तक की सबसे बड़ी महिला टी20 विश्व कप की ओपनिंग नाइट के लिए दो वैश्विक स्टेज के ड्रामा और तमाशे को एक साथ लाएगा।



### दिग्गज शूटर रणधीर सिंह का निधन

**नई दिल्ली।** अनुभवी खेल प्रशासक और एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पहले स्वर्ण पदक विजेता रणधीर सिंह का उम्र संबंधित बीमारियों से जूझने के बाद निधन हो गया, जिससे भारतीय खेल जगत के एक ऐसे युग का अंत हो गया, जिस पर उन्होंने विभिन्न भूमिकाओं में अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। कई दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद 79 वर्ष के सिंह नेअपने आवास पर अंतिम सांस ली। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी विनीता और तीन बेटियां महिमा, सुनयना और राजेश्वरी हैं। राजेश्वरी भी एक निशानेबाज हैं। स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के कारण सिंह ने हाल में एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।


## ई-नीलामी विक्रय सूचना

**निलामी की तिथि एवं समय :- 19-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे**
**(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001**
**Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** द्वारा-एम अलागेसन, नंबर 32, चिनराज नगर, करायनचावडी, अय्यप्पनथंगल, एस पी महिला छात्रावास के पास, पूनामल्ली, पूनामल्ली-चेन्नई, तमिलनाडु, पिन - 600056& **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** पुत्र स्व. श्री गंगा प्रसाद पाठक, हिंदी हाई स्कूल के पास, शास्त्री नगर, सरशातली हीरापुर, बर्दवान, पश्चिम बंगाल- 713055. **श्री ब्रजेन्द्र कुमार पाठक** महानिदेशालय, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, चेन्नई, 77 बीएन सीआरपीएफ उप जेल परिसर, करायंचवडी, पूनामल्ले - चेन्नई - 600056. **श्रीमती मिश्रा विभा** फ्लैट-ए-1/9-ए-108, फ्लोर-1, लोटस टावर ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 32611, 17, 19, 23, 20 भाग, मकान नं. 105, ग्राम-मठपुरेना रायपुर छ.ग.-492001. **श्रीमती मिश्रा विभा** पुत्री नरेश मिश्रा, ई 44, राधास्वामी नगर, रायपुर छत्तीसगढ़ 492001. | ₹ 16,35,423/- 30 अप्रैल 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की हाऊसहोल्ड फ्लैट जिसका क्षेत्रफल सुपर बिल्टअप एरिया-820 वर्ग फुट, बिल्टअप एरिया-800 वर्ग फुट है, प्रथम मंजिल, फ्लैट-ए-1/9-ए-108, पहली मंजिल, लोटस टावर कॉम्प्लेक्स, ढेबर सिटी ब्लॉक, प.ह.नं. 105/47, खसरा संख्या 326/1, 326/19, 326/17-23, 326/20, वार्ड संख्या 61, महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड, ग्राम-मठपुरेना, रायपुर छत्तीसगढ़। **चौहद्दीः**-(बिक्री विलेख के अनुसार) उत्तर में फ्लैट संख्या ए-1/10, दक्षिण में खुला स्थान, पूर्व में लॉबी, सीढ़ियाँ और रास्ता, पश्चिम में खुला स्थान। फ्लैट सुपर बिल्टअप एरिया-820 वर्गफीट, बिल्टअप एरिया - 800 वर्गफीट, **लेटिट्यूड-21.205558, लांगिट्यूड-81.624968.** | भौतिक | ₹15,95,000/- | ₹1,59,500/- / ₹ 5,000/- |
| 2. | **श्री साहू खिलेश्वर** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006. **श्रीमती साहू दीपिका** 173, स्टेशन मरोदा, उत्तम टेलर्स, बीआरपी कॉलोनी, भिलाई नगर, सिविक सेंटर, भिलाई-दुर्ग 490006. | ₹ 5,75,548/- 31 मई 2023* की स्थिति में | फ्लैट-एलआईजी-309, ग्रुप-5, फ्लोर-3, दीनदयाल आवास, योजना कौरिनभाटा, क्र.सं., ख. क्रमांक 328; ग्राम-कौरिनभाटा, तहसील-राजनांदगांव छ.ग., कुल बुआ क्षेत्रफल=487 वर्गफीट। (45.26 वर्गमीटर) **लेटिट्यूड-21.088282, लांगिट्यूड-81.009706.** | भौतिक | ₹3,50,000/- | ₹35,000/- / ₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 06-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-17-जून-2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का खुलासा: एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के संबंध में कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.
**सावधानी नोट**: बड़े पैमाने पर ई-बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि एचडीएफसी बैंक लिमिटेड और उसके अधिकृत अधिकारी नीलामी बिक्री नोटिस में उल्लिखित अचल संपत्ति के संबंध में नकद लेनदेन नहीं करते हैं। नाम और अचल संपत्ति की बिक्री से निपटने के लिए एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा अधिकृत एजेंसी/दलाल, यदि कोई हो, का संपर्क विवरण केवल ऊपर उल्लिखित पते पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

दिनांक: 28 मई, 2026
स्थान: रायपुर, राजनांदगांव
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA



## ई-नीलामी विक्रय सूचना

**निलामी की तिथि एवं समय :- 03-जुलाई-2026, सुबह 10.30 बजे से सुबह 11.00 बजे**
**(बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

HDFC BANK

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड**

**शाखा : अलास्का टॉवर, लोधीपारा रोड, शंकर नगर, रायपुर - 492001**
**Tel: 0771-4243149/149 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com**

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत् माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित सम्मेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस जारी करता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की संख्या, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित।
एतद द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को कॉलम (ए) में इंगित किया गया है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (बंध) कॉलम (सी) में वर्णित है जो सुरक्षित व्यक्ति को गिरवी रखी गई है। लेनदार, जिसका भौतिक कब्जा एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (डी) में वर्णित सुरक्षित लेनदार द्वारा लिया गया है, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है' पर बेचा जाएगा। क्या है', और 'जो कुछ भी है' नीचे दिए गए विवरण के अनुसार:
एतद्द्वारा, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के अंतर्गत कॉलम (ए) में दर्शाए गए संबंधित उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी उत्तराधिकारियों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक(ओं), प्रशासक(ओं), उत्तराधिकारी(ओं) और समनुदेशितियों को, जैसा भी मामला हो, सूचना दी जाती है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.hdfcbank.com में दिए गए लिंक को देखें।

| | (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) / (G) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्रं. | ऋणी(यों) का नाम | वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (रु.)* | अचल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति का विवरण (1 वर्गमीटर 10.76 वर्गफुट के बराबर है) | कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य (रु.) | ब्याना जमा राशि (रु.) / बोली वृद्धि राशि (रु.) |
| 1. | **श्री सराफ विशाल,** मकान नंबर-01, तुलसी विला, खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। **श्री सराफ विशाल** विशाल इंटरप्राइजेज, दुकान नंबर-15, नयापारा, लेकर लाइन, रायपुर - 492001. **श्रीमती सराफ दिव्या** हाउस नंबर-01, तुलसी विला खम्हारडीह रोड, शंकर नगर, रायपुर - छत्तीसगढ़, पिन - 492001 - भारत। | ₹ 40,18,857/- 31 मार्च 24* की स्थिति में | फ्लैट-03, मंजिल-7, ओवरसीज पाम रिसॉर्ट्स, ब्लॉक ए, स.क्र., खसरा नं. 91/1-2; प.ह.नं. 44, ग्राम- सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़, कुल क्षेत्रफल- 1470.13 वर्ग फुट, कारपेट एरिया- 925.25 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड- 21.284361, लांगिट्यूड-81.698556.** | भौतिक | ₹47,05,000/- | ₹4,70,500/- / ₹ 10,000/- |
| 2. | **सुश्री तिवारी त्रिशला** वार्ड क्रमांक 14, देवतालाब पारा, नगर पंचायत लखनपुर, सरगुजा, कोरिया-भरतपुर, छत्तीसगढ़, 497116. **सुश्री तिवारी त्रिशला** कैपजेमिनी टेक्नोलॉजी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड, 164-165, कैपजेमिनी एपिप, फेस II, एपिप औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलुरु - कर्नाटक 560067. | ₹ 17,61,714/- 31 दिसंबर 25* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग की रिहायशी फ्लैट-बी 204, द्वितीय तल, ब्लॉक बी, डॉ. एम.सी. वर्मा टावर्स, खसरा संख्या 22/2, प्लॉट नंबर 22/2, शीट संख्या 3, प.ह.नं.22/35, शीट संख्या 3, प्लॉट संख्या 10, प.ह.नं. 21, वार्ड संख्या 6, सिंधी कॉलोनी, मौजा-जरहाभाटा, विकासखंड-बिल्हा, जिला-बिलासपुर, छत्तीसगढ़, फ्लैट क्षेत्रफल 1050 वर्ग फुट (97.583 वर्ग मीटर), **लेटिट्यूड-22.082647, लांगिट्यूड- 82.13947** | भौतिक | ₹23,63,000/- | ₹2,36,300/- / ₹ 5,000/- |
| 3. | **श्री सिंह निर्मल जीत** सर्व जीत सिंह फ्लैट नंबर ईडब्ल्यूएस नंबर 11, ब्लॉक 9, दूसरी मंजिल, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, महुरत रिसॉर्ट, पिरदा 2, कुरुद कैंप, रायपुर - 492101. **श्री सिंह निर्मल जीत** टेली परफॉर्मेंस ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, 408, उद्योग विहार, गुड़गांव - 122001. | ₹ 7,15,667/- 31 अक्टूबर 24* की स्थिति में | समस्त भाग एवं आंशिक भाग का फ्लैट नं.-एल.आई.जी.-09, दूसरी मंजिल, ब्लॉक-12, क्षेत्रफल- 614.40 वर्ग फुट, खसरा संख्या 617 भाग, पीरदा, रायपुर, साइट-बी (सामान्य आवास योजना), प.ह.नं.-43, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित, और उत्तर में 7.5 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण में निजी भूमि, पूर्व में सार्वजनिक परिवहन विभाग की सड़क और पश्चिम में एल.आई.जी. ब्लॉक-13 से घिरा हुआ है। कुल क्षेत्रफल- 57.10 वर्ग मीटर या 614.40 वर्ग फुट, **लेटिट्यूड**-21.250944,**लांगिट्यूड**-81.740417. | भौतिक | ₹8,85,000/- | ₹88,500/- / ₹ 5,000/- |
| 4. | **श्रीमती तिवारी मंजू** पत्नी/बेटा/बेटी श्री तिवारी मयंक मौली (मृतक के बाद से) अन्य ज्ञात एवं अज्ञात कानूनी उत्तराधिकारी, कानूनी प्रतिनिधि, उत्तराधिकारी, मकान नंबर- 191, 07, वार्ड नंबर 35, जोन 3, दुर्गा मंदिर, खुर्सीपार, भिलाई, दुर्ग छत्तीसगढ़ 493441. | ₹ 18,80,745/- 30 जून 22* की स्थिति में | प्लॉट सर्वे आईडी नंबर 23, प्लॉट साई किराना के पास, घर, व्यवस्था योजना अंतर्गत, जिला दुर्ग, न्यू खुर्सीपुर, वार्ड 32 सिंधी कॉलोनी के पीछे, गुरुद्वारा, दुर्ग छ.ग. कुल क्षेत्रफल- 56.05 वर्ग मीटर, भूतल बिल्टअप एरिया-56.05 वर्ग मीटर प्रथम तल- 56.05 वर्ग मीटर, **लेटिट्यूड**-21.208541, **लांगिट्यूड**-81.404368. | भौतिक | ₹19,78,000/- | ₹1,97,800/- / ₹ 5,000/- |

**सुरक्षित संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय :- 15-जून-2026, सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे**
**बोली की अंतिम तिथि :-01-जुलाई -2026, शाम 5.00 बजे के पहले**

* साथ में अतिरिक्त ब्याज, जैसा लागू हो, भुगतान की तारीख और/या उसकी प्राप्ति तक किए गए आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि।
**ऋणभार/दावों का प्रकटीकरण: मद क्रमांक 01 पर सोसायटी के प्रति ₹ 55,000/- का बकाया रखरखाव शुल्क (अतिरिक्त शुल्क आदि को छोड़कर) है। उक्त संपत्ति के क्रेता को यह राशि अनिवार्य रूप से अदा करनी होगी। कृपया ध्यान दें कि यह आरक्षित मूल्य में शामिल नहीं है। क्रेता को यह राशि केवल सोसायटी को ही अदा करनी होगी।**
**एचडीएफसी के अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार, क्रमांक 02 से क्रमांक 04 तक की अचल संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कोई भार नहीं है।**
संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता के लिए, या ई-नीलामी बोली दस्तावेज प्राप्त करने के लिए और किसी भी अन्य प्रश्न के लिए, कृपया एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी श्री लोकेश माहोरे से टेलीफोन नंबर 871800900 या श्री अंशुल अग्रवाल से टेलीफोन नंबर 9713436260 या मेसर्स वैल्यू ट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से संपर्क करें; ई-मेल: Auction.Manager@BidDeal.in ; संपर्क नंबर: +919266604643.

दिनांक: 28 मई, 2026
स्थान: रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग
रजिस्टर्ड पता-एच.डी.एफ.सी. बैंक हाऊस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400013
एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी
ASA

भारत में जहां काफी लोग ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं हासिल करने की भौतिकतावादी दौड़ में लगे हैं। वहीं, पश्चिमी देशों के लोग इस तरह की सुविधाओं से ऊब चुके हैं। वे अब तन- मन की शांति चाहते हैं और प्रकृति का रहस्य समझना चाहते हैं। उन्हें अपने सारे सवालों का जवाब सनातन संस्कृति में मिल रहा है।

# रूस में बसा वो रहस्यमयी हिंदू गांव, जहां गूंजते हैं ओम नमः शिवाय और हरे कृष्णा के मंत्र

**मास्को।** आलम ये है कि भारत से हजारों किमी दूर रूस के साइबेरिया में वहां के लोगों ने एक हिंदू गांव ही बसा लिया है। वहां रहने वाले सारे लोग रूसी हैं, लेकिन वे सनातन संस्कृति को मानते हैं। वहां पर दिनभर 'ओम नमः शिवाय' और 'हरे कृष्ण' के मंत्र गूंजते रहते हैं। आज हम आपको साइबेरिया में बसे इस अनोखे हिंदू गांव की सैर पर लेकर चलते हैं, जहां पर भारतीयता इतने गहरे तक समाई हुई है कि आप खुद हैरान रह जाएंगे। रूस के इस 'हिंदू विलेज' या 'मिनी इंडिया' का नाम ओकुनेवो है। यह गांव रूस के साइबेरिया क्षेत्र में स्थित है। यहां पर हरे कृष्णा भजन, योग और हिंदू आध्यात्मिक परंपराओं का गहरा प्रभाव है। इसी वजह से इसे 'रूस का हिंदू गांव' कहा जाता है। साइबेरिया की इस बर्फीली धरती पर तापमान माइनस 40 से माइनस 50 डिग्री तक गिर जाता है। इसके बावजूद ओकुनेवो गांव में 'ओम नमः शिवाय' और 'हरे कृष्ण' के मंत्र रोजाना सुबह गूंजते हैं।

## यहां भजन, योग और हिंदू आध्यात्मिक परंपराओं का गहरा प्रभाव




**1991 में हुई थी स्थापना**

इस गांव की आबादी करीब 300 लोगों की है। हालांकि, गर्मियों में योगी, तीर्थयात्री और पर्यटकों के आने से यह संख्या दोगुनी हो जाती है। इस गांव को लिथुआनिया की मूल निवासी रास्मा रोजिटिस ने बसाया था। वे हिमालय में रहने वाले ऐदाखन बाबाजी की शिष्या थी। उन्होंने उन्हें रजनी नाम दिया. जब वे 1991 में ओम्स्क नदी के किनारे पहुंची तो आध्यात्मिक संकेतों के जरिए उन्हें आभास हुआ कि यही जगह रामायण काल के हनुमान मंदिर की प्राचीन स्थली है। उन्होंने इसे पृथ्वी का नाभि स्थल घोषित कर वहां पर प्रवास शुरू कर दिया। वर्ष 1992-95 में उन्होंने गांव में ओमकार शिव धाम आश्रम की स्थापना की।

### भारतीय संस्कृति अपना चुके हैं लोग

गांव में रहने वाले स्थानीय रूसी परिवार अब भारतीय संस्कृति को आत्मसात कर चुके हैं। उनके लकड़ी से बने घरों में शिव-कृष्ण की मूर्तियां, संस्कृत श्लोक और राम-हनुमान के चित्र सजे हैं। वे योग, ध्यान, हवन और शाकाहारी जीवन जीते हैं। वे होली-दिवाली, जन्माष्टमी, रक्षाबंधन, शिवरात्रि जैसे तमाम भारतीय त्योहार मनाते हैं। उनकी सुबह की शुरुआत नमस्ते से होती है। भयंकर सर्दी के बावजूद सनातन के प्रति आस्था उन्हें अंदर से गर्माए रखती है। अब यह गांव विश्व स्तर पर आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बन चुका है।



### हमेशा जलती रहती है हिंदू धूनी

आज की तारीख में ओकुनेवो गांव अद्भुत धार्मिक सद्भाव के रूप में प्रसिद्ध है। एक ओर बाबाजी के शैव साधक अपनी साधना में लीन रहते हैं तो दूसरी ओर इस्कॉन के अनुयायी वहां पर हरे कृष्ण का मंत्र जाप करते रहते हैं। वहां पर स्लाविक मूल धर्म के रोडनोवेरी लोग अपनी परंपराओं का पालन करते दिखते हैं। कुछ रूसी ऑर्थोडॉक्स ईसाई भी इसमें शामिल हैं। इस गांव में एक ऊंची पहाड़ी है, जिसका नाम ओमकार पहाड़ी है। वहां पर हिंदू धूनी हमेशा जलती रहती है। साथ ही ऑर्थोडॉक्स चैपल का चिह्न भी वहां पर लगा है। अब इस गांव में बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक और योगी भी पहुंचने लगे हैं। वे वहां पर योग रिट्रीट, मेडिटेशन कैंप और आध्यात्मिक चर्चाएं करते हैं। वहां पहुंचकर उन्हें सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है।

## रोचक खबरें

# दुखी होने पर शराब नहीं, नेलपॉलिश पीती है महिला, गटक जाती है 5 बोतल!



**वॉशिंगटन।** लत की दुनिया में हर रोज नई-नई अजीबोगरीब कहानियां सामने आ रही हैं। मशहूर टीवी शो 'माई स्ट्रेंज एडिक्शन' में एक महिला ने ऐसी लत का खुलासा किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया। जहां ज्यादातर लोग दुख, तनाव या डिप्रेशन में शराब, सिगरेट या ड्रग्स का सहारा लेते हैं, वहीं यह महिला नेलपॉलिश पीकर अपना मूड ठीक करती है। शो में महिला ने बताया कि पिछले 5 सालों से जब भी उसे उदासी छा जाती है या कोई दुख होता है, वो नेलपॉलिश की बोतल मुंह से लगा लेती है। एक दिन में वह 3 से 5 बोतल तक नेलपॉलिश पी जाती है। खास बात यह है कि उसे अलग-अलग रंग और ग्लिटर वाली नेलपॉलिश ज्यादा पसंद है। चमकदार गुलाबी, चमकीला लाल या ग्लिटर वाली नेलपॉलिश पीने के बाद उसे तुरंत अच्छा महसूस होता है। महिला (नाम गोपनीय रखा गया है) ने बताया, 'जब मेरी प्रेमी से लड़ाई होती है या कोई परेशानी आती है तो मुझे बहुत उदासी छा जाती है। शराब मुझे अच्छी नहीं लगती। एक दिन संयोग से नेलपॉलिश की बोतल हाथ लग गई और मैंने पी ली। अचानक अच्छा लगने लगा। उसके बाद यही लत लग गई। अब बिना नेलपॉलिश के मेरा दिन नहीं कटता।' उसने आगे कहा कि ग्लिटर वाली नेलपॉलिश पीने से उसे एक अलग ही चमक और एनर्जी मिलती है।

### डॉक्टरों की चेतावनी

चिकित्सकों के अनुसार नेलपॉलिश में केमिकल जैसे एक्टोन, टॉल्यूनि, फॉर्मेल्डिहाइड और अन्य जहरीले पदार्थ होते हैं। इन्हें पीने से लीवर, किडनी, फेफड़े और दिमाग को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। लंबे समय तक ऐसा करने से कैंसर, न्यूरोलॉजिकल समस्या, खून की कमी और यहां तक कि मौत भी हो सकती है। शो के डॉक्टर ने महिला को तुरंत इस लत से छुटकारा पाने की सलाह दी और रिहैबिलिटेशन सेंटर में भर्ती होने को कहा। लेकिन, महिला कहती है कि वो कोशिश कर रही है पर अभी तक सफल नहीं हुई है।

# कुत्ते ने कार के अंदर से की दनादन फायरिंग, सड़क पर महिला हुई घायल

**न्यूयार्क।** कभी-कभी हकीकत ऐसी होती है, जो किसी फिल्मी सीन से कम नहीं लगती। सोचिए, एक शांत खड़ी गाड़ी और अचानक अंदर से चलने लगें गोलियां और जब सच सामने आए, तो पता चले कि ट्रिगर किसी इंसान ने नहीं, बल्कि एक कुत्ते ने दबाया! अमेरिका से सामने आई यह हैरान करने वाली घटना लोगों को चौंका रही है। यह मामला नेब्रास्का के स्कॉट्सब्लफ इलाके का है, जहां एक अजीबोगरीब हादसे में सड़क पर मौजूद एक महिला घायल हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीते शनिवार एक शख्स अपनी पिकअप ट्रक को गैस स्टेशन पर खड़ा कर सामान लेने चला गया। गाड़ी में उसका पालतू कुत्ता और एक अन्य व्यक्ति मौजूद थे। मालिक के जाते ही पिछली सीट पर बैठा कुत्ता उछलने-कूदने लगा। इसी दौरान उसका पैर गाड़ी में रखी लोडेड शॉटगन पर पड़ गया। अचानक ट्रिगर दब गया और बंदूक से फायरिंग हो गई। गोली गाड़ी के दरवाजे को चीरते हुए बाहर निकल गई। उसी वक्त पास के ट्रैफिक सिग्नल पर एक महिला अपनी कार में हरी बत्ती का इंतजार कर रही थी। दुर्भाग्य से, गोली सीधे उसके हाथ में जा लगी। घटना को देख रहे लोग कुछ पल के लिए समझ ही नहीं पाए कि आखिर हुआ क्या है, क्योंकि गाड़ी के अंदर से फायरिंग हो रही थी और वहां सिर्फ एक कुत्ता था। घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के बाद उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। जब पुलिस मौके पर पहुंची, तो उन्हें पहले लगा कि शायद किसी ने मजाक में नकली हथियार का इस्तेमाल किया होगा।



## खूबसूरती पीछे छिपा है करोड़ों साल पुराना राज!

# दुनिया का सबसे अनोखा पहाड़, जो चमकता है इंद्रधनुष की तरह

**लीमा।** दुनिया में कई खूबसूरत पहाड़ हैं, लेकिन पेरू का विनिकुन्का (इंद्रधनुषी पर्वत) अपनी अनोखी रंग-बिरंगी खूबसूरती की वजह से सबसे अलग माना जाता है। इसे ''रेनबो माउंटेन यानी इंद्रधनुषी पहाड़ के नाम से जाना जाता है। इसकी पहाड़ियों पर लाल, पीले, हरे, नारंगी और बैंगनी रंग की प्राकृतिक धारियां दिखाई देती हैं, जिन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो किसी कलाकार ने पहाड़ों पर रंगों की पेंटिंग कर दी हो। यही वजह है कि यह जगह दुनियाभर के पर्यटकों और एडवेंचर प्रेमियों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बन चुकी है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस पहाड़ के अलग-अलग रंगों के पीछे प्राकृतिक खनिजों की बड़ी भूमिका है। लाल रंग आयरन ऑक्साइड, पीला रंग सल्फर और हरे रंग की परतें दूसरे मिनरल्स की वजह से बनती हैं।



### प्राकृतिक खनिजों की बड़ी भूमिका

वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस पहाड़ के अलग-अलग रंगों के पीछे प्राकृतिक खनिजों की बड़ी भूमिका है। लाल रंग आयरन ऑक्साइड, पीला रंग सल्फर और हरे रंग की परतें दूसरे मिनरल्स की वजह से बनती हैं। कई सालों तक यह पहाड़ बर्फ से ढका रहा, इसलिए इसकी असली खूबसूरती दुनिया के सामने नहीं आ पाई थी। लेकिन, जब ग्लेशियर पिघलने लगे, तब इसकी रंगीन परतें धीरे-धीरे दिखाई देने लगीं और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें वायरल होते ही यह दुनिया भर में मशहूर हो गया।

### यहां कैसे जा सकते हैं ?

रेनबो माउंटेन तक पहुंचने का सफर भी किसी रोमांच से कम नहीं है। यहां पहुंचने के लिए सबसे पहले पर्यटकों को पेरू के कुज्को शहर जाना पड़ता है। इसके बाद सड़क मार्ग और फिर लंबी ट्रेकिंग के जरिए पहाड़ तक पहुंचा जाता है। ट्रेकिंग के दौरान बर्फ से ढकी चोटियां, गहरी घाटियां और खूबसूरत प्राकृतिक नजारे देखने को मिलते हैं। रास्ते में अल्पाका और लामा जैसे जानवर भी पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करते हैं।

### घूमने का सबसे बेहतर समय कौन-सा


विशेषज्ञों के अनुसार मई से सितंबर के बीच यहां घूमना सबसे बेहतर माना जाता है। इस दौरान मौसम साफ रहता है और ट्रेकिंग करना आसान होता है। बारिश के मौसम में रास्ते काफी फिसलन भरे हो जाते हैं, जिससे यात्रा मुश्किल हो सकती है। यही वजह है कि रेनबो माउंटेन आज भी दुनिया के सबसे अनोखे और रोमांचक पर्यटन स्थलों में गिना जाता है।



### इस जगह तक पहुंचना आसान नहीं

पेरू के एंडीज पर्वतों में स्थित यह पहाड़ समुद्र तल से करीब 5,000 मीटर की ऊंचाई पर मौजूद है। इतनी ज्यादा ऊंचाई होने के वजह से यहां ऑक्सीजन की मात्रा भी काफी कम होती है, इसलिए इस जगह तक पहुंचना आसान नहीं माना जाता है। बावजूद इसके हर साल हजारों पर्यटक यहां ट्रेकिंग करने पहुंचते हैं। खासकर फोटोग्राफर्स और नेचर लवर्स के बीच यह जगह बेहद लोकप्रिय हो चुकी है।

# अब अपने पालतू जानवरों की बात समझना होगा आसान!



**बीजिंग।** आपने पालतू जानवरों के लिए कई स्मार्ट और एआई डिवाइस देखे होंगे, जो आपके बिल्ली या कुत्ते का मनोरंजन करते हैं, लेकिन क्या हो अगर तकनीक इतनी आगे बढ़ जाए कि आपका पेट क्या महसूस कर रहा है और क्या कह रहा है, ये भी आप समझ सकें. चीन की एक स्टार्टअप कंपनी ने ऐसा ही एक एआई पेट ट्रांसलेटर बनाने का दावा किया है, जो जानवरों की आवाज, भावनाओं और उनके व्यवहार को लगभग 95% सही पहचान सकता है। कंपनी का कहना है कि यह डिवाइस पालतू जानवरों और उनके मालिकों के बीच बातचीत को पहले से कहीं ज्यादा आसान और खास बना सकता है।

कंपनी के अनुसार, अगर यह डिवाइस पालतू जानवर के गले में पहनाया जाए, तो यह उसकी आवाज, भावनाएं और व्यवहार को लगभग 95% सही पहचान सकता है। इस AI से चलने वाले डिवाइस की प्री-ऑर्डर इस महीने की शुरुआत में शुरू हुई थी और अब तक 10,000 से ज्यादा लोगों ने इसे बुक कर लिया है। पालतू जानवर के मालिक इससे अपने जानवरों से बात करने को लेकर उत्साहित हैं।


### सोशल मीडिया पर हो रही खूब चर्चा

इसकी कीमत 799 युआन यानी लगभग 118 डॉलर रखी गई है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इसको लेकर बहुत चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे सच में काम करने वाला ट्रांसलेटर बता रहे हैं, तो कुछ ने इसे इंसानों की समझ को परखने वाला टेस्ट बताया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों का कहना है कि कंपनी ने अपने बड़े-बड़े दावों को साबित करने के लिए कोई ठोस डेटा नहीं दिया गया है। कंपनी ने सिर्फ कुछ वीडियो दिखाए हैं, जिनमें बिल्ली की म्याऊं और कुत्तों के भौंकने को रंग-बिरंगे बबल्स के जरिए इंसानी भाषा में बदलते हुए दिखाया गया है, लेकिन इसके अलावा कंपनी ने अपनी इस नई डिवाइस की सटीकता को लेकर कोई पुख्ता जानकारी या सबूत शेयर नहीं किया है।

# दूल्हे राजा ने बारातियों को दिया 33.60 करोड़ का ऐसा रिटर्न गिफ्ट, खुशी से झूम उठा पूरा गांव

**मुंबई।** आमतौर पर शादियों में जब मेहमान विदा होते हैं, तो उन्हें रिटर्न गिफ्ट में मिठाई, कपड़े या कोई छोटा-मोटा कीमती सामान दिया जाता है। लेकिन, महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले से एक ऐसी अनोखी शादी सामने आई है, जिसने रिटर्न गिफ्ट की परिभाषा ही बदल दी। यहां दूल्हे और उसके परिवार ने शादी में आए मेहमानों और पूरे गांव को एक ऐसा नायाब और अनमोल तोहफा दिया है, जिसकी कीमत करीब 33.60 करोड़ रुपए है। इस अनोखे गिफ्ट की चर्चा अब पूरे देश में हो रही है और इसकी बदौलत हर ग्रामीण के चेहरे पर मुस्कान तैर गई है।

यह अनूठा मामला कंधार तहसील के बहादरपुरा गांव का है। यहां रहने वाले दूल्हे सिद्धेश्वर पेठकर की शादी बीते 20 मई को बड़े ही धूमधाम से आयोजित की गई थी।



### क्या है वो अनोखा तोहफा?

पेठकर परिवार ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर फिजूलखर्ची करने के बजाय दूरगामी सोच दिखाई। उन्होंने बहादरपुरा गांव के सभी 3,465 नागरिकों को एक-एक लाख रुपए का 'सामूहिक दुर्घटना बीमा उपहार में दे डाला। पूरे गांव के हिसाब से इस सामूहिक पॉलिसी की कुल कवर राशि करीब 33.60 करोड़ रुपए बैठती है। इस अनोखे तोहफे का प्रीमियम पेठकर परिवार ने खुद अपनी जेब से भरा है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीणों को पूरे एक साल तक मिलता रहेगा।

# रॉयल स्कूल, जहां 300 नौकरों के साथ आया था पहला छात्र

**जयपुर।** भारत में कई ऐसे ऐतिहासिक शिक्षण संस्थान मौजूद हैं, जिनकी पहचान केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी विरासत और शाही इतिहास भी उन्हें खास बनाता है। इन्हीं में से एक है राजस्थान के अजमेर में स्थित मेयो कॉलेज, जिसे देश के सबसे प्रतिष्ठित बोर्डिंग स्कूलों में गिना जाता है। इस स्कूल को 'ईटन ऑफ द ईस्ट'कहा जाता है, क्योंकि इसका निर्माण इंग्लैंड के मशहूर ईटन कॉलेज की तर्ज पर किया गया था। कभी यह संस्थान खास तौर पर राजघरानों और रियासतों के राजकुमारों की शिक्षा के लिए बनाया गया था।

मेयो कॉलेज अपनी भव्य इमारतों, शानदार कैंपस और अनुशासित शिक्षा प्रणाली के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इसकी स्थापना की शुरुआत ब्रिटिश शासनकाल में हुई थी। बताया जाता है कि 1875 में तत्कालीन वायसराय लॉर्ड मेयो ने इसकी नींव रखी थी। हालांकि, स्कूल का विचार इससे पहले ही तैयार हो चुका था। उस दौर में इसका उद्देश्य भारतीय रियासतों के राजकुमारों को आधुनिक शिक्षा देना था, ताकि वे भविष्य में अपने राज्यों का बेहतर नेतृत्व कर सकें।




### ये है बेहद दिलचस्प कहानी

इस स्कूल की शुरुआत से जुड़ी एक बेहद दिलचस्प कहानी आज भी लोगों को हैरान कर देती है। कहा जाता है कि मेयो कॉलेज में दाखिला लेने वाला पहला छात्र अलवर रियासत का राजकुमार मंगल सिंह था। जब वह यहां पढ़ने पहुंचे, तो अकेले नहीं आए थे। उनके साथ करीब 300 नौकरों और सहायकों का पूरा काफिला भी स्कूल पहुंचा था। यह घटना उस समय की शाही जीवनशैली और राजघरानों की समृद्धि को दर्शाती है। आज भी यह किस्सा मेयो कॉलेज के इतिहास का सबसे चर्चित हिस्सा माना जाता है।

# कैमरे में कैद हुआ सबसे दुर्लभ जीव!

**न्यूयार्क।** धरती के अंदर और महासागरों में अभी ऐसे न जाने कितने राज दफन हैं, जिनकी कल्पना भी इंसानी दिमाग नहीं कर सकता। हाल ही में समंदर की लगभग 5,000 फीट से ज्यादा की गहराई में वैज्ञानिकों के साथ रिमोट कैमरे की स्क्रीन पर अचानक एक ऐसा जीव चमका, जिसे देखकर वैज्ञानिकों की टीम भी हैरान हो गई। गोल्फ बॉल के आकार का यह जीव न सिर्फ बहुत ही छोटा है, बल्कि इसका रंग इतना चमकीला नीला था कि पहली नजर में यह किसी दूसरी दुनिया का हिस्सा लगा।

गैलापागोस आइलैंड्स के पास ई ई/वी नॉटिलस नाम के रिसर्च जहाज पर मौजूद वैज्ञानिकों की टीम गैलापागोस मरीन रिजर्व में समुद्र की गहराई का रिसर्च कर रही थी। इसी दौरान करीब 1,773 मीटर यानी लगभग 5,816 फीट की गहराई में उन्हें यह अनोखा जीव दिखाई दिया। वैज्ञानिकों ने इसे एक नई प्रजाति घोषित करते हुए माइक्रोएलेडोन गैलापार्गेन्सिस नाम दिया है। इस खोज इसलिए खास है, क्योंकि इतनी गहराई में पाए जाने वाले ऑक्टोपस इस रंग के नहीं होते। वीडियो रिकॉर्डिंग में जीव को देखते ही वैज्ञानिक खुश हो उठे और बोले यह तो नीला है! वैज्ञानिकों की टीम ने इस प्रजाति का एक फीमेल ऑक्टोपस का सैंपल सुरक्षित निकाल लिया, वहीं दो अन्य ऑक्टोपस को वीडियो में रिकॉर्ड किया।



### दुनिया में केवल दूसरा मिला हुआ सैंपल

जर्मनी के यूनिवर्सिटी ऑफ बॉन के रिसर्चर अलेक्जेंडर जिग्लर के मुताबिक बिना किसी भारी धातु वाले कंट्रास्ट एजेंट के सॉफ्ट टिश्यूज का इतना साफ स्कैन मिलना टेक्नोलॉजी की भी बड़ी सफलता है। इस रिसर्च के राइटर और एक्सपर्ट डॉ. जेनेट वोइट का कहना है कि सिर्फ प्रशांत महासागर ही हमारी धरती की पूरी जमीन से ज्यादा हिस्से को कवर करता है। इसका हर कोना जीवन से भरा है। यह इस प्रजाति का दुनिया में केवल दूसरा मिला हुआ सैंपल है। ऐसे में यह सोचना लाजमी है कि समुद्र की गहराइयों में अभी और क्या-क्या छिपा है?

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
• नॉर्मल/सिजेरियन डिलीवरी एवं हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी केयर
• मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) क्लीनिक (Pap Smear, Sonography, Colposcopy एवं BSE)
• Adolescent Clinic (माहवारी में तकलीफ/बंद होना)
• बच्चेदानी में गांठ या रसौली, बच्चेदानी के मुंह के कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, स्तन कैंसर आदि की सर्जरी
परामर्श हेतु - सोमवार से शनिवार, समय : 10.00 से 5.00 बजे तक
सभी कार्पोरेट, शासकीय योजनाओं एवं इंश्योरेंस से मान्यता प्राप्त
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
वेदांता समूह का बालको मेडिकल सेंटर आयोजित कर रहा है
निःशुल्क* लेप्रोस्कोपी शल्य चिकित्सा शिविर
5 - 6 जून 2026
पूर्व अपॉइंटमेंट अनिवार्य
शिविर में उपलब्ध प्रमुख सर्जरी:
सभी प्रकार के हर्निया की सर्जरी
पित्ताशय की पथरी की सर्जरी
आमाशय व बड़ी आंत की सर्जरी
गर्भाशय की सर्जरी
अपेंडिक्स की सर्जरी
अन्ननली की सर्जरी
*शर्तें लागू
बालको मेडिकल सेंटर, सेक्टर 36, अटल नगर, उपरवारा, रायपुर, (छ.ग.) - 493661
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें 8282823333/4444

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, : RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail :